4 रायपुर संभाग
पीडीएस चांवल का खेल, माफिया एवं अधिकारी हो रहे...

6 अभिमत
भयानक घटना क्रिसमस बाजार पर हमला

09 छत्तीसगढ़
जिले में लगातार चल रहा अवैध निर्माण, करोड़ों के शासकीय...

10 छत्तीसगढ़
शासन के आदेश को ठेंगा दिखा रहे जिला पंचायत

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 26 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-125 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### आरक्षक भर्ती प्रक्रिया स्थगित

**रायपुर।** राज्य सरकार ने राजनांदगांव में 600 आरक्षक की भर्ती प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने भर्ती में गड़बड़ी की गंभीर शिकायतों के बाद पूरी प्रक्रिया को रोकने के आदेश दिए हैं। इस मामले में अब तक 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और एक संदेही आरक्षक ने बीते दिनों खुदकुशी कर ली थी। उल्लेखनीय हैं कि इस मामले में प्राथमिक जांच के बाद आरक्षक सहित कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें चार आरक्षकों में परिधि निषाद, योगेश कुमार धुर्वे, पवन कुमार साहू, नोटेश्वरी धुर्वे हैं, जो छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक हैं। इन्हें पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अलावा दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

### डेका ने वाजपेयी को जयंती पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राज्यपाल रमेन डेका ने



उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राजभवन में रक्त दान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। साथ ही अटल बिहारी बाजपेयी की कविताओं का काव्य पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थी।

### ईपीएफओ ने अक्टूबर में 13.41 लाख सदस्य जोड़े

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इस वर्ष के अक्टूबर में 13.41 लाख सदस्य जोड़े हैं।



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने यहां बताया कि इसी अवधि में 18-25 आयु वर्ग के जोड़े गए कुल नए सदस्यों की संख्या 5.43 लाख है। इसी महीने के दौरान जोड़े गए नए सदस्यों में से लगभग 2.09 लाख नयी महिला सदस्य हैं। यह आंकड़ा अक्टूबर 2023 की तुलना में 2.12 प्रतिशत अधिक है।

### आप पार्षद प्रियंका समर्थकों के साथ भाजपा में हुयीं शामिल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की अनुसूचित जाति एवं जनजाति इकाई के दिल्ली प्रदेश की उपाध्यक्ष एवं कोंडली विधानसभा के वार्ड संख्या 194 की पार्षद प्रियंका गौतम भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गयी। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रियंका सहित काफी संख्या में उनके कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता हर्ष मल्होत्रा ने पार्टी का पट्टा पहना कर गौतम को पार्टी की सदस्यता दिलायी।

# छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा : मुख्यमंत्री विष्णुदेव

पायनियर संवाददाता < जशपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर के सराईटोली में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर आयोजित अटल सुशासन चौपाल में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल को छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से नमन किया। मुख्यमंत्री ने देश के निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप मनाया जाएगा। इस दौरान अधोसंरचना विकास के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ उनकी ही देन है। उन्होंने कहा कि अटल हमेशा अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर अडिग रहते थे। पूरे प्रदेश में उनकी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अटल का मानना था कि छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा तो इस क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। यहां के निवासियों और जनजातियों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे। उनकी प्रगति को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार समृद्ध और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के स्वप्न को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में लगातार मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम राज्य सरकार कर रही है। 3100 रूपए प्रति क्विंटल एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना में 70 लाख माताओं-बहनों को हर माह एक हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। रामलला दर्शन योजना के साथ अब तीर्थ यात्रा योजना भी जल्द शुरू की जाएगी। तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक की दर 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दी गई है।सीजीपीएससी घोटाले की जांच सीबीआई ने शुरू कर दी है। इसमें लिप्त लोगों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इससे छात्रों का भरोसा सीजीपीएससी पर फिर से लौटा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया जा रहा है।



### साय ने जशपुर जिले के सलियाटोली में 726.27 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर जशपुर जिले के विकास के लिए कई बड़ी सौगाते दीं। मुख्यमंत्री ने कुनकुरी अंचल के ग्राम सलियाटोली में आयोजित कार्यक्रम में 726 करोड़ 27 लाख रूपए की लागत के 172 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जिनमें 65 करोड़ 94 लाख रूपए की लागत के 50 कार्यों का लोकार्पण और 660 करोड़ 33 लाख रूपए की लागत के 122 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने शासन के विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री एवं उपकरण प्रदान किए। मुख्यमंत्री साय ने 660.33 करोड़ रूपए की लागत के जिन 122 कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें जशपुर विधानसभा के 58.83 करोड़ रूपये की लागत के 21 कार्य, कुनकुरी विधानसभा में 498.01 करोड़ रूपये की लागत के 58 कार्य, पत्थलगांव विधानसभा में 103.48 करोड़ रूपये की लागत के 43 कार्य शामिल हैं। भूमिपूजन होने वाले कार्यों में मुख्य रूप से जशपुर में प्रयास आवासीय विद्यालय, बगीचा में नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज, कुनकुरी में रिक्रिएशन पार्क, जिला कार्यालय जशपुर के द्वितीय तल, 15 धान उपार्जन केन्द्रों में अधोसंरचना-गोदाम, सलिहाटोली में इंडोर जिम, बगीचा में बैडमिंटन कोर्ट, कुनकुरी में अमृत मिशन 2.0 के विभिन्न कार्य शामिल है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री साय ने 65.94 करोड़ की लागत के जिन नवनिर्मित 50 कार्यों का लोकार्पण किया, उनमें जशपुर विधानसभा में लगभग 27.76 करोड़ लागत के 26 कार्य, कुनकुरी विधानसभा में 5.65 करोड़ लागत के 12 कार्य और पत्थलगांव विधानसभा में 32.51 करोड़ लागत के 12 कार्य शामिल है। लोकार्पित होने वाले कार्यों में मुख्य रूप से पोंगरों एनीकट हाइड्रो पावर आधारित पम्पिंग योजना, 4 प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास भवन, 6 स्टाप डेम, सेन्द्रीमुण्डा में नवीन आदिवासी कन्या आश्रम, नारायणपुर में हाई स्कूल भवन शामिल है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया

पायनियर संवाददाता < खजुराहो
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर खजुराहो में देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। मोदी ने यहां आयोजित भव्य कार्यक्रम में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करने के साथ ही खंडवा जिले की ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की स्मृति में डॉक टिकट और सिक्का भी जारी किया। देश की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना देने वाले वाजपेयी की जयंती पर यह परियोजनाएं मध्यप्रदेश के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही हैं। मोदी ने मंच पर ही केन और बेतवा नदी के जल से भरे कलशों से जल को प्रवाहित कर केन बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। दो प्रमुख नदियों केन और बेतवा को आपस में जोड़ने से संबंधित केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## हार देख काल्पनिक योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं केजरीवाल : भाजपा

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से घोषित महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना को लेकर प्रदेश सरकार और आप पर हमला बोला है और कहा है कि केजरीवाल आगामी विधानसभा चुनाव में हार दिखाई देने के कारण ऐसी योजनाओं की घोषणा करनी शुरू की, जो केवल काल्पनिक योजाए हैं, धरातल पर वो कहीं नही हैं। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित किया और केजरीवाल तथा प्रदेश सरकार पर हमला बोला और कहा कि जनता की निगाह में ये राजनीतिक घोखाधड़ी के दोषी हैं। संवाददाता सम्मेलन को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अभय वर्मा और मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने सम्बोधित किया और कहा आज आम आदमी पार्टी उसी तरह बिलबिला रही है, जैसे कोई गलत काम या चोरी करते पकड़े जाने पर पर लोग बिलबिलाते हैं।

## नक्सलवाद और विघटनकारी हिंसा से निपटने में सीआरपीएफ की भूमिका प्रशंसनीय : शाह

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों में नक्सलवादी हिंसा और उग्रवाद एवं आतंकवाद से निपटने में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की भूमिका की सराहना की। शाह ने सीआरपीएफ के कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित किए जाने का सुझाव दिया ताकि भाषाई एकता मजबूत हो। उन्होंने जवानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अन्न और आयुर्वेद के उपयोग की भी सिफारिश की। वह राजधानी में सीआरपीएफ के मुख्यालय जा कर बल के काम काज की समीक्षा कर रहे थे। गृह मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार शाह ने बल के मुख्यालय पर वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और इसके परिचालन और प्रशासनिक प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा की। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव सहित गृह मंत्रालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बयान में कहा गया है कि बल के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने गृह मंत्री को संगठन में अनुकम्पा आधारित नियुक्तियों सहित बल के शहीद जवानों के परिवारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद से निपटने, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू -कश्मीर में शांति और स्थिरता बहाल करने में इस केंद्रीय पुलिस बल ने सराहनीय कार्य किया है। विज्ञप्ति के मुताबिक अमित शाह ने भाषाई एकता को मजबूत करने के लिए बल के दैनिक कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

## राजनांदगांव के भर्ती घोटाले में गृह मंत्री अपने पद से इस्तीफा दे : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव आरक्षक भर्ती प्रक्रिया को सिर्फ रदद करना पर्याप्त नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि इस मामले की सीबीआई जांच के साथ राजनांदगांव के आरक्षक भर्ती घोटाला के लिये नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा इस्तीफा दे। पुलिस विभाग में भर्ती घोटाला हुआ है और पुलिस के ही अधिकारी एसआईटी के माध्यम से जांच करेंगे। विभाग के मंत्री गृह मंत्री जांच के आदेश दे रहे कैसे न्याय होगा जो लोग दोषी है वही जांच भी करेंगे। यह विष्णु के सुशासन में ही संभव है कि आरोपी अपनी जांच खुद करेगा। इस मामले में संलिप्त ठेका कंपनी को तत्काल ब्लेक लिस्टेड किया जाए तथा मामले में आत्महत्या किये सिपाही की मौत के मामले की भी अलग से न्यायिक जांच करवाया जाना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है, नौकरी के नाम पर वसूली के शिकायतों की बाढ़ आ गई है। सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में नौकरियां बेचने वाले गिरोह फल फूल रहे हैं। भाजपा की सरकार में चयनित अभ्यर्थियों की सूची तो जारी होती है, लेकिन प्रक्रिया के दौरान परिणाम के अंक छिपाये जाते हैं, एस आई भर्ती इसका उदाहरण है। पुलिस भर्ती, फॉरेस्ट गार्ड, प्रयोगशाला परिचारक में नौकरी लगवाने के नाम पर अनेकों काउंटर खुल गए हैं। मंत्रालय और संचालनालय तक में खुलेआम बोली लगाई जा रही है। रिमोट से संचालित इस सरकार में युवाओं के सरकारी नौकरी के रोजगार के अवसर को बेचा जा रहा है।




#### हम कृषि और कृषि विकास पर उतना ध्यान नहीं दे पाए हैं जितना हमें देना चाहिए था

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में बदलाव की आवश्यकता : धनखड़

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कृषि और कृषि विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। धनखड़ ने तेलंगाना के मेडक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम प्राकृतिक एवं जैविक किसान सम्मेलन - 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि आईसीएआर के संस्थानों के आत्म-आकलन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि और कृषि विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, हम कृषि और कृषि विकास पर उतना ध्यान नहीं दे पाए हैं जितना हमें देना चाहिए था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में कुछ बदलाव आए हैं, लेकिन उनके बजट पर ध्यान दें। यहां 5000 वैज्ञानिक हैं। करीब 25,000 लोग कार्यरत हैं। बजट 8,000 करोड़ से अधिक है। हम अनुसंधान किसके लिए कर रहे हैं? हम किसके जीवन को बदलने की कोशिश कर रहे हैं? क्या उनके जीवन में कोई बदलाव आ रहा है? अब समय आ गया है इन संस्थाओं का आकलन करने का, और किसी संस्था का आकलन करने का सबसे अच्छा तरीका आत्म-आकलन है। धनखड़ ने कहा कि हर संस्था को यह संकल्प लेना चाहिए कि किसान को राहत देने वाले कार्य करेंगे और किसानों को जागरूक करेंगे। अगर इन संस्थाओं में प्रतिदिन 100 किसान भी आते हैं, तो एक बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं में कार्यरत लोगों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और ऐसी संस्थाओं को एकलव्य ग्रामीण किसान की भलाई के लिए ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और उर्वरक सब्सिडी का उल्लेख करते हुए धनखड़ ने कहा, हम किसानों की मदद करते हैं। साल में तीन बार किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त करते हैं। इसमें बदलाव की आवश्यकता है क्योंकि यह स्थिर है, लेकिन अर्थव्यवस्था में महंगाई है। हमें उर्वरक और सब्सिडी के बारे में सोचना होगा। क्या यह सब्सिडी सही तरीके से किसान तक पहुँच रही है? उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं और कृषि विज्ञान केंद्रों को एक ऐसा फार्मूला तैयार करना चाहिए जिससे सब्सिडी सीधे किसान तक पहुंचे। राष्ट्र की प्रगति को रोकने के लिए विभिन्न मुकदमों और विरोध आंदोलनों का जिक्र करते हुए धनखड़ ने कहा कि कुछ लोग दुनिया में और हमारे देश में ऐसे हैं जो हमारी प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। अवैध तरीकों का सहारा लिया जा रहा है।

# मारवाड़ी समाज ने राजस्थान का विश्व में बढ़ाया मान : देवनानी

एजेंसी < कोलकाता/जयपुर
www.dailypioneer.com




राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि मारवाड़ी सिर्फ एक समाज और पहचान ही नहीं बल्कि समृद्ध विरासत, भारतीय संस्कृति, संस्कार और परंपराओं को सहेजे हुए है और इस समाज ने राजस्थान का विश्व में मान बढ़ाया है। देवनानी कोलकाता के जी.डी.बिड़ला सभागार में आयोजित अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के 90वें स्थापना दिवस समारोह में देश-विदेश में राजस्थान का मान बढ़ा रहे प्रवासी बंधुओं से संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मारवाड़ी जहाँ भी जाते है, वहाँ अग्रणी रहकर सभी को साथ लेकर प्रगति में भागीदारी निभाते हैं। राजस्थान प्रदेश के लोगों ने दूसरे प्रदेशों में जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाया है और वे अपने उद्योगों के बल पर नौकरी देने वाले बने हैं। देवनानी ने स्नेह और सम्मान देने के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि राजस्थान के लोगों ने देश के हर प्रदेश में और विदेश में अपनी मेहनत से अपना बेहतर स्थान बनाया है।राजस्थान के लोग अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं जिससे उनकी पहचान बन रही है और प्रदेश का नाम भी रोशन हो रहा है। इस अवसर पर सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया, सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम शर्मा, पद्मश्री प्रहलाद राय अगरवाला, नंदलाल रुंगटा, हरिप्रसाद कनोडिया, राम अवतार पोद्दार, संतोष सर्राफ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी सहित बड़ी संख्या में मारवाड़ी बंधु मौजूद थे।

देवनानी ने कोलकाता प्रवास के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति द्वारा कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बॉस रोड पर निर्धनो को कंबल वितरण किये। उन्होंने तेरापंथ भवन में जैन मुनि जिनेश कुमार का आशीर्वाद लिया।

## डॉ. यादव ने महामना पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक 'भारत रत्न' पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा जगत की समृद्धि से राष्ट्र उत्थान के लिए समर्पित महामना का व्यक्तित्व और कृतित्व अविस्मरणीय है। माँ भारती की सेवा में अमूल्य योगदान देने वाले पं. मदन मोहन मालवीय का देश सदैव ऋणी रहेगा।

## सुक्खू ने वाजपेयी की जयंती पर उन्हें किया नमन



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। सुक्खू ने रिज मैदान पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# सैनी ने अधिकारियों को सुशासन का दिया संदेश

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरूग्राम में भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 'सुशासन दिवस' पर अधिकारियों को जन सेवा के माध्यम से सुशासन का संदेश दिया। सैनी ने सरकारी सेवकों को कहा कि हम जब अंत्योदय की बात करते हैं तो हमारे कार्य में संवेदनशीलता होनी चाहिए, जिस भी कुर्सी पर हम बैठे हैं, वह एक मौका हमें ईश्वर ने दिया है कि हम अंत्योदय के उत्थान की सोचें। इसलिए हमेशा ध्यान रखना है कि जब भी कोई व्यक्ति हमारे दफ्तर में आता है, हमसे मिलता है और अपनी समस्या रखता है तो उसे संवेदनशीलता से समझें। उसका दिया हुआ कागज, दरखास्त, वह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि उसके दर्द का निचोड़ है, इसलिए उस कागज के पीछे की कहानी को समझें और जिस दिन हम उस कहानी को समझ पाए, तो मान लेना हम अपने सुशासन के प्रयास में सफल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हरियाणा प्रदेश को ऐसा बनाएंगे, जहां विकास समावेशी होगा, जहां नागरिक को अपनी क्षमताओं को पहचानने और निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने अनेक निर्णय लेकर जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। घर बैठे सुविधाओं का लाभ नागरिकों को मिल रहा है, यही सुशासन का सबसे बड़ा मंत्र है।

# श्रेयस मीडिया ने महाकुंभ 2025 के एडवरटाइजिंग राइट्स हासिल किए

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



श्रेयस मीडिया (आध्याश्री इंफोटेनमेंट की एक शाखा), भारत की प्रमुख सेल्स और मार्केटिंग कंपनी, ने घोषणा करते हुए बताया कि उसने महाकुंभ मेला 2025 के लिए विशेष एडवरटाइजिंग राइट्स हासिल कर लिए हैं। यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा। इसके साथ ही, कंपनी ने वेंडिंग जोन, एंटरटेनमेंट जोन और फूड कोर्ट जैसी कई अन्य गतिविधियों के राइट्स भी हासिल किए हैं। भारतीय कंपनियां इस 45-दिवसीय महाकुंभ मेले में ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये खर्च करने वाली हैं, क्योंकि ब्रांड इस 12 वर्षों में एक बार होने वाले बड़े आयोजन में विशाल अवसर देख रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 6,300 करोड़ रुपये के बजट के साथ आयोजित, महाकुंभ मेला 2025 में दुनिया भर से 500 मिलियन से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला यह आयोजन अब तक का सबसे भव्य कुम्भ मेला होगा। आध्याश्री इंफोटेनमेंट की शाखा श्रेयस मीडिया, जिसने मीडिया और इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र में लगातार इनोवेशन और बाजार की गतिशीलता की गहरी समझ के जरिए क्रांति लाई, अपने फाउंडर और चेयरमैन जी. श्रीनिवास राव के दूरदर्शी नेतृत्व में ब्रांड्स को अधिकतम दृश्यता प्रदान करने के लिए अनुभव और विशेषज्ञता का उपयोग करेगी। श्रीनिवास राव, फाउंडर और चेयरमैन, श्रेयस गुप ने कहा, महाकुंभ मेला 2025 आध्यात्मिकता और वाणिज्य को एकजुट करने वाला एक अद्वितीय आयोजन है। हम अपने विशेषज्ञता को मेले के पैमाने के साथ मिलाकर ब्रांड्स को एक विशाल और विविध दर्शकों के साथ जुड़ने का अद्वितीय अवसर प्रदान करेंगे। हमारा काम केवल विज्ञापन तक सीमित नहीं है; हम अपने पार्टनर्स के लिए विसिबिलिटी, एंगेजमेंट और रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट को अधिकतम करने के लिए स्टार्टेजी प्रदान करते हैं। श्रेयस मीडिया महाकुंभ में प्रभावशाली विज्ञापन अवसर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें स्ट्रेटेजिक रूप से प्लेस किए गए होर्डिंग्स, गैन्ट्री बॉक्स, वॉच/मीडिया टावर, करंट पोल ब्रांडिंग, चार्जिंग स्टेशन, स्काई बैलून आदि शामिल हैं।

## नैनीताल में बस खाई में गिरी, तीन मरे, 24 घायल

**नैनीताल।** उत्तराखंड के भीमताल में सड़क परिवहन निगम की बस दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि 24 अन्य लोग घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोडवेज की बस दिन में पिथौरागढ़ से हल्द्वानी जा रही थी। बताया जा रहा है कि बस 20 से 25 लोग सवार थे। भीमताल-हल्द्वानी मार्ग पर सलड़ी आमडाली के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि 24 यात्री घायल हो गए हैं। गंभीर घायलों को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा जा रहा है। राज्य आपदा न्यूनीकरण बल की दो टीमें और भीमताल पुलिस मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी है। इस दुर्घटना में बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस दुर्घटना पर दुख जताया है और सभी यात्रियों की कुशलता की कामना की है।

# इस वर्ष ईसाइयों के खिलाफ हिंसा के 745 मामले : यूसीएफ

एजेंसी < चंडीगढ
www.dailypioneer.com

ईसाइयों के खिलाफ हिंसा के मामलों में पिछले एक दशक से लगातार वृद्धि हो रही है और इस साल ऐसे 745 मामले दर्ज हुए हैं। यूनाइटेड क्रिस्चियन फोरम (यूसीएफ) की ओर से यहाँ जारी एक बयान के अनुसार यूसीएफ हेल्पलाइन पर इस साल नवम्बर तक देश में ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की 745 शिकायतें मिलीं। पिछले वर्ष यह संख्या 734 थी और 2022 में 601 थी. वर्ष 2014 में यह संख्या 127 थी। संस्था के अनुसार यह संख्या सिर्फ हेल्पलाइन नंबर पर मिली शिकायतों पर आधारित है. वास्तविक संख्या ज़्यादा हो सकती है। इसके अलावा हिंसाग्रस्त मणिपुर में गिरजाघरों या लोगों पर हमलों की घटनाओं को इस साल भी इसमें शामिल नहीं किया गया है। संस्था ने देश में ईसाई समुदाय के खिलाफ बढती हिंसा को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार से केन्द्रीय सचिव के नेतृत्व में देशव्यापी जांच की माँग की। यूसीएफके अनुसार पीपल्स यूनियन ऑफ़सिविल लिबर्टीज की एक रिपोर्ट कहती है कि अल्पसंख्यकों पर हमलों के मामले में स्थानीय पुलिस हिंसा करने वालों के साथ मिली होती है या अनदेखी करती है। इसके अलावा ईसाइयों के संवैधानिक अधिकार कम हो रहे हैं. एंग्लो इंडियन समुदाय को आरक्षण से वंचित कर संसद और विधान सभाओं में प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के राष्ट्रीय आयोग में ईसाई समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं है। लगभग यही हाल प्रदेशों की अल्पसंख्यक संस्थाओं का है। यूसीएफ के अनुसार ईसाइयों के खिलाफ हिंसा के मामले में एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और उस पर 2022 में आंशिक सुनवाई के बाद सुनवाई नहीं हुई।

# एपीजे हाउस पार्क स्ट्रीट क्रिसमस उत्सव का केंद्र बना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 'सिटी ऑफ जॉयज़ क्रिसमस एवेन्यू' के नाम से मशहूर एपीजे हाउस पार्क स्ट्रीट क्रिसमस उत्सव का केंद्र बना हुआ है। कोलकाता शहर में समारोह स्थल पर हजारों आगंतुक आते हैं। इन उत्सवों के केंद्र में एपीजे हाउस प्रमुख है, जो एक ऐतिहासिक इमारत है। इमारत को क्रिसमस पर आगुन्तकों के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। एपीजे हाउस में इस क्रिसमस पर 30 फीट लंबा क्रिसमस ट्री, जो चमकदार रोशनी और आभूषणों से सुसज्जित है, एक चार फीट का सितारा और उस पर चमकता हुआ ताज से सजाया गया है। एपीजे रियल एस्टेट के सीईओ शौविक ने कहा मंडल ने कहा, 30 फुट ऊंचे शाही क्रिसमसस्ट्री को 12 लोगों ने पांच दिनों में बनाया है। उल्लेखनीय है कि पार्क स्ट्रीट पर क्रिसमस समारोह का इतिहास 20वीं सदी की शुरुआत से जुड़ा है जब यह हलचल भरी सड़क ब्रिटिश युग के उत्सवों का केंद्र बन गई थी। दशकों से, बंगाल की समावेशी संस्कृति के साथ औपनिवेशिक प्रभावों को मिलाकर यह परंपरा विकसित हुई है।

## आजमगढ-मदार उर्स मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा उर्स मेला 2025 पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए आजमगढ-मदार (अजमेर) - आजमगढ उर्स मेला स्पेशल ट्रेन ( एक ट्रिप) का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 05105, आजमगढ-मदार (अजमेर) उर्स मेला स्पेशल आजमगढ से आगामी तीन जनवरी को 15.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 20.00 बजे मदार (अजमेर) पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 05106, मदार (अजमेर) - आजमगढ उर्स मेला स्पेशल मदार (अजमेर) से सात जनवरी को 21.25 बजे रवाना होकर अगले दिन 23.15 बजे आजमगढ पहुँचेगी। मार्ग में यह रेलसेवा मुहम्मदाबाद, मऊ,भटनी, देवरिया सदर,गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती,बभनान, मनकापुर,गोंडा, बुढवल, सीतापुर, मुरादाबाद, दिल्ली, रेवाडी,रींगस,फुलेरा एवं किशनगढ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में एक सेकण्ड एसी, तीन थर्ड एसी, 14 द्वितीय शयनयान, दो साधारण श्रेणी एवं दो गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

## सांताक्लॉज के साथ झूमें बाल कैंसर रोगी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में बाल कैंसर रोगियों के लिए क्रिसमस डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान जब लाल ड्रेस पहनकर सान्ताक्लॉज बच्चों के बीच आए तो सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई।



कैंसर केयर (महिला प्रकोष्ठ) और ड्रीम्ज़ फाउंडेशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई। समारोह की मुख्य अतिथि कैंसर केयर संरक्षिका सुनीता गहलोत ने कहा कि ये सभी बच्चे फाइटर है। इनमें कुछ बच्चे कैंसर की जंग जीत चुके है और कुछ की जंग अभी जारी है। हमें इन बच्चों से सीखना चाहिए कि किस तरह जीवन में हर हाल में खुश रहे। इस दौरान सुनीता गहलोत की संगीतमय प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। चिकित्सालय की वरिष्ठ उपाध्यक्षा अनिला कोठारी के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में सांताक्लॉज ने बच्चों को ना सिर्फ उपहार और चॉकलेट दिए बल्कि उन्हें कई तरह के गेम्स भी खिलाए।

# केंद्र को किसानों की मांगों पर ध्यान देना चाहिए : औजला

एजेंसी < अमृतसर
www.dailypioneer.com



पंजाब में अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजल ने खनौरी बार्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की। डल्लेवाल पिछले 30 दिन से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी कानून की मांग के लिए अनशन पर बैठे हैं। सांसद औजला ने कहा कि केंद्र को जल्द से जल्द किसानों की मांगों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होने किसान नेता डल्लेवाल से मुलाकात कर कहा, वह अरदास करते हैं कि परमात्मा केंद्र सरकार को समझ दे कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से लें और डल्लेवाल जी का आमरण अनशन खत्म करवाए। औजला ने कहा कि किसान अपने हकों के साथ - साथ पंजाब के भी हक की बात कर रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार कानों में रूई डालकर बैठी है। उन्होने कहा कि भाजपा सिर्फ अपने तानाशाह रवैए को ठीक समझ रही है और देश को अपना जागीर समझ रही है। उन्होंने कहा कि डल्लेवाल पिछले तीस दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं। लगातार उनकी सेहत बिगड़ रही है लेकिन केंद्र के किसी भी मंत्री ने उनका हाल जानने की कोशिश नहीं की। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर बात करने के लिए समय मांगा लेकिन नहीं मिला। अब फिर से वह केंद्र के समक्ष आवाज उठाने के लिए समय मांगेंगे। वहीं जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि पंजाब के सुनहरे भविष्य के लिए एमएसपी बेहद जरुरी है। सरकार चाहती है कि पंजाब में विविधता आए लेकिन एमएसपी के बिना विविधता नहीं आ सकती। उन्होंने कहा कि विविधता के बिना पंजाब का पानी नहीं बच सकता।

# पंजाब में मछली पालन के क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाएगा : शेखर

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के सहकारिता अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर ने कहा कि राज्य सरकार मौजूदा प्राइमरी कृषि सहकारी सभाओं (पैक्स) के सशक्तिकरण और नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं (एम-पैक्स) की स्थापना के माध्यम से मछली पालन के क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगी। पंजाब भवन में आयोजित 'सहकारिता सम्मेलन पंजाब' के दौरान आलोक शेखर ने डेयरी आधारित सहकारी समितियों की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने सहकारी सभाओं की मदद से मछली पालन को बढ़ावा देने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए राज्य में तालाबों के व्यापक नेटवर्क के पुनर्जीवन की आवश्यकता पर जोर दिया। यह सम्मेलन प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं को सशक्त बनाने और नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं की स्थापना के लिए देशव्यापी पहल का हिस्सा था। शेखर ने कहा कि पंजाब में लगभग 13,000 गाँव हैं, जिनमें करीब 18,000 तालाब हैं, जो मछली पालन की व्यापक संभावनाएँ रखते हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई तालाब समय के साथ सूख चुके हैं, जिन्हें पुनर्जीवित करने के लिए तत्काल प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन तालाबों के पुनर्जीवित होने से न केवल मछली पालन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में भी योगदान मिलेगा। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए शेखर ने मौजूदा प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं (पैक्स) को प्रोत्साहित करने और नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये सभाएँ मछली फार्मों की स्थापना, उत्पादों के विपणन और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। एक प्राइमरी कृषि सहकारी सभा के प्रतिनिधि किसान के सुझाव का स्वागत करते हुए, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं के सदस्यों और अन्य हितधारकों के साथ लगातार इस प्रकार के सत्र आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में अब तक 5 लाख 47 हजार से अधिक लोगों ने लिया लाभ




**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेशभर में राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर शुरू किए गए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में अब तक पांच लाख 47 हजार से अधिक लोगों ने लाभ लिया। इस दौरान इन लोगों ने स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं परामर्श लिया है। अभियान के तहत प्रथम चरण में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर विशेष स्वास्थ्य जांच व उपचार के सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि अब तक 1402 शिविर आयोजित किए गए हैं। इनमें 2 लाख 21 हजार से अधिक व्यक्तियों की डायबिटीज और ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग, एक लाख 23 हजार से अधिक व्यक्तियों की ओरल, 54 हजार की ब्रेस्ट एवं 25 हजार से अधिक की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई है। स्क्रीनिंग में 3 हजार से अधिक व्यक्तियों में कैंसर रोग की संभावना पाई गई है। इसी प्रकार करीब 63 हजार की ईएनटी जांच की गई।

# भोपाल रेल मंडल से होकर जाएगी तीन कुंभ मेला विशेष ट्रेन

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम, सुरक्षित तथा आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंदौर-प्रयागराज, बेंगलुरु-प्रयागराज और मुंबई सेंट्रल-प्रयागराज कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। यह ट्रेनें भोपाल रेल मंडल के स्टेशनों पर ठहराव लेकर अपने गंतव्य को जाएंगी। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने आज बताया कि गाड़ी संख्या 09333 इंदौर-प्रयागराज कुंभ मेला विशेष ट्रेन 26 दिसंबर को इंदौर स्टेशन से रात्रि 22.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02.40 बजे संत हिरदाराम नगर, 06.00 बजे बीना और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए शाम 17.00 बजे प्रयागराज स्टेशन पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में देवास, उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जंक्शन, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना और मानिकपुर जंक्शन पर रुकेगी। इस विशेष ट्रेन में 16 स्लीपर डिब्बे, 04 सामान्य श्रेणी के डिब्बे और 02 एसएलआरडी डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। इसीप्रकार गाड़ी संख्या 06577 बेंगलुरु-प्रयागराज कुंभ मेला विशेष ट्रेन 26 दिसंबर को बेंगलुरु स्टेशन से रात्रि 23.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 03.20 बजे इटारसी स्टेशन और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए दोपहर 13.30 बजे प्रयागराज स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी कृष्णराजपुरम, बंगारपेट जंक्शन, जोलारपेट्टई जंक्शन, काटपाड़ी जंक्शन, रेणिगुंटा जंक्शन, गुडूर जंक्शन, विजयवाड़ा जंक्शन, वारंगल, बल्हारशाह, नागपुर जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन और मानिकपुर जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी। इस विशेष ट्रेन में 15 स्लीपर डिब्बे, 03 सामान्य श्रेणी के डिब्बे और 02 एसएलआरडी डिब्बे सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। इसीतरह गाड़ी संख्या 09013 मुंबई सेंट्रल-प्रयागराज कुंभ मेला विशेष ट्रेन 26 दिसंबर को मुंबई सेंट्रल स्टेशन से प्रातः 11.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 01.40 बजे संत हिरदाराम नगर, 04.30 बजे बीना और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए शाम 16.30 बजे प्रयागराज स्टेशन पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में बोरिवली, पालघर, वापी, वलसाड, उधना जंक्शन, भरूच जंक्शन, वडोदरा जंक्शन, गोधरा जंक्शन, दाहोद, रतलाम जंक्शन, नागदा जंक्शन, उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जंक्शन, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

## अधोसंरचना निर्माण कार्य के चलते जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस रहेगी निरस्त

रेलवे ने उतर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में जयपुर-सवाई माधोपुर खंड में अधोसंरचना निर्माण कार्य के चलते जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को निरस्त करने का निर्णय लिया है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि उतर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में जयपुर-सवाई माधोपुर खंड में सिरासी-वनस्थली निवाई स्टेशनों के मध्य अधोसंरचना निर्माण कार्य के चलते जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बतया कि गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 12 जनवरी को निरस्त रहेगी। जबकि गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 13 जनवरी को निरस्त रहेगी। उन्होंने कहा कि रेल यात्री असुविधा से बचने के लिए रेलवे की अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर ही अपनी यात्रा प्रारंभ करें।

## सूरजमल के बलिदान दिवस पर शौर्य यात्रा व मैराथन दौड़

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के संस्थापक महाराजा सूरजमल के 261 वें बलिदान दिवस पर शहर में शौर्य यात्रा, मैराथन दौड़ एवं कलाकारों द्वारा सामुहिक प्रस्तुति के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित कर अजेय योद्धा को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित शोभा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों, लोक कलाकारों ने भाग लिया, शौर्य यात्रा का स्थानीय संगठनों एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया। इस अवसर पर किला स्थित महाराजा सूरजमल स्मारक पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शिरोमणी अजेय योद्धा को नमन किया।

## 'ग्रामीण घरों में हर घर जल आपूर्ति देने वाला देश का पांचवां राज्य बना पंजाब'




**चंडीगढ़।** पंजाब के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता के तहत, जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग ने वर्ष 2024 में ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने में उल्लेखनीय लक्ष्य हासिल किए हैं। विभाग की वर्षभर की उपलब्धियों का खुलासा करते हुए जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि 'हर घर जल' के तहत पंजाब 100 प्रतिशत ग्रामीण घरों को पाइप के जरिए जल आपूर्ति देने वाला देश का पांचवां राज्य बन गया है। जल गुणवत्ता और पानी की कमी की समस्याओं को हल करने के लिए 2174 करोड़ रुपये की लागत से 1706 गांवों को कवर करने वाले 15 बड़े नहरी जल परियोजनाएं चल रहे हैं। इन परियोजनाओं से लगभग 25 लाख की आबादी और चार लाख परिवार लाभान्वित होंगे।

# किरंदुल में भाजपाइयों ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल के कार्यकर्ताओं ने 25 दिसंबर बुधवार दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मेंन मार्केट चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं ने भारत माता एवं अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प माला अर्पण करके अटल बिहारी वाजपेई अमर रहे का नारे लगाए।इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर तिलक लगाया पूजन किया फल एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया।भाजपाइयों ने अटल के सपनों का भारत निर्माण का संकल्प लिया। उनके विभिन्न योजनाओ के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस दौरान नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी कार्यक्रम के मंडल प्रभारी संजीव दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन का पूर्ण श्रेय स्व अटल बिहारी वाजपेई को जाता है।उन्होंने भाजपा की नींव रख आजीवन उसका विस्तार किया,करोड़ों कार्यकर्ताओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया, उनके नेतृत्व ने ही पोखरण परीक्षण और करगिल विजय से विश्वपटल पर एक मजबूत भारत की नींव रखी।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह चौहान कार्यक्रम सह प्रभारी सुनील गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पर हम सभी गर्व करते हैं। उनके विभिन्न जनकल्याणकारी योजना जन-जन तक पहुंच रहा है।आज के दिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में जितने भी नगरीय निकाय हैं, जितने भी नगर परिषद हैं और जितने नगर पंचायत हैं, उन सभी जगह पर अटल परिसर का निर्माण करने की घोषणा की है यह बहुत खुशी की बात है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी कार्यक्रम के मंडल प्रभारी संजीव दास सह प्रभारी सुनील गुप्ता मुख्य वक्ता राजेंद्र सिंह चौहान रविंद्र सोनी शैलेंद्र सिंह दिनानाथ ठाकुर तपन दास विक्रम नाहक राजकुमार सोनी अतुल सिंह सागर साहा मनोज छालीवाल नजमूल हक़ आर सी नाहक जितेन्द्र गुप्ता हीरालाल पटेल आर एन त्रिपाठी रणवीर सिंह चौहान सदानंद साहू नरेश विश्वास शालिनी कर्मा भावना सक्सेना मीणा मांडवी कमल साहू सुनीता साहू प्रेमशिला मिश्रा अनीता वर्मा बबीता गिरी यादला अंकम्मा सरस्वती डहरिया राजेश वैपरल मोहित धवन जोशना सवाई अंजली शर्मा कमला साहू निमाई पाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बांसला के जंगलों में भालू और तेंदुए का खौफ

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



बांसला क्षेत्र में तेंदुए की मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पिछले दो- सप्ताह से गांव के आसपास जंगल के निकट तेंदुए और भालू को घूमते हुए देखा तो ग्रामीणों के होश उड़ गए हैं। जंगली जानवरों की मौजूदगी से भयभीत हुए लोगों ने सुरक्षा की मांग की है। सर्द मौसम में भालू और तेंदुए देखने के बाद ग्रामीणों को डर सताने लगा है। अंधेरे में जंगल के नजदीक से होकर गुजरने वाले लोगों में दहशत बरकरार है। जंगल के साथ सटे रिहायशी इलाकों के ग्रामीणों को उनकी सुरक्षा के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी मोहन नेताम ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि विगत दो सप्ताह से जंगली जानवरों को देखा जा रहा है। वन विभाग की टीम पेट्रोलिग करने लगी हैं ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा जंगली जानवर हैं घूमेंगे ही इन्हें पकड़ कर नहीं रख सकते।

**कई पालतू पशुओं को बना चुका है शिकार फिर भी वन विभाग के अधिकारी ले रहे हैं हल्के में** – ग्रामीणों ने बताया जंगलों में वन्य जीवों का दिखना आम है लेकिन जब ये जीव गांवों के आसपास दिखाई दें तो यह चिंता का विषय बन जाता है। ग्राम बांसला में पिछले कई दिनों से रोजना तेंदुए और भालू देखा जा रहा हैं। जिससे गांव मे दहसत का माहौल है लेकिन वन विभाग की टीम इस पर गम्भीर नहीं है। उन्होंने बताया बांसला के कई पालतू गाय, बैल, पालतू कुत्तों को शिकार बना चुका है। आसपास के ग्रामीण दहशत में हैं कुछ लोग सुबह के वक्त तेंदुआ और भालू देखने के बाद भी अपनी जान जोखिम में डाल कर काम पर जा रहे हैं जो किसी बड़ी घटना का कारण हो सकता है।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाया सुशासन दिवस, गांव-गांव में कार्यकर्ताओं ने दी पुष्पांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। मंडल के गांवों अटल चौक पर वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तनम सिंह चौहान नें अटल जी के योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने 1998 में पोकरण परमाणु परीक्षण करके देश का मान बढ़ाया था। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष हम सबके मार्गदर्शन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं। मंडल महामंत्री डिगेश खापर्डे यूवामोर्चा जिला मिडिया प्रभारी राजू श्रीवास आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सतीश श्रीवास्तव अनुसूचित जाति मंडल महामंत्री लक्ष्मण कुलदीप, सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी बुजुर्ग महिला युवा उपस्थित थे। शक्ति केंद्र कच्चे के मतदान केन्द्र कच्चे में छत्तीसगढ़ निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें ग्राम पटेल चन्द्रमन भूआर्य, सरपंच कच्चे गायत्री कावड़े, मंडल महामंत्री भानुप्रतापपुर ज्वाला प्रसाद जैन, उपसरपंच योगेन्द्र यादव, शीतला समिति अध्यक्ष कैलसिंग नेताम, ग्राम सभा अध्यक्ष रिखी मंडावी, ग्राम प्रमुख हरिश्चंद्र कावड़े, परिवहन अध्यक्ष कांति हिड़को, नोहर सिंह भूआर्य, शैलेन्द्र पुनिया, मोहन चिराम, फिरतू रावटे, गेंद लाल नुरेटी,विनय पांडे, धीरज जायसवाल,नरेश केमरो, रमोतीन उयके और ग्राम वासी उपस्थित थे।

# समाज कल्याण विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम समस्त पेंशन योजना यूडीआईडी प्रमाण पत्र पद्राय एवं सहायक उपकरण वितरण योजना संचालित है। सरकार गठन के एक वर्ष में हितग्राही संबंधित योजनाओं से लाभान्वित होकर अपने दैनिक जीवन के गतिविधियों में सुधार होने पर सफल जीवन यापन करने में सफलता प्राप्त हुआ है। सहायक उपकरण योजना के तहत दिव्यांगजनों की कल्याणकारी योजनाओं की इसी कड़ी में सहायक अंग/कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय योजना के माध्यम से सरकार गठन के एक वर्ष में दिव्यांगों को चिन्हांकित कर दिव्यांग हितग्राहियों को उनके आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण प्रदाय किया गया जिसमें 03 नग बैटरी चालित ट्राय सायकल, 03 नग ट्राय सायकल, 04 नग व्हील चेयर, 07 नग बैसाखी, 10 नग श्रवण यंत्र, 04 नग एमआर कीट, 08 नग वाल्किंग स्टीक प्रदाय किया गया जिसके माध्यम से जीवन मे सुधार हुआ जिससे जीवन यापन करने में सक्षम बने हैं। बौद्धिक मंद बालक विशेष विद्यालय का संचालन मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को प्रभावी सक्षमता प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा विशेष शिक्षकगणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए युनिक डिसेबिलिटी आईडी बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है जिले में कुल लक्षित 2090 में से आज पर्यन्त तक 2497 दिव्यांगजनों का ऑनलाईन पंजीयन तथा 2319 हितग्राहियों का युडीआईडी कार्ड बनाया जा चुका है, सरकार गठन के एक वर्ष में कुल 94 डिसेबिलिटी कार्ड बनाया गया है। सामाजिक सहायता कार्यक्रम पेंशन योजना सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत समस्त पेंशन योजनाओं से वर्तमान में जिले में कुल 13398 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। पात्रतानुसार पात्र दिव्यांगजनों, वृद्धजनों, विधवा एवं परित्यक्तों को शासन द्वारा निर्धारित दर प्रतिमाह 500 रुपए प्रदाय किया जाता है एवं ऐसे पात्र वृद्धजन जिनकी आयु 80 वर्ष या उससे अधिक हो उन्हे 650 रूपए प्रतिमाह की दर से प्रदाय किया जाता है। आम जन मानस के मध्य दिव्यांगों, वृद्धजनों, विधवा, परित्यक्ता महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो उन्हे शासन द्वारा प्राप्त होने वाली योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से मिलता रहे इस हेतु विभाग अपने स्थानीय निकायों के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। सरकार गठन के एक वर्ष में शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार आपका का आदर्श ग्राम इस योजना के माध्यम से जिले में चयनित 33 ग्रामों के पात्र हितग्राहियों को विभाग द्वारा संचालित योजना इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन से 122, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन 130 एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन 17 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका, संसद में बाबा अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को अपमान जनक बताया

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से बुधवार को भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक में प्रदर्शन कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। एक पुतला को पुलिस ने पानी डालकर नेस्तनाबूत कर दिया। इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस के बीच जमकर छीना झपटी भी हुआ। दस मिनट की छीना झपटी के बाद पुतले को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। जिसके बाद एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने दूसरे पुतले को थोड़ी दूर से माचिस मारकर लाया। इस दौरान सभी ने अंबेडकर की तस्वीर हाथो में रखे हुए थे। यह प्रदर्शन गृहमंत्री अमित शाह के लोकसभा में अंबेडकर के अपमान के विरोध में प्रदर्शन करते हुए इस्तीफा मांगा गया। कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा अंबेडकर को लेकर अपमानजनक शब्द कहे है। NSUI के प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी हस्‍द्ध प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के आदेशानुसार और कांकेर जिला अध्यक्ष सुमित राय के निर्देश में NSUI विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र कड़ियाम के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह का मुख्य चौक भानुप्रतापपुर में ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, आईटी सेल, सेवादल, आदिवासी कांग्रेस ने पुतला दहन किया। बाबा साहब अंबेडकर के अपमान को लेकर नगर पंचायत सुनील बबला पाढ़ी ने कहा कि गृह मंत्री द्वारा दिया गया बयान बहुत ही शर्मनाक निंदनीय अस्वीकार्य है इतने बड़े पद में रहते हुए इस तरह का छोटी सोच रखना शर्मनाक है गृह मंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि गृह मंत्री जैसे उच्च पद में रहते हुए महापुरुष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के लिए जो शब्दों का प्रयोग किया गया वह बहुत ही निंदनीय है ससद जैसे पवित्र जगह में इसकी जगह नहीं है अमित शाह जी को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। पार्षद नरेद्र कुलदीप ने कहा कि 2024 के आम चुनाव में अगर 400 सीट पर होता तो निश्चित संविधान बदल दिया जाता। चुकी आरएसएस व भाजपा मनुस्मृति लाना चाहते हैं। इस बात का राज्यसभा में अमित शाह के बयान से पता चल गया। जिन बाबा साहब की बनाए हुए संविधान पर हम लोग चलते हैं, ऐसे महान पुरुष को अमित शाह ने अपमानजनक शब्द कहे है। कांग्रेस इसका लगातार विरोध करेगी।

# भानुप्रतापपुर में मनाया क्रिसमस डे, अमन-शांति के लिए प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



नगर के चर्चों में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भानुप्रतापपुर बसंत नगर स्थित न्यू इंडियन बाइबिल चर्च में बुधवार को क्रिसमस डे मनाया गया। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों द्वारा अमन-शांति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस प्रार्थना सभा में ईसाई समुदाय सहित अनेक लोग शामिल हुए। यह पर्व प्रेम, शांति, आनंद एवं प्यार का प्रतीक है। उन्होंने प्रभू यीशु के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही यीशु के गीत गाए। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने समुह डांस, नाटक आदि प्रस्तुत किए। पास्टर थामस ने कहा मानवता की भलाई के लिए परमात्मा ने ईसा मसीह को सबसे महान और अमूल्य उपहार के रूप में संसार को भेंट किया। 25 दिसंबर के दिन ही प्रभु यीशु ने जन्म लिए था। ईसा मसीह का जन्म इस पृथ्वी पर ऐसे समय में हुआ था, जिस समय समाज में लालच, नफरत, अंधविश्वास और हिसा जैसी कुरीतियां विराजमान हो चुकी थी। उन्हें ईश्वर ने पृथ्वी पर रहने वाले लोगों को प्रकाश और सच्चाई का मार्ग दिखाने के लिए भेजा था। जिससे प्रभु यीशु लोगों के अंदर विराजमान अंधकार, घमंड, दुख और तकलीफ जैसी समस्याओं को दूर कर सके। भानुप्रतापपुर बस स्टैंड के पास 15 वार्ड मेनोनैट चर्च में प्रभु यीशु के जन्मदिवस पर चर्च में प्रार्थना सभा हुई। वही क्रिसमस की पूर्व संध्या में धार्मिक गीत की प्रस्तुति दी गई। महिला, पुरुष व छोटे-छोटे बच्चों ने प्रभु यीशु के जन्मदिन पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे बच्चों को चॉकलेट, टॉफियां, बिस्कुट, गुब्बारे अन्य उपहार दिए गए। नगर के चर्चा को रंग बिरंगी लाइटों व झालरों तथा आकर्षक रूप से सजाया गया था। लोगों ने केक काटकर प्रभु यीशु का जन्मदिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी भी शामिल हुए। उन्होंने क्रिसमस पर बधाई शुभकामना दिया और कहा की क्रिसमस प्रेम क्षमा दया अहिंसा का दिवस है यही यीशु संदेश है। इस मौके पर मुकेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में मसीह समुदाय के लोग और शुभचिंतक उपस्थित थे। जितेंद्र बेंजामिन अध्यक्ष समस्त मसीह ने कहा क्रिसमस ईसाई समुदाय का सबसे महत्वपूर्ण और बड़ा उत्सव होता है। ईसाई लोग इस अवसर को अत्यंत धूमधाम से मनाते हैं इस वर्ष भी 25 दिसंबर को क्रिसमस का पर्व मनाया गया। केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कर और उपहारों का आदान-प्रदान किया गया । 25 दिसंबर जिसे क्रिसमस कहा जाता है ईसाई धर्म का सबसे प्रमुख त्योहार है यह दिन ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है इसलिए इसे बड़ा दिन भी कहा जाता है।

## मेरा जीवन समाज के शोषित वंचित व अंतिम व्यक्ति के लिए समर्पित है

# अधिवक्ता दीपिका शोरी ने महिला आयोग सदस्य का लिया पदभार

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य के आधी आबादी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए गठित राज्य महिला आयोग में महिला सदस्यों की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 26 सितम्बर 2024 को की गई। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रिक्त 05 पद पर सदस्यों की नियुक्ति की गई। आपको बता दें की सुकमा में विगत कई वर्षो से महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा एवं उनके उत्थान को लेकर कार्य कर रही छोटे से ग्राम पाकेला की निवासी अधिवक्ता दीपिका शोरी को छत्तीसगढ़ महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अन्य चार सदस्यों के साथ 17 अक्टूबर को अपना पदभार ग्रहण किया।

**पांचों सदस्यों ने किया पदभार ग्रहण** - महिला आयोग कार्यालय में सदस्यगण जशपुर की प्रियंवदा सिंह जूदेव, महासमुन्द की सरला कोसरिया, दंतेवाड़ा की ओजस्वी मंडावी और बलौदाबाजार की लक्ष्मी वर्मा ने आज आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया।पदभार ग्रहण करते ही दीपिका ने कहा मेरा जीवन समाज के शोषित वंचित व अंतिम व्यक्ति के लिए समर्पित है। ज्ञात हो कि राज्य महिला आयोग के पुराने सदस्यों का कार्यकाल 27 जून 2024 को समाप्त हो गया था, और महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ के सरकार ने इन सदस्यों की नियुक्ति की है।

**पहली दफा मिला सुकमा को स्थान** - अगर हम छत्तीसगढ़ की पिछली भाजपा सरकार की बात करें तो सुकमा जिले को पहली दफा किसी आयोग,मंडल में स्थान मिला है, सुकमा जिले के निवासियों का कहना है की यह सुकमा जिले के लिए बहुत ही गौरव की बात है की हमारे जिले की शिक्षित, योग्य और युवा अधिवक्ता दीपिका शोरी को महिला आयोग में सदस्य के रूप में स्थान मिला है निश्चित ही वो बहुत अच्छा कार्यक्रम करेंगी।

**एलएलबी गोल्डमेडलिस्ट व एलएलएम प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हैं दीपिका** - विदित हो की महिला आयोग में सदस्य दीपिका शोरी बचपन से ही शिक्षा में मेधावी रही हैं दीपिका ने एलएलबी में गोल्डमेडल व एलएलएम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया हैं एवं वर्तमान में लॉ में पी एच डी भी कर रही है।

**शासकीय शिक्षिका से त्यागपत्र देकर बढ़ाया समाज सेवा की और अपने कदम** - आपको बता दें की अधिवक्ता दीपिका शोरी ने शासकीय शिक्षिका के पद पर भी कई वर्षो तक कार्य किया है परन्तु बचपन से ही समाज सेवा का जज़्बा लेकर कार्य कर रही दीपिका के मूल स्वभाव में लोगों की सेवा करना था जिसके आड़े शासकीय शिक्षिका के पद का दायित्व आने की वजह से वो अपना कार्य नहीं कर पा रही थी जिसकी वजह से उन्होंने अपने शासकीय शिक्षिका के पद से त्यागपत्र देकर समाज सेवा की और अपना कदम बढ़ा दिया।

**माता पिता एवं परिजनों का साथ रहा सराहनीय** - दीपिका ने कहा की शासकीय सेवा से त्यागपत्र देकर समाज सेवा का कार्य चुनना एक मध्यम परिवार के लिए बहुत ही चुनौती पूर्ण होता है बहुत से परेशानियों के साथ सबसे ज्यादा आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है मेरे इस निर्णय में मेरे माता पिता एवं परिजनों का आशीर्वाद मुझे मिला व मेरे इस निर्णय में मेरा परिवार साथ खड़ा था जिससे मुझे हिम्मत मिली व मैंने इस दिशा में कार्य किया।

**मुख्यमंत्री व संगठन का जताया आभार** - दीपिका ने अपनी नियुक्ति को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व महामंत्री संगठन पवन साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ की सरकार एवं मेरे संगठन नेता मुझ पर विस्वास जताते हुए मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है जिस पर सुकमा से होने के कारण मेरी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है की मै उनकी सोच पर खरी उतरू, मै पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से इस पद का निर्वाहन करते हुए सुकमा के साथ साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान हेतु कार्य करूंगी।

# बड़े ही हर्षित पुलकित उमंगित ऐतिहासिक और यादगार खुशी के पल

पायनियर संवाददाता ➤ बचेली
www.dailypioneer.com





जब छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय के कर कमलो द्वारा राज भाषा दिवस में बचेली की कवियत्री 'शकुन शेंडे संघर्ष' को सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हे छत्तीसगढ़ी भाषा में गीत कविता बोली के माध्यम से जन मानस में प्यार अनुराग सेवा जगाने के खातिर, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित राजधानी रायपुर के कान्फ्रेंस हाल न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन के भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस, में राज्य भर से एकत्रित मेहमान साहित्य कारों से खचाखच भरे हाल में मुख्य अतिथि सांसद, सांस्कृतिक सचिव, विधायक के बीच दिया गया। गर्व का विषय है कि छः सम्मान पाने के अधिकारी साहित्य कारों में एक महिला शकुन शेंडे को चुना गया बाकी पांच पुरुष साहित्य कार थे। सम्मान में अंगवस्त्र, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, और बहुत सुंदर मोमेंटो से सम्मानित किया गया। बातचीत में उन्होंने कहा कि वैसे तो साहित्यिक यात्रा में अनेक बार देश भर के कोने कोने वे सम्मानित हो चुकी हैं,किंतु अपने राज्य के मुखिया से यह सम्मान पा कर बड़ी खुशी हुई। इस सम्मान का श्रेय जाता है रायपुर के वरिष्ठ साहित्यकार गीतकार रामेश्वर शर्मा जी जिन्हें छत्तीसगढ़ का चित्र गुप्त भी कहा जाता है, जिन्होने कवित्री को अनेकों काव्य सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी,हल्बी में काव्य पाठ सुना और अपने पुस्तक छत्तीसगढ़ी काव्य 'एक विहंगम दृष्टि' जिसमें छत्तीसगढ़ के चार सौ साहित्यिक कारों की छत्तीसगढ़ी कविता गीत हैं प्रकाशित किये हैं जिसमें शकुन शेंडे की भी कविता है। दूसरे बचेली निवासी जो अशेष शुभेच्छा व स्नेह देते रहते हैं।

# पीडीएस चांवल का खेल, माफिया एवं अधिकारी हो रहे मालामाल

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा वैसे तो सर्वहारा वर्ग के उत्थानार्थ हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं श्रृंखलाओं में मध्यम एवं गरीब वर्ग के लोगों को शासकीय उचित मूल्य दुकान पीडीएस से चांवल का आबंटन भी करवाया जा रहा है ताकि कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न सोये। लेकिन देखा जा रहा है कि शासकीय राशन दुकान से मिलने वाले गरीबों के चांवल को चांवल माफिया दीमकीय प्रवृत्ति से चरते आ रहे हैं। दिखावे के लिये छोटे-मोटे प्रकरण बनाकर अपने कर्तव्य का पालन कर जाते हैं किंतु वर्षों से पदस्थ खाद्य अधिकारी एवं एक खाद्य निरीक्षक जो पहले धमतरी जिले में पदस्थ थे, उसके पश्चात कुछ दिनों के लिये इनका स्थानांतरण हुआ और पदोन्नति के बाद से पिछले पांच वर्षों से पुनः जिले में पदस्थ है, उनके द्वारा इस चांवल तस्करी में संलग्न बड़े व्यापारी पर आज तक हाथ नहीं डाला गया है जिससे इस खेल में मिलीभगत का पता चलता है। माह में एक बार मिलने वाले चांवल की आपूर्ति लगातार गरीबों के नाम पर की जा रही है। लेकिन इसकी हेरफेर करने वालों पर अभी तक कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की गई है। पीडीएस चांवल के इस खेल में माफिया एवं अधिकारी मालामाल हो रहे हैं वहीं शासन को लाखों रूपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। शासकीय उचित मूल्य दुकान के माध्यम से मध्यम एवं गरीब परिवारों को सस्ते दर पर कुछ लोगों को मुफ्त में शासकीय चांवल का आबंटन किया जाता है। लेकिन लंबे समय से इस चांवल की हेराफेरी की जा रही है। खबर के मुताबिक पीडीएस चांवल के माफिया जिनकी चर्चा पान ठेला, चाय दुकान से लेकर सभी चौक चौराहों में चर्चित हैं, इनके नीचे काम करने वाले लोग राशन दुकानों के आसपास सक्रिय रहते हैं और ये सीधे उक्त माफिया के पास चांवल को आसानी से पहुंचाने में कामयाब हो जाते हैं। इसके एवज में उन्हें 13, 14 रूपये किलो के हिसाब से भुगतान करते हैं एवं उसे एकत्रित कर यहां के पीडीएस के माफियाओं के पास पिछले कई वर्षों से पहुंचा रहे हैं जिससे इन्हें प्रति किलो 20 रूपये का लाभ प्राप्त




होता है। शहर के विभिन्न वार्डों में राशन की दुकानें हैं जहां यह खेल लंबे समय से जारी है। विचारणीय पहलू यह है कि वर्षों से पदस्थ खाद्य विभाग के दो अधिकारी जिन्होंने अपना आधे से अधिक नौकरी धमतरी में ही किया हैं, उनके द्वारा भी ऐसे लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती जिससे मिलीभगत का पता चलता है। शासकीय चांवल की हेराफेरी के चलते गरीबों को मिलने वाले पैसे से वे सीधे इसका उपयोग नशा करने के लिये करते हैं जबकि परिवार के लोगों के बीच इसी बात को लेकर विवाद भी होने की जानकारी प्राप्त हुई है। शहर में चांवल माफियाओं के द्वारा जो चांवल संग्रहित किया जाता है, उसका कुछ ठिकाना शहर के कुछ वार्ड जिसमें लाल बगीचा, गणेश चौक, रामबाग, दानीटोला जैसे अनेक वार्डों में इस शासकीय चांवल का संग्रहण किया जाता है और उसे लोक वाहन अर्थात छोटा टेम्पो के माध्यम से खेप-खेप कर उसे कुछ राईस मिल सहित कुछ दुकानों में पहुंचाया जाता है। यह खेल लंबे समय से जारी है। इसी को देखते हुए पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने अनेक लोगों के राशन कार्ड निरस्त किये थे। इसकी पात्रता सिर्फ गरीब, मध्यम वर्गों को दी गई थी। लेकिन कांग्रेस की सरकार आते ही सभी प्रदेशवासियों का कार्ड बना दिया गया। सवाल यह उठता है कि साधन संपन्न व्यक्ति इस चांवल का उपयोग नहीं करता और उसे सीधे सीधे चांवल दलालों के सुपुर्द कर कुछ राशि प्राप्त कर लेता है। यह खेल में सफेदपोश नेताओं का भी समावेश है जिन्हें प्रतिमाह मिलने वाले शासकीय चांवल को संग्रहित करने हेतु एक कर्मचारी की नियुक्ति की जाती है। यदि आकस्मिक छापामार कार्यवाही की जाती है तो ऐसे लोगों के चेहरे बेनकाब हो सकते हैं। अनुमान के मुताबिक हर माह पीडीएस के हजारों क्विंटल चांवल की अफरा-तफरी होती है और यह चांवल ईतवारी बाजार से होते हुए सीधे मिल में पहुंचता है जबकि चांवल संग्रहण का काम शहर के कुछ वार्डों में बनाये गये गोदाम के समीप होता आ रहा है। बताया जाता है कि 10 वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर लाल बगीचा के तिकड्डे पर छापामार कार्यवाही की गई थी जहां से खाद्य विभाग को भारी मात्रा में चांवल मिला। इस घर के मालिक पर खाद्य अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने की बात कही गई। लेकिन इसे खाद्य विभाग द्वारा यह कहकर इस मामले को दबा दिया गया कि उसने क्षमा मांग लिया है, इसलिये उस पर कार्यवाही नहीं की गई जबकि वास्तविकता यह है कि इसमें खाद्य विभाग के संबंधित लोगों का और कथित चांवल माफिया के मध्य गहरा संबंध था और आज तक इतने भारी मात्रा में चांवल की हेराफेरी हो रही है, इस पर अंकुश लगाने में खाद्य अमला पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। शासन के उपक्रम को दीमकीय प्रवृत्ति से चरने वाले तथाकथित अधिकारी, व्यापारी और इनके दलालों पर कार्यवाही नहीं होने को लेकर जिला प्रशासन पर भी उंगलियां उठने लगी हैं। गौरतलब रहे कि पदोन्नति प्राप्त किये खाद्य निरीक्षक के द्वारा छोटे-मोटे व्यापारियों से प्रतिमाह इसके एवज में राशि ली जा रही है। खबर तो यह भी है कि खाद्य विभाग के एक अधिकारी जिनके बारे में यह चर्चा आम है कि ये अपनी काली कमाई से तीन राईस मिल के मालिक बन चुके हैं जिसकी भी शिकायत कुछ जागरूक नागरिकों ने एसीबी से करने की जानकारी प्रतिनिधि को प्राप्त हुई है। वहीं जिले के जागरूक नागरिकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि अंगद के पांव की तरह जमे खाद्य विभाग के दो अधिकारियों के रहते जिले में पीडीएस चांवल की काला बाजारी नहीं रूक सकती, इसलिये इनका जिले से स्थानांतरण अति आवश्यक है।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस

पायनियर संवाददाता तिल्दा/नेवरा
www.dailypioneer.com



भारत रत्न , छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस व सुशासन दिवस के अवसर पर तिल्दा-नेवरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरोरा में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के तैलिय चित्र पर माल्यार्पण करते हुए स्मरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों व अतिथियों ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी छत्तीसगढ़वासियों के भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे। उन्होंने कहा कि अटल जी का नेतृत्व दुरदृष्टि व जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणादायक है ।उनकी नीतियों व विचारों ने भारत को नई दिशा दिया है। अटल के जन्मशती पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अटल जी के मूल्यों को आत्मसात करते हुए हम सी का दायित्व बनता है कि हम राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभावें। स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस व सुशासन दिवस के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने शीतला मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कुंजबिहारी अग्रवाल दाऊ, कार्यक्रम के अध्यक्षता व उपसरपंच राकेश विनोद सिंह, सचिव विष्णु देवांगन, पंच ओमप्रकाश वर्मा, चिंता राम साहू, उमा साहू, अंबिका साहू इंदिरा नेताम वहीं ग्रामीणों में रमेश पात्रे जिला महामंत्री कांग्रेस, रामदयाल वर्मा, रेवाराम वर्मा, रामभरोसा साहू, तारा जोशी, ठाकुर राम वर्मा विशेष रूप से शरीक हुए।


# सिरपुर, तुमगाँव आदिवासी किसान क्षेत्र को अवैधानिक औद्योगिक क्षेत्र बनाने में तुली है प्रशासन एवं सरकार

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के संघर्षकर्ता छत्तीसगढ़ के 25वें वर्ष में भी शोषण अत्याचार के विरूद्ध मैदानी संघर्ष जारी रखे हैं। सत्ता और प्रशासन चाहे कांग्रेस सरकार आये चाहे भाजपा सरकार रहे, दोनों ने सत्ता को धन कमाने का व्यापार बनाया है। आई.ए.एस.. आई.पी.एस.. सचिव, आयुक्त, जिलाधीश, एस.डी एम, तहसीलदार, पटवारी, डी.जी.पी., आई.जी.. पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, सभी ने अपने पद को धन कमाने का जरिया बना लिया है। इसके लिए आम जनता दोषी है। संविधान के मर्यादाओं को समाप्त करने में शिक्षित समाज ने अपना योगदान शून्य कर दिया है। जिसका नतीजा है हट क्षेत्र में भ्रष्टाचार पनप गया है। इसी कड़ी में महासमुंद में विश्व प्रसिद्ध सिरपुर, तुमगांव क्षेत्र जो शुद्ध वातावरण, जंगली क्षेत्र के नाम से परिचित जहां की हवा, पानी, 100 फीसदी मानव समाज सहित जानवरों के लिए महफूज थी। अवैध औद्योगिक कारखाना अवैध करणी कृपा पावर प्रा.लि. स्टील प्लांट को काबिल-काश्त भूमि जिसमें किसी भी कीमत में कारखाना नहीं लगाया जा सकता जिला प्रशासन, भाजपा-कांग्रेस सत्ता दल्ला विधायक जिलाधीश, एसडीएम, तहसीलदार पटवारी ने अवैध् शानिक कार्य को संरक्षण देकर 92 गाँवों के जीवन रेखा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया। जिसमें कोडार बांध जो किसानों की जीवनदायिनी है, उसे करणी कृपा पावर प्रा.लि. को भूपेश सरकार ने बेच दिया था। विधायक पूर्व और वर्तमान दोनों कम्पनी के नौकर बन अवैधानिक कार्य को संरक्षण दे रहे हैं, उसी प्रकार जिलाधीश महासमुंद माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का परिपालन नहीं कर रहा है। इन सबके बीच एक लम्बा संघर्ष 3 वर्ष का किसानों ने माता-बहनों ने प्रतिदिन अपने जीवन का उद्देश्य बनाकर संघर्ष को अंजाम दिया है।

# हमेशा रहेगा याद रहेगा वाजपेई जी का कार्यकाल : मोटवानी




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

आजादी के बाद पहली बार आजाद भारत के प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक नेतृत्वकर्ता स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने उन्हें शत-शत नमन करते हुए कहा है कि दृढ़ निश्चय, कठोर परिश्रम तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण का सदैव भाव रखने वाले अटल जी का पूरा देश हमेशा ऋणी रहेगा। मोटवानी ने आगे कहा है कि उन्होंने भारत के शौर्य साहस और पराक्रम का लोहा मनवाते हुए पोखरण में परमाणु विस्फोट करते हुए महा शक्तियों को भी इस बात के लिए सोचने को मजबूर कर दिया कि सैन्य शक्ति का दृष्टिकोण से भारत किसी से कमजोर नहीं। वहीं दूसरी ओर विश्व के सबसे दुर्गम एवं ऊंचे युद्ध मैदान कारगिल पर विजय का तिरंगा फहराकर अपने नेक इरादे को बता दिया कि भारत की तरफ आंख उठा कर देखने वाले की खैर नहीं है तो देश के अंदर लाखों करोड़ों लोगों की भावनाओं का पूरे सम्मान के साथ कद्र करते हुए पृथक छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, झारखंड का निर्माण कर विकास को एक नई ऊंचाई दी उनके द्वारा देश के उत्थान तथा जनता के विकास के लिए किए गए कार्य हमेशा जन-जन के मानस पटल पर चिरस्थाई रहेंगे।

# फटाफट क्रिकेट का समापन, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता कुरूद
www.dailypioneer.com






टारनेडो क्रिकेट क्लब कुरुद के तत्वाधान में आयोजित सफेद लेदर बॉल अंतर राज्य क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन होगा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी होंगे साथी विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्षता तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, विशेष अतिथि राजकुमारी दीवान, निरंजन सिन्हा, मंजू साहू उपाध्यक्ष, पार्षद राखी चंद्राकर, भानू चंद्राकर, आशीष शर्मा होंगे, खेले गए मैच में जबलपुर में सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, सभी लीग मैच में से एक-एक टीम में सेमीफाइनल में प्रवेश की। पहले दिन मुरली रायपुर की टीम, दूसरे दिन की रायपुर टीम, तीसरे दिन साहबान वह ऐश्वर्या के दल्ली राजहरा की टीम और चौथे दिन कमल व अभिषेक के जबलपुर की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है, दो सेमीफाइनल मैच, और फाइनल मैच खेला जाना है, मैच के दरमियान मैदान की चारों ओर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मैच खेला जाना है, मैच समाप्त होने के पश्चात स्वर्गीय विनोद गोस्वामी 2 मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# गिरजाघरों में क्रिसमस पर हुआ प्रार्थना गीत



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रभु यीशु के आने की खुशी में मसीही समाज जोरशोर से स्वागत की तैयारी किया गया। रात ठीक 12 बजे गिरजाघरों में प्रभु यीशु का जन्म धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। क्रिसमस पर्व को लेकर लोग घरो को सजाने क्रिसमस ट्री सहित अन्य सजावटी सामान से भी सजाया गया है । कही सांता क्लॉज बच्चों को गिफ्ट देकर खुश कर रहे है तो वहीं महिलाएं क्रिसमस थीम पर किटी पार्टी सेलिब्रेट कर रही है। शहर के गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आने की खुशी में भव्य संजाया गया है। मसीही समाज के प्रमुख जहां प्रार्थना सभा में शामिल होने वालों की बैठक व्यवस्था की तैयारी भी है वहीं, युवाओं के ग्रुप ने समाज के लोगों तक प्रभु यीशु के आने का संदेश कैरोल सिंसिंग से देने के लिए हर दिन अलग-अलग बस्तियों व पॉश कॉलोनियों में रहने वाले लोगों तक पहुंचे थे। सिंगिंग दल में सांता क्लॉज बनकर चलने वाले लोग आकर्षण का केन्द्र भी हैं।

## सांता क्लॉज बांट रहे चाकलेट

गिरजाघर में क्रिसमस से पर्व क्रिसमस झांकी निकाली गई। इसमें समाज के लोग मरी तादाद में शामिल हुए थे। लोग सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के बीच पहुंच रहे है। कैरोल गायन के बाद आसपास रहने वाले बच्चों और परिवार के लोगों को खुशी का इजहार करते हुए चॉकलेट और गिफ्ट दिया गया।

## क्रिसमस थीम पार्टी सेलिब्रेशन

क्रिसमस और नए साल को लेकर बच्चे, युवा और महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग को लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे है। इसी कड़ी में महिलाओं ने क्रिसमस थीम पर पार्टी सेलिब्रेट की। रेड ड्रेस और सेंटा टोपी पहनकर केक काला और सभी को बधाई दी।

## मसीही समाज द्वारा निकाली गई रैली

मसीही समाज द्वारा क्रिसमस पर्व पर झिलमिला स्थित मेनोनॉइट चर्च से प्रभु की स्तुति करते हुए नगर भ्रमण किया गया, गाजे बाजे के साथ मसीही समाज के युवा बच्चे बुजुर्ग सभी ने प्रभु की प्रार्थना की एवं खुशहाली की दुआ माँगी, साथ ही मसीही समाज द्वारा शहर के हृदय स्थल जयस्तम्भ चौक पर संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल का माला पहना कर शाल भेंट कर स्वागत किया गया। अग्रवाल द्वारा भी मसीही समाज के लोगो को क्रिसमस की शुभकामनाएँ दिया गया। मसीही समाज द्वारा सामाजिक कार्य के लिए अग्रवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अटल के परिकल्पना को भाजपा की सरकार कर रही साकार : शिवरतन शर्मा



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

भारत रत्न, भाजपा हस्ताक्षर पूर्व प्रधानमंत्री पूज्य अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर अटल जयंती एवं अटल परिसर समारोह कार्यक्रम का वर्चुअल प्रदर्शन नगर भवन में आयोजित हुआ। जिसमे वर्चुअल रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित थे। नगर भवन के इस आयोजन में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्चुअल कार्यक्रम के उपरांत शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी ने भारतवर्ष के लिए जिस सुशासन की परिकल्पना की थी उस परिकल्पना को साकार करने के लिए उपस्थित हम सभी लोगों ने अपना योगदान सुनिश्चित करने हेतु आज संकल्प लेना चाहिए। शिवरतन शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी एक मजबूत सुशासन के पक्षधर थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सुशासन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए। शर्मा ने कहा कि, अटल जी ने कई दशक पहले कहा था कि 'अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा' उनकी बात आज सही साबित हो गई और देश में खिला कमल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र को प्रगति की राह पर आगे लेकर जा रहा है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी ने सबको साथ लेकर चलना सिखाया। वो तुष्टिकरण की राजनीति के विरोधी थे। उन्होंने कहा था कि विकास सबका होना चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को लेकर शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि पूरे विश्व में पहचान बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। इस दिवस को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है. सुशासन का मतलब है, अच्छा शासन हो और अच्छा प्रशासन हो. जनता को जन सुविधा मिले. हम अटल जी को याद करते हैं। सर्व शिक्षा अभियान किसी ने लागू किया तो अटल बिहारी वाजपेयी ने लागू किया है। प्रधानमंत्री रोजगार योजना किसी ने लागू की है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने की है। ग्राम सड़क योजना किसने लागू की है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है। अगर देश में गोल्डन कॉरिडोर की सड़क बना शुरू हुई है तो अटल बिहारी वाजपेयी ने की है। अटल के नेतृत्व में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था जिसके बाद पूरी दुनिया ने भारत पर अनेकों प्रतिबंध लगाए थे। लेकिन अटल ने सबका डट कर सामना किया था। पूरे विश्व में ताकत दिखाने का काम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया है। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, योगेश अंनत, आशीष जायसवाल, व्यास यदु, महाबल बघेल, आशीष पुरोहित, नंदकिशोर अग्रवाल, उमा शंकर वर्मा, अजित निषाद, रवि पांडेय, नीरा साहू, आयशा खान, मधु सोनी, सुखदेव यदु, मनीराम साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं नगर के गणमान्यजन व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल रमेन डेका



पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका छुरा विकासखंड अंतर्गत नवापारा कोसमी स्थित आईएसबीएम विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने दीक्षांत समारोह में शामिल होकर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पीएचडी, स्नातकोत्तर, स्नातक एवं डिप्लोमा की उपाधि प्रदान की। इनमें 29 विद्यार्थियों को पीएचडी एवं 13 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक की उपाधियां प्रदान की गई। इस प्रकार लगभग 260 विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान अर्जित किये गए ज्ञान और तकनीकों का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करना चाहिए। सामाजिक विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। सदैव मेहनत और लगन के साथ सही दिशा में सफलता हासिल करने प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सीखना जरूरी है और सीखने के लिए सदैव एक सतत् इच्छा होनी चाहिए। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती है और सीखने की कोई उम्र नहीं होती। अच्छे इंसान बनें क्योंकि अच्छे व्यक्ति ही बेहतर समाज का निर्माण करते हैं। समाज आपकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है उसके लिए काम करें। भारत 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहा है। आप लोगों की मेहनत और योग्यता से भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल राज्यपाल डेका ने विश्वविद्यालय परिसर में आम के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विनय अग्रवाल, कुलपति आनंद महलवार, कुलसचिव बीपी भोल, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं उनके पालकगण मौजूद रहे।

# नारी सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी महतारी वंदन योजना : सरला कोसरिया



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार और परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने के लिए, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारी विष्णु देव साय सरकार द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि आज में महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं के बीच उपस्थित होने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूँ। यह योजना हमारी सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से, हमारी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और प्रदेश के 70 लाख महिलाओं के डायरेक्ट खाते में हर माह 1000 रुपए डालने का काम कर रही है और प्रत्येक माह माह के पहले सप्ताह में पैसा खाता में डाल दिया जाता है। यह योजना महिलाओं को उनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करने में मदद करती है। आगे श्रीमति कोसरिया ने कहा कि, जब नारी सशक्त होती है तब राष्ट्र भी मजबूत होता है। देश की आधी आबादी की चिंता हमारे प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने की है। नारी सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है मोदी की गारंटी से प्रदेश में तरक्की का रास्ता खुल गया है। इस कार्यक्रम में, महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित किया गया। महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद सरायपाली वार्ड क्रमांक 12 स्थित संस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रोहिना में किसानों द्वारा एवं अटल चौक में ग्रामीणों द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सहकारी समिति बिछिया के प्राधिकृत अध्यक्ष कृष्ण कुमार नायक ने विष्णु की पाती का वाचन करते हुए बताया गया कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शपथ ग्रहण के एक पखवाड़े के भीतर ही दो वर्ष का बकाया बोनस राशि देने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के मुताबिक 3100 रु. प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। इस अवसर पर नेपाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ बनाने में अटल बिहारी वाजपेई का बहुत बड़ा योगदान है साथी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का क्रियान्वयन कर हर ग्रामीणों के दिलों में जगह बनाई है। सहकारी समिति रोहिना के अध्यक्ष बनितराम सिदार ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं किसान होने के नाते किसानों की दुख दर्द को समझते हुए उनकी मेहनत और उपज का वाजिद दाम दिलाने का काम किया है। रोहिना सरपंच जज्ञसिनी साहू ने कहा कि सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रु. प्रति माह देकर माता बहनों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का काम की है। इस अवसर पर सरकारी समिति लंबर प्राधिकृत अध्यक्ष उत्तर कुमार निषाद, समिति प्रबंधक सीताराम चौधरी, चंद्र कुमार पटेल, भूमि सिदार, गणेश राम पटेल, कमलेश साहू, जागेश्वर चंद्रा, मनबोध मिरी, मोहन नेताम, घनश्याम श्रीवास, हेमंत यादव, प्रदीप पटेल, सचिव उसत कुमार, त्रिनाथ सेठ, हीरालाल साहू, नरेंद्र साहू, रमेश चौहान, विशांबर पोटा, घनश्याम श्रीवास, हेमंत यादव, प्रदीप पटेल आदि उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के जन्मदिन के अवसर पर स्वस्थ केन्द्र में जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ



**सरायपाली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी के निर्देश पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय आनन्द कोसरिया के मार्गदर्शन में विकास खंड कार्यक्रम प्रबन्धक शीतल सिंह, फार्मासिस्ट अनिल पाढ़ी के सहयोग से भूतपूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्व. मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वस्थ केंद्र सरायपाली में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल द्वारा फीता काट कर किया एवं सीएचसी को 20 डस्टबिन उपलब्ध कराया गया है इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अमित भोई, वीणा मेश्राम, तिलोतमा पटेल, नवीन साहू इत्यादि अधिकारी कर्मचारी व मरीजो के परिजन उपस्थित रहे उपरोक्त जानकारी बीपीएम ने दी।

# सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं सेवकों से किया बौद्धिक चर्चा

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भौरादादर में आयोजित हो रहा है। इस शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ प्रातः काल योगा एवं प्राणायाम अभ्यास के साथ शुरुआत हुआ। योगाचार्य कन्हैया लाल पटेल प्रज्ञा मंडल सागरपाली के द्वारा विभिन्न प्रकार के आसनों, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया एवं उसकी विधि उसका लाभ को भी सरल एवं सहज तरीके से बताया गया। प्रातः काल के योगाभ्यास में सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने अपनी सहभागिता दी। तत्पश्वात सभी स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता रैली, नशा मुक्ति जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। बौद्धिक चर्चा में नरेंद्र पटेल सीनियर इंजीनियर डिपार्टमेंट प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी कंपनी की एयरोस्पेस ने अपनी पढ़ाई जीवन से लेकर अब तक के अपने अनुभवों बताया। स्वयंसेवकों के बीच बहुत ही सुंदर सवाल जवाब किया गया। एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से आए साकेत कुमार एवं यशवंत गिरी ने गायत्री महामंत्र के द्वारा अपनी उद्बोधन की शुरूआत किये और आजकल के दुनिया में साइबर क्राइम से होने वाले नुकसान एवं बचाव, सजकता पर विशेष ध्यान देने के लिए स्वयं सेवकों से चर्चा कर अपना अनुभव साझा किए। बौद्धिक चर्चा के दौरान दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर के छात्र रह चुके यू, अली शिक्षक ने स्वयंसेवकों को परीक्षा की तैयारी कैसे करें, एवं आत्मनिर्भर कैसे बने पर विशेष चर्चा किया एवं के.के. नायक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र एवं शिक्षक अमित कुमार चौरसिया द्वारा किया गया। आज के बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम में शिविर संचालक गजपति पटेल प्राचार्य दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर कार्यक्रम अधिकारी आर.के. पटेल एवं आर.आर. पटेल, श्याम सुंदर चौधरी प्रहलाद पटेल ईश्वर प्रसाद पटेल एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# रावत जाति के संबंध में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारियों का यादव समाज के साथ बैठक

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर के न्यू सर्किट हाउस में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव वीरू कुमार साहू, सहायक अनुसंधान अधिकारी अनीता डेकाटे, ओमप्रकाश सिन्हा का जाति अनुसंधान हेतु आगमन हुआ। इस बैठक में आयोग की टीम द्वारा यादव समाज से संबंधित रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में समावेशन के संबंध में समाज के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। आयोग द्वारा रावत जाति के रहन-बसन, सांस्कृतिक, सामाजिक आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी ली गई। बैठक सहयोगात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। इस बैठक में प्रमुख रूप से ध्रुव मलिक, रथराम यादव, छालोराम यादव, नरेंद्र कुमार यादव, दासरथी यदु, पवन कुमार यादव, दुर्बादल दीप, कृष्णो टाणी, सुरेंद्र भोई, विजय यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, भोजराज यादव, दिलीप यादव, जय यादव, संजय यादव, करण यादव, लोकेश यादव, सूरज यादव, रोहित यादव, उसत यादव, सुकल यादव, मयंक यादव आदि सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री सहित कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने लगाई सद्भावना दौड़

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती पर 25 दिसम्बर 2024 को जिले में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित गार्डन चौक में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े,कलेक्टर दीपक सोनी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व नगरवासी शामिल हुए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सद्भावना दौड़ प्रातः 6:30 बजे गार्डन चौक से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग बस स्टैंड से आगे बिरजू हॉस्पिटल से यू टर्न लेकर महामाया मंदिर के सामने से होते हुए पुनः गार्डन चौक में सम्पन्न हुई। इसके पश्चात चौक के गार्डन में साफ-सफाई कर स्वच्छता का सन्देश दिया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री वर्मा सहित अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने उपस्थितों को सद्भावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती पर आज भारत देश में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है और सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटलबिहारी बाजपेयी के राज्य बनाने के निर्णय ने प्रदेश को गौरव प्रदान किया। बाजपेयी जी का जीवन प्रेरणा से भरा है।वे एक कवि, लेखक विचारक और कुशल राजनेता थे। बाजपेयी जी के जीवनी को पढ़ने से जीवन में ऊर्जा का संचार होता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में देश व प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है।हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में काम कर रही है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी ने भी सम्बोधित किया।

# कलेक्टर ने जिला ऑडिटोरियम में तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 28 दिसम्बर 2024 को संभावित बलौदाबाजार प्रवास के दौरान जिला ऑडिटोरियम के लोकार्पण कार्यक्रम के मद्देनजर कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में नवनिर्मित जिला ऑडिटोरिम में तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने वीवीआईपी प्रवेश, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था सहित सभी तैयारियों के सबंध में अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए।कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ऑडिटोरियम की साफ - सफाई, साज -सज्जा,लोकार्पण शिला हेतु उपयुक्त स्थल सहित वीवीआईपी, वीआईपी, एवं सामान्य प्रवेश के लिए रुट निर्धारण सहित अन्य सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिले की सबसे बड़े आडिटोरियम का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास की मदद से लगभग 636.72 लाख रूपये से किया गया है।ऑडिटोरियम में 1 हजार लोगों की बैठने की क्षमता होगी जो कि पूर्णतः वातानुकुलित होगा। इसके साथ ही ऑडिटोरियम में 2 वीआईपी कक्ष, डायनिंग हॉल सहित फायर फाईटिंग सिस्टम भी मौजूद है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, दीप्ति गौते, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुंबई में नरोत्तम लाल साहू शिक्षक को मिला राष्ट्रीय अवार्ड



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सिद्धिविनायक मंदिर वीर सावरकर मार्ग प्रभादेवी कोहिनूर हाल मुंबई महाराष्ट्र में 21 दिसंबर को समता साहित्य अकादमी इंडिया के तत्वाधान में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बेमेतरा जिला निवासी शिक्षक कलाकार रंगकर्मी नरोत्तमलाल साहू क्व राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। यह उपाधि इनके द्वारा किए गए समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करने के लिए दिया गया। कार्यक्रम का संचालन वैभव कुमार निर्मलकर अमरावती महाराष्ट्र ने वह आभार व्यक्त श्रीमती ठानडेकर ने कि इस अवसर पर घरडे, दीपक आचार्य, रघुनंदन यादव, मुकेश पात्रे, सविता पात्रे, क्रांति प्रभा बंजारे व थाने मुंबई से चंद्र लाल सोनवाने, इंजीनियर अनीता सोनवाने, अन्य सिवान सोनवाने, अंश, आशी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राजस्व मंत्री ने किया अटल परिसर निर्माण के लिए भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी के 100 वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को बलौदाबाजार स्थित गार्डन चौक में अटल जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने 27.61 लाख रुपये की लागत से गार्डन चौक में अटल परिसर निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि आज हम सब के लिए ऐतिहासिक दिन है पूरे हिंदुस्तान में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी को याद किया जा रहा है।उनके जयंती पर अटल परिसर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। स्व अटल बिहारी बाजपेयी अद्भुत व्यक्तित्व के धनी थे। किसी व्यक्ति के नाम लेने मात्र से मन में एक भाव एक छवि उत्पन्न होता है उसी प्रकार अटल बिहारी बाजपेयी का नाम लेने मात्र से विराट व्यक्तित्व की छवि मन में उभर आती है। उन्होंने कहा कि गार्डन चौक में अटल परिसर और अटल प्रतिमा का निर्माण होगा। प्रतिमा को देख कर लोगों को उनके विशाल व्यक्तित्व के दर्शन होंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल,भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नरेश केशरवानी,पार्षद सविता साहू, रीटा केशरवानी, रोहित साहू,अमितेश नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के नेतृत्व में सुदर्शन ठाकुर और उनकी टीम द्वारा संपन्न हुआ

# कायतपाली में पारंपरिक ईसर-गवरा महापूजन एवं महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com





ग्राम कायतपाली में पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक उत्साह के साथ ईसर-गवरा महापूजन एवं महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के नेतृत्व में सुदर्शन ठाकुर और उनकी टीम द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ-साथ मातृशक्तियों और आसपास के जिलों से आए सांस्कृतिक दलों ने भी सहभागिता की।

**पहला दिन : फूल खोंटना -** महापूजन का शुभारंभ फूल खोंटना की परंपरा से हुआ। इस अनुष्ठान में सात कुंवारी कन्याओं द्वारा गड्ढा खोदकर उसमें देशी मुर्गी के अंडे को दबाया गया। इसके बाद अरवा चावल, फूल, धूप, दीया और नारियल अर्पित कर पूजा की गई। पूजा के दौरान समूह गीत, जैसे जोहर जोहर ईसर राजा सेवा लॉगों तोर, गाए गए। यह प्रक्रिया पूरी श्रद्धा और पारंपरिक गीतों के साथ संपन्न की गई। दूसरे दिन भी इसी तरह फूल खोंटना की रस्म दोहराई गई।

**दूसरा चरण : मूर्ति निर्माण -** अगले दिन ईसर राजा, गवरा माता, सिद्ध बाबा, और डंडया माता (काली कंकाली) की मूर्तियां बनाने की प्रक्रिया आरंभ हुई। इसके लिए जिस खेत को जोता नहीं गया था, वहाँ नारियल चढ़ाकर विधि-विधान से मिट्टी लाई गई। मिट्टी को दो अलग-अलग स्थानों से लिया गया, और देवताओं की पूजा के बाद मूर्तियों का निर्माण आरंभ किया गया। इस दौरान दुकालू प्रसाद जगत ग्राम टेमरी की सहायता ली गई।

**चुलमाटी अनुष्ठान -** चुलमाटी रस्म में सात नग चावल के चिल्ले अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई।

**मड़वा विवाह अनुष्ठान -** गोंडी रीति-रिवाज के अनुसार, विवाह संस्कार में महुआ पेड़ का विशेष महत्व है। महुआ की पतली लकड़ियों से मंगरोहन (माता-पिता के प्रतीक) तैयार किए गए। हरियाली का प्रतीक जाम, डारा, और डूमर डारा का उपयोग कर मड़वा बनाया गया। मंगरोहन के पास दिया जलाकर और मड़वा को सुंदर ढंग से सजाकर रस्म शुरू की गई। मड़वा के नीचे तेल, हल्दी, और मड़वा छुआने की रस्म पूरी की गई। समूह ने एक पतरी चावल गीत गाते हुए सात परिक्रमा की और फूल व चावल अर्पित किए। यह प्रक्रिया उत्साह और नृत्य के साथ संपन्न हुई।

**बारात गमन एवं विवाह -** अगले चरण में बारात गमन की तैयारी हुई। मऊर परसोना की रस्म पूरी करने के बाद, बारात गीत-संगीत के साथ गवरा माता की स्थापना स्थल पर पहुंची। यहाँ समधी भेंट और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार विवाह सम्पन्न हुआ। सात फेरे और टीकावन के साथ पूजा-पाठ के बाद विवाह को पूर्णता मिली।

**ग्राम देवता और हवन पूजा -** विवाह के उपरांत गोड़ी रीति-नीति के अनुसार, ग्राम के समस्त देवीदेवता, हवन पूजा का आयोजन किया गया। इसमें गोड़ी देवी-देवता और ग्राम देवता की महाआरती की गई। महाआरती के बाद मंडवा में परिक्रमा और समूह गान के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा।

**सरोवर स्नान एवं मन्नत माँगने की परंपरा -** महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने सरोवर स्नान किया। इस दौरान शक्ति से संबंधित मन्नतें मांगी गईं, जिसे श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था से संपन्न किया।

**गोंडी संस्कृति का संरक्षण एवं समापन -** महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक दलों ने गोण्डवाना गाथा के माध्यम से गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर गोड़ी रीति-रिवाज और परंपराओं का महत्व बताया। पूरे आयोजन ने गांव में खुशहाली और उत्साह का माहौल बनाया।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-दन्तेवाड़ा, जिला-दक्षिण बस्तर (छ.ग.)**
मो. नं.- 09424160732 ई मेल पता - ee-res.dantewada@nic.in

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना प्रथम बार //**
**// निविदा क्रमांक-11 //**

क्रमांक/1277/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024, दन्तेवाड़ा, दिनांक-23/12/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल निविदा प्राप्ति दिनांक 10/01/2025 तक संध्या 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | कुआकोंडा विकासखण्ड में 15 नग आंगनबाड़ी भवन ढलान छत शीट और वर्षा जल संचयन कार्य का निर्माण ग्रुप-01 | 17.70 लाख |
| 02 | कुआकोंडा विकासखण्ड में 15 नग आंगनबाड़ी भवन ढलान छत शीट और वर्षा जल संचयन कार्य का निर्माण ग्रुप-02 | 17.70 लाख |
| 03 | कुआकोंडा विकासखण्ड में 20 नग आंगनबाड़ी भवन ढलान छत शीट और वर्षा जल संचयन कार्य का निर्माण ग्रुप-03 | 23.60 लाख |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in में दिनांक 27/12/2024 से 04/01/2025 तक निःशुल्क डाऊनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा**
**जिला दक्षिण बस्तर (छ.ग.)**

G-242504831/3

## संपादकीय

# भयानक घटना
# क्रिसमस बाजार पर हमला

**जर्मनी** में क्रिसमस बाजार पर भयानक हमले ने आप्रवास व राष्ट्रीय सुरक्षा पर बहसें तेज कर दी हैं। जर्मनी के मेग्डेबर्ग में क्रिसमस बाजार पर हालिया हमले ने आप्रवास व राष्ट्रीय सुरक्षा पर विवादास्पद बहसों को तेज किया है। धुर-दक्षिणपंथी समूहों ने इसका लाभ उठा कर आप्रवासियों को बड़ी संख्या में बाहर निकालने की मांग की है। इस त्रासदी में पांच लोगों की जान गई तथा दर्जनों अन्य घायल हो गए। इसने पूरे जर्मनी में गुस्सा पैदा किया जिससे ध्रुवीकरण वाली राजनीतिक बयानबाजी तथा शांति की अपीलों को जन्म दिया। 20 दिसंबर की शाम को 50 वर्षीय मनोचिकित्सक तथा मूल रूप से सऊदी अरब के तालेब अल अब्दुलमोहसिन ने एक कार भीड़ भरे क्रिसमस बाजार में दौड़ा दी। तीन मिनट के इस भयानक हमले में 200 से अधिक लोगों को धक्का लगा जिसमें से 40 गंभीर रूप से घायल हैं। अधिकारियों ने फौरन मौके पर ही अल-अब्दुलमोहसिन को गिरफ्तार कर लिया और अब उस पर हत्या, हत्या के प्रयास तथा गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में मुकदमे दायर किए गए हैं। जर्मनी में लगभग दो दशक रहने के बावजूद संदिग्ध का उद्देश्य अभी स्पष्ट नहीं है। जांचकर्ताओं ने इसके पीछे कोई वैचारिक या राजनीतिक उद्देश्य स्थापित करने में सफलता नहीं पाई है।


त्रासदी के बाद धुर-दक्षिणपंथी समूहों ने आप्रवासियों पर कठोर नियंत्रण तथा उन सबको बाहर निकालने की अपनी मांग तेज कर दी है।



21 दिसंबर को लगभग 2100 प्रदर्शनकारी अपना गुस्सा प्रकट करने के लिए मेग्डेबर्ग में एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों में कुछ काले बालाक्लेव पहने तथा हाथों में बैनर लिए थे जिन पर लिखा था, रिइमिग्रेशन या 'आप्रवासियों को बाहर निकालो' तथा 'आप्रवासी हत्यारे हैं'। 'रिइमिग्रेशन' शब्द धुर-दक्षिणपंथी समूहों की एकजुटता का बिंदु बन गया है जो सभी गैर-जर्मन मूल के आप्रवासियों तथा लोगों को जबरन बाहर निकालने की पैरवी कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर में लगाए, 'जर्मनी से प्रेम न करने वाले बाहर जांए' और 'हमें अपने शहरों, अपने गांवों तथा अपनी मातृभूमि को वापस लेना चाहिए।' इस घटना ने जर्मनी में आप्रवास व आप्रवास नीतियों पर विभाजन गहरे कर दिए हैं। आलोचकों का तर्क है कि धुर-दक्षिणपंथी समूह केवल इस त्रासदी का लाभ नस्ली घृणा को बढ़ावा देने तथा अपना आप्रवास-विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने के लिए प्रयोग कर रहे हैं। इस बीच स्थानीय समुदायों ने घृणापूर्ण बयानबाजी का मुकाबला एकजुटता की कार्रवाइयों से करना शुरू किया है। उसी शाम मेग्डेबर्ग में कैथेड्रल चौक से एक मौन जुलूस निकाला गया जिसमें सहभागी पीड़ितों की स्मृति में हाथों में मोमबत्तियां लिए थे। जर्मन अधिकारियों ने शांति की अपील करते हुए घटना की गहन जांच की आवश्यकता पर जोर दिया है। चांसलर ओलाफ़ शुल्ज़ ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए हमले की निन्दा की है। उन्होंने ऐसी त्रासदियों से विभाजनकारी विचाराधाराओं के विस्तार पर भी चिन्ता प्रकट की है। इस हमले ने जर्मनी में आप्रवास के प्रति दृष्टिकोण तथा खुलेपन और जांच के बीच संतुलन बनाने पर बहस तेज की है। जहां धुर-दक्षिणपंथी कठोर उपायों की पैरवी कर रहे हैं, वहीं बहुसांस्कृतिकता के पैरोकार सामूहिक दंड के खतरों के प्रति चेतावनी दे रहे हैं। इस घटना ने संकट के समय यूरोप में सामाजिक एकजुटता की क्षणभंगुरता भी रेखांकित की है। जर्मनी इस भयानक हमले पर शोक प्रकट करने के साथ ही सुरक्षा सरोकारों को संबोधित कर रहा है। वह भय से संचालित ऐसी नीतियों से बचना चाहता है जो समावेशन तथा सहिष्णुता के मूल्यों को नुकसान पहुंचा कर राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे को चोट पहुंचा सकती हैं।

# राष्ट्र निर्माण के 'अटल' आदर्श की शताब्दी

आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई।



नरेंद्र मोदी
(लेखक, भारत के प्रधानमंत्री हैं)



मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं...लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं? अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं...कितने गूढ़ हैं। अटल जी, कूच से नहीं डरे...उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे... जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है..कौन जानता किधर सवेरा...आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था...और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह...वो अपनत्व...वो प्रेम...मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है।

21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी।

वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही, एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए। वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए भी एनडीए गठबंधन की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किए। उनके शासन काल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने ना सिर्फ आर्थिक प्रगति को नई शक्ति दी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों को एक दूसरे से जोड़कर भारत की एकता को भी सशक्त किया।

जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटल जी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे भारत के वर्ग, यानि ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने। उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किए। इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली। उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानवी के जीवन को बदलना ही रहा।

उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है। देश को अब भी 11 मई 1998 का वो गौरव दिवस याद है, एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इसे 'ऑपरेशन शक्ति' का नाम दिया गया। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच कई देशों ने खुलकर नाराजगी जताई, लेकिन तब की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को न्यूक्लियर टेस्ट का एक और धमाका कर दिया गया। 11 मई को हुए परीक्षण ने तो दुनिया को भारत के वैज्ञानिकों की शक्ति से परिचय कराया था। लेकिन 13 मई को हुए परीक्षण ने दुनिया को ये दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के हाथ में है, जो एक अलग मिट्टी से बना है। उन्होंने पूरी दुनिया को ये संदेश दिया, ये पुराना भारत नहीं है। पूरी दुनिया जान चुकी थी, कि भारत अब दबाव में आने वाला देश नहीं है। इस परमाणु परीक्षण की वजह से देश पर प्रतिबंध भी लगे, लेकिन देश ने सबका मुकाबला किया।

वाजपेयी सरकार के शासन काल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आईं। करगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायरना प्रहार किया। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटल जी के लिए भारत और भारत का हित सर्वोपरि रहा। जब भी आप वाजपेयी जी के व्यक्तित्व के बारे में किसी से बात करेंगे तो वो यही कहेगा कि वो लोगों को अपनी तरफ खींच लेते थे। उनकी बोलने की कला का कोई सानी नहीं था। कविताओं और शब्दों में उनका कोई जवाब नहीं था। विरोधी भी वाजपेयी जी के भाषणों के मुरीद थे। युवा सांसदों के लिए वो चर्चाएं सीखने का माध्यम बनतीं।

कुछ सांसदों की संख्या लेकर भी, वो कांग्रेस की कुनीतियों का प्रखर विरोध करने में सफल होते। भारतीय राजनीति में वाजपेयी जी ने दिखाया, ईमानदारी और नीतिगत स्पष्टता का अर्थ क्या है। संसद में कहा गया उनका ये वाक्य... सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए...आज भी मंत्र की तरह हम सबके मन में गूंजता रहता है। वो भारतीय लोकतंत्र को समझते थे। वो ये भी जानते थे कि लोकतंत्र का मजबूत रहना कितना जरुरी है। आपातकाल के समय उन्होंने दमनकारी कांग्रेस सरकार का जमकर विरोध किया, यातनाएं झेली। जेल जाकर भी संविधान के हित का संकल्प दोहराया। राजग की स्थापना के साथ उन्होंने गठबंधन की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित किया। वो अनेक दलों को साथ लाए और राजग को विकास, देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बनाया। पीएम पद पर रहते हुए उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब हमेशा बेहतरीन तरीके से दिया। वो ज्यादातर समय विपक्षी दल में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। एक समय उन्हें कांग्रेस ने गद्दार तक कह दिया था, उसके बाद भी उन्होंने कभी असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया।

उन में सत्ता की लालसा नहीं थी। 1996 में उन्होंने जोड़-तोड़ की राजनीति ना चुनकर, इस्तीफा देने का रास्ता चुन लिया। राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण 1999 में उन्हें सिर्फ एक वोट के अंतर के कारण पद से इस्तीफा देना पड़ा। कई लोगों ने उनसे इस तरह की अनैतिक राजनीति को चुनौती देने के लिए कहा, लेकिन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी शुचिता की राजनीति पर चले। अगले चुनाव में उन्होंने मजबूत जनादेश के साथ वापसी की। संविधान के मूल्य संरक्षण में भी, उनके जैसा कोई नहीं था। डॉ. श्यामा प्रसाद के निधन का उनपर बहुत प्रभाव पड़ा था। वो आपात के खिलाफ लड़ाई का भी बड़ा चेहरा बने। इमरजेंसी केबाद 1977 के चुनाव से पहले उन्होंने 'जनसंघ' का जनता पार्टी में विलय करने पर भी सहमति जता दी। मैं जानता हूं कि ये निर्णय सहज नहीं रहा होगा, लेकिन वाजपेयी जी के लिए हर राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता की तरह दल से बड़ा देश था, संगठन से बड़ा, संविधान था।

हम सब जानते हैं, अटल जी को भारतीय संस्कृति से भी बहुत लगाव था। भारत के विदेश मंत्री बनने के बाद जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भाषण देने का अवसर आया, तो उन्होंने अपनी हिंदी से पूरे देश को खुद से जोड़ा। पहली बार किसी ने हिंदी में संयुक्त राष्ट्र में अपनी बात कही। उन्होंने भारत की विरासत को विश्व पटल पर रखा। उन्होंने सामान्य भारतीय की भाषा को संयुक्त राष्ट्र के मंच तक पहुंचाया। राजनीतिक जीवन में होने के बाद भी, वो साहित्य और अभिव्यक्ति से जुड़े रहे। वो एक ऐसे कवि और लेखक थे, जिनके शब्द हर विपरीत स्थिति में व्यक्ति को आशा और नव सृजन की प्रेरणा देते थे। वो हर उम्र के भारतीय के प्रिय थे। हर वर्ग के अपने थे।

मेरे जैसे भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं को उनसे सीखने का, उनके साथ काम करने का, उनसे संवाद करने का अवसर मिला। अगर आज बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है तो इसका श्रेय उस अटल आधार को है, जिसपर ये दृढ़ संगठन खड़ा है।

उन्होंने बीजेपी की नींव तब रखी, जब कांग्रेस जैसी पार्टी का विकल्प बनना आसान नहीं था। उनका नेतृत्व, उनकी राजनीतिक दक्षता, साहस और लोकतंत्र के प्रति उनके अगाध समर्पण ने बीजेपी को भारत की लोकप्रिय पार्टी के रूप में प्रशस्त किया। श्री लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गजों के साथ, उन्होंने पार्टी को अनेक चुनौतियों से निकालकर सफलता के सोपान तक पहुंचाया। जब भी सत्ता और विचारधारा के बीच एक को चुनने की स्थितियां आईं, उन्होंने इस चुनाव में विचारधारा को खुले मन से चुन लिया। वो देश को ये समझाने में सफल हुए कि कांग्रेस के दृष्टिकोण से अलग एक वैकल्पिक वैश्विक दृष्टिकोण संभव है। ऐसा दृष्टिकोण वास्तव में परिणाम दे सकता है।

आज उनका रोपित बीज, एक वटवृक्ष बनकर राष्ट्र सेवा की नव पीढ़ी को रच रहा है। अटल जी की 100वीं जयंती, भारत में सुशासन के एक राष्ट्र पुरुष की जयंती है। आइए हम सब इस अवसर पर, उनके सपनों को साकार करने के लिए मिलकर काम करें। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करें, जो सुशासन, एकता और गति के अटल सिद्धांतों का प्रतीक हो। मुझे विश्वास है, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के सिखाए सिद्धांत ऐसे ही, हमें भारत को नव प्रगति और समृद्धि के पथ पर प्रशस्त करनें की प्रेरणा देते रहेंगे।

# कार्यस्थल पर बुद्धिमत्ता से सफलता

"उच्च कार्यस्थल बुद्धिमत्ता वाले कर्मचारी अपने कार्यों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर सकते हैं।"

साक्षी सेठी
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



आज के गतिशील कार्य वातावरण में, कार्यस्थल बुद्धिमत्ता व्यक्तिगत विकास, टीम सामंजस्य और संगठनात्मक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आधारशिला बन गई है। कार्यस्थल बुद्धिमत्ता व्यक्तियों और संगठनों की प्रभावी समझ, संचार और निर्णय लेने के माध्यम से पेशेवर वातावरण में नेविगेट करने, अनुकूलन करने और पनपने की क्षमता को संदर्भित करती है।

इसमें भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सामाजिक बुद्धिमत्ता और संज्ञानात्मक बुद्धिमत्ता को तकनीकी प्रगति के साथ मिलाया जाता है, जिससे विषाक्तता के मूल कारणों को संबोधित करने और सकारात्मक कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण तैयार होता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि ऐसी बुद्धिमत्ता न केवल एक स्वस्थ, सामंजस्यपूर्ण और उत्पादक पेशेवर वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, बल्कि व्यक्तियों और संगठनों को ऐसे विषाक्त व्यवहारों की पहचान करने, उन्हें कम करने और रोकने के लिए उपकरण भी प्रदान करती है जो मनोबल, सहयोग और समग्र सफलता को कमजोर कर सकते हैं। अक्सर यह माना जाता है कि उच्च कार्यस्थल बुद्धिमत्ता वाले कर्मचारी अपने कार्यों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर सकते हैं और न्यूनतम व्यवधान के साथ नई चुनौतियों के अनुकूल हो सकते हैं।

संज्ञानात्मक और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का लाभ उठाकर, वे प्रभावी रूप से प्राथमिकता दे सकते हैं और ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जिससे उत्पादकता में सुधार होता है। साथ ही, सामाजिक और भावनात्मक बुद्धिमत्ता उन्हें दूसरों के साथ सामंजस्यपूर्ण ढंग से काम करने, प्रभावी संचार को बढ़ावा देने और संघर्षों को कम करने में सक्षम बनाती है। कार्यस्थल



बुद्धिमत्ता वाले नेताओं द्वारा अपनाई गई मजबूत टीमवर्क विश्वास और प्रेरणा को प्रेरित करती है और स्पष्टता और सहानुभूति के साथ जटिल चुनौतियों से निपटती है। यह रचनात्मकता, नवाचार और उनके सामूहिक लक्ष्यों की प्राप्ति को भी बढ़ाती है और तनाव को भी कम करती है, मनोबल बढ़ाती है और समग्र नौकरी की संतुष्टि में योगदान देती है। तेजी से तकनीकी प्रगति और बाजार की गतिशीलता में बदलाव के युग में, कार्यस्थल बुद्धिमत्ता कर्मचारियों और संगठनों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए आवश्यक लचीलापन और अनुकूलनशीलता से लैस करती है। भावनात्मक और सामाजिक बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देकर, कार्यस्थल बुद्धिमत्ता विषाक्त व्यवहारों की पहचान करने और उन्हें कम करने में मदद करती है, जिससे एक सकारात्मक और सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित होता है।

प्रशिक्षण और विकास को बढ़ावा देकर, संगठन भावनात्मक बुद्धिमत्ता, संचार कौशल और तकनीकी दक्षता पर ध्यान केंद्रित करने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश कर सकते हैं। खुले और रचनात्मक प्रतिक्रिया तंत्र कर्मचारी को समय के साथ अपने कार्यस्थल बुद्धिमत्ता को विकसित करने और परिष्कृत करने में मदद करते हैं। विविधता और समावेश पर जोर देने से व्यक्तियों को विभिन्न पृष्ठभूमि और दृष्टिकोणों के लोगों के साथ बातचीत करके सामाजिक बुद्धिमत्ता विकसित करने में मदद मिलती है।

निरंतर सीखने और अनुकूलनशीलता को प्रोत्साहित करने से यह सुनिश्चित होता है कि कर्मचारी चुस्त और नए विचारों और तरीकों के लिए खुले रहें। याद रखें, उच्च कार्यस्थल बुद्धिमत्ता वाले कार्यबल में रचनात्मक समाधान उत्पन्न करने और नवाचार को आगे बढ़ाने की अधिक संभावना होती है। कर्मचारियों के उन संगठनों में बने रहने की अधिक संभावना होती है जहाँ उन्हें मूल्यवान, समर्थित और सशक्त महसूस होता है। आज, हेनेकेन, कूली, क्रूज़ ऑटोमेशन, अर्बन कंपनी, अमेज़ॅन, चिपोटल और कई अन्य कंपनियाँ शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने और हितधारकों के साथ विश्वास बनाने के लिए कार्यस्थल बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती हैं। कार्यस्थल बुद्धिमत्ता के विकास में निवेश करके, संगठन ऐसे वातावरण बना सकते हैं जो सहयोग, नवाचार और स्थायी सफलता को बढ़ावा देते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे लगातार विकसित हो रही दुनिया में चुस्त और प्रतिस्पर्धी बने रहें।

जैसे-जैसे संगठन वैश्वीकरण और डिजिटल परिवर्तन की जटिलताओं को नेविगेट करना जारी रखेंगे, कार्यस्थल बुद्धिमत्ता का महत्व केवल बढ़ेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिमोट वर्क और विविध टीमें नए प्रतिमान बना रही हैं जो पारस्परिक और तकनीकी गतिशीलता की अधिक सूक्ष्म समझ की मांग करती हैं लेकिन जो संगठन कार्यस्थल बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने में निवेश करते हैं, उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी, क्योंकि उनके कर्मचारी लगातार बदलती दुनिया में अनुकूलन, नवाचार और नेतृत्व करने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे।

## आप की बात

### सत्ताविहीन विपक्ष की उग्रता

जिस तरह से संसद में बीते गुरुवार जो घटनाक्रम हुआ उससे यही निष्कर्ष निकलता है कि सत्तालोलुप विपक्ष की व्यग्रता अब उग्रता में परिवर्तित होने लगी है। संसद संचालन में जैसे व्यवधान डाले जा रहे हैं, उससे भारत के संविधान और संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रति अनादर का भाव का ही प्रकटीकरण होता है। जो लोग संसद से लेकर सड़क तक संविधान बचाने की बात करते हैं, उनके पूर्वजों ने ही अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल घोषित कर भारतीय संविधान का गला घोंट दिया था। आज विपक्ष में बैठी कांग्रेस गृहमंत्री अमित शाह के आधे-अधूरे वक्तव्य को लेकर जिस तरह संसद को ठप करके व अम्बेडकर का अपमान करने वाला झूठ फैलाकर, देश को भ्रमित करने का काम कर रही है। देश का जनमानस अभी यह भूला नहीं है कि विपक्ष में बैठी इसी कांग्रेस के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों ने स्वयं को भारत रत्न से विभूषित कराकर सरदार पटेल और अम्बेडकर जैसी अनेक विभूतियों की अनदेखी और अनादर करने का काम किया था। आज संविधान की प्रति को जेब में रखकर घूमने वाली कांग्रेस के पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि उसने सत्ता में रहते हुए डॉ. अम्बेडकर को भारत रत्न जैसे सम्मान से वंचित क्यों रखा था? पूरा देश जानता है कि कांग्रेस और विपक्ष की मंशा संविधान के नाम पर केवल सत्ता की चाबी हासिल करने की रही है।

**- अंकित सोनी**, मनावर, मप्र

### सराहनीय प्रयास

15 वर्ष से कम उम्र के बच्चो पर मोबाइल उपयोग पर बंदिश लगाने के बोहरा समाज के निर्णय सराहनीय है। आजकल बच्चो में मोबाइल एक खतरनाक लत का रुप ले चुका है। इसके कारण बच्चे समाज सर्कल और परिवार से कटते जा रहे है। खेलकूद एवं अन्य बाहरी गतिविधियो को त्याग वे एक कमरे में सिमट कर रह गए है । मोबाइल से जुडे इंटरनेट तथा सोशल मीडिया में ऐसी अनेक अवांछित बाते आ जाती हे, जो बाल और किशोर मन मस्तिष्क पर विपरीत प्रभाव डालती है।एक रिपोर्ट के मुताबिक 46त्न भारतीय बच्चे सोशल मीडिया ओटीटी एवं आनलाईन गेम से जुडे होते है।इस वजह से बच्चे आलसी हो रहे है।उनमें मोटापा और मधुमेह जैसे रोग बढ रहे है।वहीं मानसिक अवसाद के भी शिकार हो रहे है। मोबाइल पर अवांछित लोगो से संपर्क,खतरनाक गेम आदि से भी उनका बचपन और आदते प्रभावित हो रही है। अतः बंदिश के साथ साथ बच्चो को मोबाइल से उत्पन्न इन खतरो से आगाह करते हुए उन्हे नैतिक संबल दिया जाए। अमेरिका और आस्ट्रेलिया जैसे देश इसके खतरो को भांपकर निषेधात्मक कदम उठा चुके है। मोबाइल से बच्चो को दूर रखने के लिए सरकारी कानून भी इतने प्रभावी नहीं होंगे जितनी पारिवारिक एवं सामाजिक पहल। बोहरा समाज की यह पहल का अन्य समाज के लिए भी अनुकरणीय है।

**- विमलेश पगारिया**, बदनावर, मप्र

### पीढ़ियों के लिए वरदान

**कैंसर** का नाम ही सभी के मन में भय उत्पन्न करता है। अब इस भय को कम करने में कोई हानि नहीं है, क्योंकि रूस ने दावा किया है कि उसने कैंसर के लिए एक वैक्सीन विकसित की है। यह एमआरएनए आधारित वैक्सीन अगले साल के शुरुआती महीनों में उपयोग के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है, जैसा कि रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर ने बताया है। इसका मतलब है कि नया साल (2025) कैंसर रोगियों और पूरी दुनिया के लिए आशा की एक किरण लेकर आएगा। कैंसर को पूरी तरह से मिटाने के प्रयास पश्चिमी देशों में जारी हैं। अमेरिका के फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क कैंसर के रोगियों पर एक वैक्सीन का परीक्षण किया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। वैक्सीन लेने के दो दिनों के भीतर रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। ब्रिटेन में त्वचा कैंसर के लिए एक वैक्सीन का परीक्षण चल रहा है, और इसके परिणाम भी आशाजनक हैं। वर्तमान में, ऐसा प्रतीत होता है कि कैंसर वैक्सीन विकसित करने में रूस ने बढ़त हासिल कर ली है। हालांकि रूस ने इस वैक्सीन के विकास की घोषणा की है, पश्चिमी शोधकर्ताओं को अब भी इसकी प्रभावशीलता को लेकर संदेह है। यह वैक्सीन रोगियों के ट्यूमर से प्राप्त आनुवंशिक घटकों का उपयोग कर विकसित की गई है।

**- दत्ताप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

### दिल्ली में चुनाव

**दिल्ली** में चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। एक ओर विपक्ष द्वारा सरकार की घोषणाओं के झुठे वादों की पोल खोली जा रही है दुसरी ओर केजरीवाल जी बहनों को साधने में लगे हुए हैं। मुफ्त की खोखली घोषणाओं का बोलबाला कर रहे हैं और कहे रहे हमें टाईम नहीं मिला पहले कोरोना का साया आया फिर झुठे मुकदमे में पूरी पार्टी को फंसाया गया अब हम सब चक्करों से बहार आ गये। आप पूरी दिल्ली को 24 घंटे शुद्ध पानी मिलेगा। पहले ही यमुना नदी के हाल-बेहाल है दुषित पानी व हर साल छंट पूजा के लिए गंदगी का आलम भी आम बात है। फिर क्यों वादों की घुट्टी पिलाई जा रही है। चुनावी वादों की खोखली घोषणाओं में जनता कब तक इसी तरह फंसती रहेगी। वहीं दुसरी ओर कांग्रेस व भाजपा दिल्ली में अपनी बात ही नहीं रख पा रही है। सिर्फ आपसी खींचतान से उलझ कर रह गई है। चुनावी विसात पर वर्तमान राजनीति बहुत ही भोगवादी हो गई है फायदों का गणित ने जनता की सुनवाई नहीं होती और मुफ्त की रेवड़ी कल्चर ने राजनीति दुषित कर दिया है।

**- हरिहर चौहान**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिला चिकित्सालय बेमेतरा राज्य में प्रथम आने पर मुख्यमंत्री के हाथों हुआ सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय बेमेतरा ने कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त हुई है। मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मान रायपुर स्थित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय बेमेतरा को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्य के 95.82% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिला चिकित्सालय बेमेतरा को सम्मानित किया गया।

### मूल्यांकन के मानक और सफलता

कायाकल्प कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के 8 प्रमुख मानकों–अस्पताल रखरखाव, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सहायक सेवाएं, स्वच्छता प्रचार-प्रसार, अस्पताल की सीमा के बाहर की सेवाएं और पर्यावरण अनुकूलता–पर संस्थान का मूल्यांकन किया गया। इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिला चिकित्सालय बेमेतरा को यह सम्मान मिला।

### टीम की मेहनत और सहयोग

इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा और सीएमएचओ डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी और गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं प्रदान करते रहने के लिए प्रेरित किया। जिला चिकित्सालय के आर एम ओ डॉ दीपक मीरे एवं अस्पताल सलाहकार डॉ स्वाति यदु ने इसे पूरी टीम की मेहनत और निष्ठा का परिणाम बताया। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे सीएमएचओ, सिविल सर्जन के साथ डीपीएम लता बंजारे की मार्गदर्शन और जिला चिकित्सालय में पदस्थ समस्त विशेषज्ञ डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग स्टॉफ, पैरामेडिकल स्टॉफ, एन एच एम स्टॉफ, एन आर सी स्टॉफ, एस एन सी यू स्टॉफ, एनसीडी स्टॉफ, आईसीटीसी स्टॉफ, एक्सरे स्टॉफ सभी चतुर्थ वर्ग कर्मचारी और अन्य कर्मचारियों का समर्पण है।

### भविष्य की प्रेरणा

राज्य स्तरीय सम्मान मिलने से न केवल स्वास्थ्य विभाग में उत्साह का संचार हुआ है, बल्कि क्षेत्र की जनता को निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का संकल्प भी सशक्त हुआ है।

# बाबा सिर्फ सतनामी समाज के नहीं सम्पूर्ण मानवता के गुरु : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत सीतापार में गुरूबाबा घासीदास की जयंती कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने जोड़ा जैतखाम्भ के दर्शन कर बाबा के तैलचित्र की पूजा अर्चना की, आस पास के गांव से आये हुए युवाओ ने पंथी नृत्य कर बाबा के महिमाओं का गुणगान किया, ऊर्जा से ओत प्रोत पंथी नृत्य दल के सदस्यों को बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के हाथों से सम्मान दिलाया गया, अपने उद्बोधन में निर्वाणी ने कहा कि परमपूज्य गुरु बाबा घासीदास सिर्फ सतनामी समाज के गुरु के तौर पर नही अपितु पूरे मानवता के गुरु के रूप में आधुनिक विश्व का मार्ग प्रसस्त कर रहे हैं, बाबा की कही बात मनखे मनखे एक समान यह अब विश्व मंत्र है, मनुष्यता एक है, मनुष्यो में कोई भेद या अंतर नहीं इस लाइन में सारे वेदों का मानो सार छुपा है,इस सारतत्व को बताने के लिए वेद और ऋचाएं लिखी गई जिसे बाबा गुरु घासीदास जी ने एक वाक्य में कह



दिया, सतनाम पंथ सत्य की आराधना का पंथ है इससे पवित्र और क्या हो सकता है, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का महंत गणेश, रवीं बांधे, दिलीप आडिल,सविता जोशी, कुसुम रात्रे, जानकी आडिल, सुनीता बंजारे सहित उपस्थित जन मानस ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जयंती कार्यक्रम में अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने भी बाबा के आदर्शों पर अपने विचार रखते हुए सभी को बाबा घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी।

# बाईपास सड़क के निर्माण नहीं होने से यातायात का दबाब बढ़ा

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बाईपास सड़क के निर्माण नहीं होने की वजह से इन दिनो राजहरा नगर के मुख्य मार्ग में यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। जिसके चलते कई घटनाएं, दुर्घटना घटित हो चुकी है, इसके बावजूद भी प्रशासन एवं शासन का ध्यान नहीं जा रहा है। बाईपास सड़क निर्माण की मांग कई सालों से की जा रही है। इसके पीछे कारण यह है कि नगर के बीच से निकले मुख्य मार्ग में इन दिनों भारी वाहनों का आना जाना काफी बढ़ गया है। बस्तर क्षेत्र से निजी खदानों से लौह अयस्क भरकर रायपुर की ओर जाने वाली सारी गाड़ियां दल्लीराजहरा नगर से गुजर कर निकलती है इसके साथ ही छोटे-बड़े वाहनों का भी आना जाना लगातार लगा हुआ है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही इस मुख मार्ग में घोटुल मुंडा बैरियर के आसपास गाड़ियों की भिड़ंत से कुछ लोगों की मौत हो गई थी इसके अलावा कई छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। जिला प्रशासन इस बात को साफ नहीं कर रहा है की बाईपास सड़क का निर्माण कार्य कब से आरंभ होगा यदि यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया तो आने वाले दिनों में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है साथ ही दुर्घटनाओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हो सकती है ज्ञात रहे की नगर के बीच से निकले मुख्य मार्ग को देखते हुए यह नीति बनी है कि शहर से निकलने वाली भारी वाहनों के लिए बाईपास सड़क का निर्माण करवाया जाए परंतु शासन में बैठे नुमाइंदो को इस बात की कतई चिंता नहीं है कि बाईपास सड़क बनवाया जाए या ना बनवाया जाए। एक प्रकार से देखा जाए तो इस नगर के विकास एवं सुविधा के मद्दे नजर शासन का ध्यान बिल्कुल भी नहीं जा रहा है इस नगर को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

# अटल परिसर भूमिपूजन कार्यक्रम में आभासी माध्यम से जुड़े मुख्यमंत्री साय





पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100 वीं जयंती के अवसर पर कुम्हारी नगर पालिका परिषद द्वारा अटल सुशासन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 15 स्थित दुर्गा मंच हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम में 30 लाख की लागत से अटल परिसर निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्य का भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया। ज्ञातव्य हो कि 163 नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय पूरे प्रदेश भर में आभासी माध्यम से स्थान स्टेडियम सलिया टोली कुनकुरी जिला जशपुर से जुड़े। कार्यक्रम के अवसर पर कुम्हारी नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, पार्षद रागिनी निषाद, विनोद बंजारे, ओंकार मार्कण्डेय, मिथलेश यादव, राजू निषाद, रामकुमार सोनी, पीएन दुबे, गोल्डी गोस्वामी, मनोज वर्मा, आलोक दुबे, सुजीत यादव, फिंगेश्वर साहू, प्रणव श्रीवास्तव, उमाकांत साहू, रीता पाण्डेय, तृप्ति चंद्राकर, कोमल दुबे सहित कार्यक्रम में मुख्य नगर अधिकारी नेतराम चंद्राकर, अभियंता प्रकाश थवानी, छाया साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता नगरवासी एवं पालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शांत क्रांति युथ विंग ने किया नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उड़ीसा स्तरीय प्रांतीय सम्मलेन में शांत क्रांति युथ विंग ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो विकासखण्ड साजा की शिक्षिका प्रतीक जैन का सम्मान किया। यह सम्मान राजनांदगाँव में उन्हें प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें संस्था, शाला, संघ और समाज के प्रति कर्तव्य निष्ठा, दिव्यांगता के लिए किए गए उनके विशेष पहल एवं जागरूकता कार्यक्रम तथा स्न्न के लिए किए गए उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन को मोस्ट एक्टिव पर्सनालिटी फीमेल से सम्मानित किया गया है। शांत क्रांति युथ विंग उनके राष्ट्रीय संघ अखिल भारतीय श्री शांत क्रांति संघ के युवाओं की एक शाखा है जो कि प्रांतीय स्तर पर राष्ट्रीय संघ की नीतियों एवं आदेशों का पालन एवं क्रियान्वयन करती है। यह सम्मान शिक्षिका प्रतीक जैन को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। स्न्न मिशन जो कि परम पूज्य गुरुदेव 1008 विजय राज महाराज साहब के नेतृत्व में संघ के द्वारा पूरे विश्व में आत्महत्या के रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है में शिक्षिका को लगभग ढाई साल पहले छत्तीसगढ़ प्रदेश का ग्रामीण प्रभारी बनाया गया था। उनके कार्य एवं कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए नवंबर 2024 में उन्हें पूरे छत्तीसगढ़ का सुसाइड फ्री यूनिवर्स का प्रभारी



बनाया गया है। शिक्षिका ने इस अभियान में पूरे तन मन धन एवं निःस्वार्थ भाव से संघ एवं समाज की सेवा की है। लगभग तीन हज़ार लोगों को शिक्षिका ने गुरुदेव की प्रेरणा से आत्महत्या ना करने का संकल्प दिलाया है। इसके अतिरिक्त शिक्षिका अनवरत आठ साल से दिव्यांगता आधारित भी जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। दिसंबर 2024 में इसके सन्दर्भ में अपनी शाला में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया था। पूरे छत्तीसगढ़ में अभी तक शिक्षिका बीस पालकों का दिव्यांगता के सन्दर्भ में उचित मार्गदर्शन कर चुकी हैं। इस अवसर पर भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वैभव गोलछा, वर्तमान अध्यक्ष सपन कांकरिया, प्रांतीय अध्यक्ष प्रिन्स गोलछा, महामंत्री महावीर संचेती एवं संघ के लगभग दो सौ सदस्य उपस्थित थे।

# भागवत कथा आयोजक समिति के 12 सदस्यों का सम्मान





पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 26 एवं 27 की मातृ शक्ति द्वारा आयोजित भागवत सप्ताह के उपरांत वार्ड की आयोजक समिति की 12 सदस्यों का सम्मान समाज सेवी बॉबी छतवाल द्वारा किया गया। समिति की बहनों का सम्मान शाल और श्रीफल भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में बॉबी छतवाल ने कहा कि भागवत सप्ताह का आयोजन करके वार्ड की बहनों ने धर्म करम के प्रति अपनी जो रुचि दिखाई है वह सराहनीय है एवं बहुत ही जिम्मेदारी वाला कार्य है। उन्होंने आगे कहा कि आज के युग में कोई यह नहीं कह सकता कि औरत सिर्फ घर का काम ही कर सकती है और कुछ नहीं,एक नारी यदि चाह ले तो वह बड़े से बड़े कार्य को सम्पन्न कर सकती है चाहे वह धार्मिक, सामाजिक या राजनीतिक कार्य ही क्यों ना हो। मंडल महामंत्री रमेश गुजर ने भी वार्ड की माताओं को उनके इस सराहनीय कार्य की बधाई दी। इन बहनों का सम्मान किया गया ललिता साहू, रखूं यादव, दुलारी यादव, सीमा यादव, पिला बाई, रेवती साहू, सरस्वती यादव, गुंजा बाई, गायत्री, चित्रश्वरी यादव, खुशबू ये सभी माताएं महतारी वंदन का लाभ भी ले रही है, इनसे महतारी वंदन योजना के विषय में चर्चा की दौरान लाभ ले रही बहनों ने बताया कि हर माह एक हजार रुपए बराबर उनके खाते में पहुंच रहे है,जब से विष्णु देव साय की सरकार आई है, माताओं बहनों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है, महतारी वंदन की राशि से घर का खर्च चलाने मै काफी मदद मिल रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद अदा किया।

# उदयपुर 10 दिवसीय सीसीआरटी प्रशिक्षण में बेमेतरा जिले की रही भागीदारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर सीसीआरटी प्रशिक्षण उदयपुर राजस्थान में छत्तीसगढ़ के शिक्षक शिक्षिकाओं की टीम के द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। 10 दिन तक चलने वाले सीसीआरटी प्रशिक्षण का रंगारंग समापन हो गया। जिसमें छत्तीसगढ़ से 14 शिक्षक शामिल हुए। इसमें हमारे बेमेतरा जिले की शासकीय प्राथमिक शाला (सीबीएसई) बेरला की शिक्षिका प्रतिभा साहू शामिल हुई। कार्यक्रम संयोजक हितेश पाणिनी और क्षेत्रीय संयोजक ओ पी शर्मा के द्वारा सभी प्रतिभागियों को सुंदर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। 10 दिनों तक चलने वाले सीसीआरटी प्रशिक्षण का विषय हमारी सांस्कृतिक विविधता था। इस कार्यशाला के दौरान अभिव्यक्ति एवं व्यक्तित्व विकास, मिट्टी से बर्तन बनाना, पेपर क्राफ्टिंग,



बुक बाइंडिंग, कठपुतली निर्माण की प्रायोगिक कार्यशाला में सम्मिलित होकर कार्य को स्वयं से करके सीखा। शिक्षिका प्रतिभा साहू कहती है कि प्रख्यात गजल गायक, गजल लेखक, संगीत कंपोजर, डॉ प्रेम भंडारी, जिन्होंने गजल गायक जगजीत सिंह के लिए भी गजल लिखे व कंपोज किये है उनके द्वारा संगीत सीखने का सुनहरा अवसर मिला। बेमेतरा की शिक्षिका प्रतिभा साहू के अलावा अन्य जिले से रश्मि सोनी, अमित जायसवाल, अरशद खान, संजय पैकरा, राहुल पांडे, अजय कुमार, विजेंद्र सिंह, नेहा सिंह, काजल चंद्राकर, श्वेता नवरंगे, शालिनी मिश्रा, नरेंद्र चंद्रा, निर्मला शर्मा शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधता को जानने व समझने का अवसर मिला। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा क्यों कहा जाता है। छत्तीसगढ़ के पर्यटन व सांस्कृतिक स्थलों के बारे में जानकारी दी गई। भिलाई नगर जिसे मिनी भारत भी कहा जाता है वहां स्थित भिलाई स्टील प्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध शाल कोसा का शाल भी अतिथियों को भेंट किया गया। सीसीआरटी उदयपुर के स्कॉलर प्रोफेसर, वीरपाल सिंह राणा और संयोजक हितेश पाणिनी ने छत्तीसगढ़ की अत्यंत खूबसूरत सांस्कृतिक विरासत को हमें बचा कर रखना है। सीसीआरटी का यह प्रशिक्षण लोक कला और संस्कृति को निखारने में मदद करता है। प्रशिक्षण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के इन शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बहुत ही शानदार मंचीय प्रस्तुति की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की राजकीय गीत अरपा पैरी के धार...., पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुवा गीत, मोर बिछिया गंवागे, मोर छत्तीसगढ़ ल कहिथे भैया धान के कटोरा व अन्य लोकगीत व संस्कृति को गीत और नृत्य के माध्यम से बेमेतरा जिले के शासकीय प्राथमिक शाला (सीबीएसई) बेरला से शिक्षिका प्रतिभा साहू व सहयोगियों ने बहुत शानदार प्रस्तुति दी। जिसे काफी सराहा गया। छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं संस्कृति को उदयपुर राजस्थान के मंच में इन शिक्षक शिक्षिकाओं ने जीवंत कर दिया। इस अवसर पर प्रतिभागी शिक्षिका प्रतिभा साहू ने कहा कि सांस्कृतिक योग्यता प्रशिक्षण एक संरचित शिक्षा कार्यक्रम है। जिसे किसी व्यक्ति की विविध संस्कृतियों के प्रति समझ और संवेदनशीलता को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थियों को विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लोगों के साथ सहानुभूतिपूर्ण और सम्मानजनक तरीके से बातचीत करने का ज्ञान देना है। सीसीआरटी का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय कला और संस्कृति में निहित दर्शन, सौंदर्यशास्त्र और सौन्दर्य की समझ और प्रशंसा प्रदान करते हैं तथा पाठ्यक्रम शिक्षण में सांस्कृतिक घटक को शामिल करने के लिए कार्यप्रणाली तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

## विधायक दिपेश साहू ने सुशासन संकल्प की शपथ दिलाई

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कुसमी मे मनाया गया सुशासन दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर आज 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के चारो विकासखंड में विभिन्न सुशासन कार्यक्रम का आयोजन कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इसी क्रम में बेमेतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कुसमी मे भी सुशासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, सरपंच नीमा वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित जिला अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम मे स्थानीय विधायक दिपेश



साहू द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं आमजनता को सम्बोधित करते हुये कहा कि भारतीय राजनीति और जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। जब भी सत्ता और विचारधारा के बीच एक को चुनने की नौबत आई, तो अटल बिहारी वाजपेयी ने विचारधारा को खुले मन से चुना। वह ज्यादातर विपक्ष में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। विधायक ने सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए गए सुशासन के कार्यों की सराहना की और उन्हें जनता के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता, जनहित के फैसले और विकास योजनाओं में तेजी लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। सुशासन दिवस पर विधायक ने विशेष रूप से सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन के कारण आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है, जिससे लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है।

### विधायक ने दिलाई सुशासन दिवस

विधायक दिपेश ने प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलायी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सुशासन दिवस के अवसर पर सुशासन का अर्थ समझाते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य जनता को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देना है। सुशासन का अर्थ है ऐसा शासन, जिसमें सभी नागरिकों को बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिले, और प्रशासनिक तंत्र ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करे। उन्होंने बताया कि सुशासन का मतलब है कानून और नियमों का पालन करते हुए विकास को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार को खत्म करना, और जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना। उन्होंने सुशासन दिवस पर राज्य सरकार की तीन प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए सुशासन का अर्थ बताया। उन्होंने महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे दूर-दराज के गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों के निर्माण से न केवल गांवों में आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि विकास के अन्य अवसर भी प्राप्त हुए हैं। सुशासन दिवस के अवसर पर विधायक दीपेश के साथ उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी नागरिकों के समक्ष अपने विचार रखे। उन्होंने सुशासन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक मजबूत और पारदर्शी प्रशासनिक तंत्र ही नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकता है और समाज के विकास को गति दे सकता है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं का सही और प्रभावी क्रियान्वयन ही सुशासन की आधारशिला है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और सुशासन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों को यह भी प्रेरित किया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करें और समाज में जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपना योगदान दें। उद्बोधन में जनप्रतिनिधियों ने विशेष रूप से भ्रष्टाचार, असमानता और धीमी प्रशासनिक प्रक्रियाओं से निपटने की जरूरत पर बल दिया और सुशासन को इन समस्याओं का समाधान बताया।

# बाबा घासीदास जयंती में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम ढाबा व ग्राम सोड में आयोजित बाबा घासीदास जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा छत्तीसगढ़ सतनामी समुदाय के अनुयायियों के लिए गुरु घासीदास जयंती अत्यंत महत्वपूर्ण है। गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना 'सतनाम' के सिद्धांत पर की, जिसका अर्थ है सत्य और समानता। वे एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे जिन्होंने जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। गुरु घासीदास ने सत्य का प्रतीक जय स्तंभ की रचना की एक सफेद रंग का लकड़ी का लट्ठा, जिसके शीर्ष पर एक सफेद झंडा होता है, जो सत्य के मार्ग पर चलने वाले श्वेत व्यक्ति का प्रतीक है। 'सतनाम' सदैव स्थिर रहता है और सत्य का स्तंभ (सत्य स्तंभ) माना जाता है तथा मनखे मनखे एक समान के महान विचार से समाज में समरसता और समानता की अलख जगाने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के बताऐ रास्ते पर सतनामी समाज के द्वारा पंथी का जो आयोजन किया गया है। साथ ही अखाड़ा एवं मड़ाई का आयोजन बहुत ही सराहनीय है बाबा गुरु घासीदास ने हमें जीवन जीने का तरीका सिखाया है।

# समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए मातहत अधिकारियों को निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com

जिले के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को स्वामित्व योजना और विभिन्न राजस्व प्रकरणों का पूरी गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का तेजी से तथा उचित रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए है। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है, समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी चुनाव के लिए की जा रही आरक्षण प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी व सभी सीईओ और सीएमओ को आगामी नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सभी सीईओ और सीएमओ को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुवे आगामी निर्वाचन के लिए आरक्षण सहित सभी आवश्यक तैयारियां सुव्यस्थित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिएसाप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में चल रहे धान खरीदी कार्य के बारे में फूड, मार्कफेड सहित संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में सुव्यवस्थित धान खरीदी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिले में सुव्यस्थित ढंग से धान खरीदी कार्य करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जनपदवार प्रधानमंत्री



आवास योजना अंतर्गत प्रथम क़िस्त भुगतान की स्थिति, आवास निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा स्वीकृत कार्यों, मनरेगा के बारे में जानकारी ली तथा सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारीयों को सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और शेष बचे आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन,चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत किए जाने वाले भर्ती प्रक्रियाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास अधिकारी को सक्ती जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए है,समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में आमजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने तथा आमजनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए सभी ब्लॉक के चिन्हांकित ग्रामों में शुरू किए गए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अंतर्गत 27 दिसंबर 2024, शुक्रवार को विकासखंड डभरा के हायर सेकंड्री स्कूल टुण्ड्री में शिविर आयोजन की व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले सभी विभाग प्रमुख को उक्त शिविर में स्वयं उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की जानकारी गांव-गांव के लोगों तक पहुंचाने के लिए मुनादी कराते हुवे तथा अन्य विभिन्न माध्यमों से जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक करने कहा। साथ ही सभी विभाग प्रमुख को भी विभिन्न जिला और विकासखंड स्तर के कार्यालयों में आने वाले आमजन को शिविर आयोजन की जानकारी देने तथा आमजन को अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य लोगों को भी शिविर आयोजन की जानकारी देने के लिए प्रेरित करने कहा। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक शिविर आयोजन की जानकारी पहुंचाई जा सके,समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-केवायसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी के एस पैकरा, अपर कलेक्टर व डभरा एसडीएम बालेश्वर राम, परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज, जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार विद्या भूषण साव, तहसीलदार डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा मनमोहन सिंह, तहसीलदार बाराद्वार गरिमा मनहर, अतिरिक्त तहसीलदार बाराद्वार सुशीला साहू, तहसीलदार भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## गुरु गोबिंद सिंह महाराज के पावन प्रकाश पर्व की खुशियाँ मनाने के लिए, नगर कीर्तन का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** गुरु गोबिंद सिंह महाराज के पावन प्रकाश पर्व की खुशियाँ मनाने के लिए, नगर कीर्तन का आयोजन गुरुद्वारा साध संगत से सुबह 09:00 बजे आरंभ होगा। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा साध संगत से चलकर विभिन्न प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पर समाप्त होगा। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साध संगत, राजस्थान भवन, गांधी चौक राम मंदिर, जैन मंदिर, फव्वारा चौक, गांधी चौक, पुराना नगर पालिका तिराहा, विवेकानंद चौक होते हुये गुरुद्वारा पहुँचेगा। इस नगर कीर्तन के उपरांत दोपहर 12:30 बजे गुरु का अतुट लंगर भी वितरित किया जाएगा। आमजनों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस शुभ अवसर पर गुरु घर की खुशियाँ प्राप्त करें।

# महिला जागरण मंडल का भव्य धार्मिक आयोजन: नए साल के मौके पर होगा रानी सती दादी का महामंगल

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com




महिला जागरण मंडल द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 01 जनवरी एवं 02 जनवरी 2025 को हिंदुस्तान की सुप्रसिद्ध मंगल पाठ गायिका सुरभि बिरजुका (सूरत) द्वारा खरसिया की पावन धरा पर किया जावेगा। 1 जनवरी 2025, समय- दोपहर 3 बजे से दादी के भजनों के साथ शानदार म्यूजिकल हाऊजी का कार्यक्रम किया जावेगा एवं 2 जनवरी 2025, समय- दोपहर 12 बजे से दादी के 108 महामंत्रो के साथ सवामन मेहंदी एवं सिंदूर से अभिषेक एवं 501 महिलाओं द्वारा दादी का भव्य एवं ऐतिहासिक महामंगल पाठ (कलकत्ता की सुप्रसिद्ध आकर्षक एवं मनोरम नृत्य-नाटिका व झांकियो के साथ संपन्न होगा, पूरे कार्यक्रम को लेकर तैयारीया जोरो से चल रही है, वहीं नव वर्ष के मौके पर होने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर दादी भक्त महिलाओं में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है, एवं दादी भक्त महिलाएं नववर्ष का स्वागत रानी सती दादी जी के दीदार के साथ करेंगी, तथा महिला जागरण मंडल खरसिया द्वारा निरंतर शहर में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, एवं विगत महीनो एकादशी उद्यापन एवं सामूहिक तुलसी विवाह सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए जा चुके हैं।

# अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप मनाये

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पूरे भारतवर्ष में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर पंचायत जैजैपुर के अटल चौक एवं झालरौदा जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी का शतक मनाया गया। सर्वप्रथम मां शारदा एवं धरती माता की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर मनाया गया जहां पर झालरौदा में छात्रों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया सभी नेताओं ने अटल बिहारी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जिसे आज सुशासन दिवस अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वर्ष की याद में मना रहे हैं। भारत को नए-नए कीर्तिमान स्थापित कराने वालो में प्रथम प्रधानमंत्री रहे जिनके बदौलत हमारे देश को परमाणु बम के साथ में सड़क, शिक्षा, डैम तथा अनेकों प्रकार की सुविधा प्रदान करने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सभी पक्ष विपक्ष के नेताओं द्वारा उनके सकुशल मार्गदर्शन के लिए याद किया जाता



है। छत्तीसगढ़ को नए राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ। हमेशा उनका विचार सफलता एवं मेहनत लगन के साथ में विकास को आगे बढ़ाने और देश को विकास करने के लिए लगा रहता था। जिनकी पूरे भारत देश में जन्मदिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। नेताओं ने अपने-अपने विचार अटल बिहारी वाजपेयी के लिए रखे और उन्हें सकार करने की बात कही गई। अटल बिहारी वाजपेयी के पिताजी एक शिक्षक थे और सामान्य परिवार से थे जो की हमारे पूर्व राज्य मध्य प्रदेश के इंदौर के निवासी थे जो भाई बटवारा में छत्तीसगढ़ को नए राज्य के लिए उन्होंने चुना, जो छत्तीसगढ़ अटल बिहारी वाजपेयी की ही देन है जो छत्तीसगढ़ को नए राज्य का निर्माण हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वक्ता पूर्व विधायक केशव प्रसाद चंद्रा, माधुरी चंद्रा जिला पंचायत सदस्य, कीर्तन चंद्रा के साथ अनेक नेताद्वय जैजैपुर कार्यक्रम में अपने विचार रखें। जिसमें गोपी सिंह ठाकुर, सोनसाय देवांगन, सुरेश साहू, कीर्तन चंद्रा, नीलकंठ सोनी, भूषण चंद्रा, चेतन महंत, मोहन कुमारी साहू बाबूलाल योगेश कर्ष मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयजयपुर वहीं पर झालरौदा में राधेश्याम चंद्रा, वर्षा रानी चिकन जुरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयजयपुर, घासी राम यादव, मनहरण चंद्रा, उमाशंकर चंद्रा जनपद उपाध्यक्ष जैजैपुर मच में आशिन रहे।

# अब तक 1707682 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**सक्ति।** राज्य शासन के निर्देशन में प्रदेश में 14 नवंबर से धान खरीदी के महाअभियान की शुरुआत हो गई है। जिसके तहत सक्ती जिले में भी 14 नवंबर से धान खरीदी कार्य विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। धान खरीदी कार्य अंतर्गत जिले में अब तक कुल 1707682.00 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 24 दिसम्बर 2024 को शाम 5 बजे तक की स्थिति में जिले के धान खरीदी केंद्रों में कुल 90920.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसी क्रम में 26 दिसम्बर को धान खरीदी कार्य के लिए जिले में 3190 टोकन जारी हुवे है, जिसके तहत धान खरीदी कार्य किया जाएगी, उल्लेखनीय है कि खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में शासन के उपार्जन नीति के तहत् धान खरीदी 14 नवंबर से 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर मोटा, सरना धान खरीदी 2300 रुपये प्रति क्विंटल एवं पतला धान 2320 रुपये प्रति क्विंटल पर किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार इस बार धान खरीदी हेतु 7 दिवस पूर्व टोकन जारी कराना अनिवार्य होगा एवं लघु, सीमांत किसानो (5 एकड़ से कम) को अधिकतम 2 टोकन एवं दीर्घ किसानो को अधिकतम 3 टोकन जारी का प्रावधान है। धान खरीदी केन्द्रों पर गड़बड़ी रोकने के लिए सीसीटीव्ही कैमरों से निगरानी भी रखी जा रही है। तौल में गड़बड़ी की आशंका को दूर रखने के लिए धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक कांटा तौल का उपयोग भी किया जा रहा है।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर टुण्ड्री में

**सक्ति।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की शुरुआत 12 जुलाई 2024 को मालखरौदा विकासखंड अंतर्गत आमनदुला के हायर सेकेण्ड्री स्कूल आमनदुला से की गई है। इसी क्रम में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 27 दिसम्बर 2024 को डभरा विकासखंड के हायर सेकेण्ड्री स्कूल टुण्ड्री में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुख को उक्त शिविर आयोजन का जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे गांव-गांव के लोगों तक शिविर आयोजन की जानकारी दे।

# कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कार्यों का की समीक्षा

**सक्ति।** समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने समस्त राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली तथा राजस्व अधिकारियों को विभिन्न राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा राजस्व विभाग अंतर्गत अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर तोपनो ने तहसीलवार निराकृत प्रकरण, लंबित प्रकरण, समय सीमा के बाहर के प्रकरण, समय सीमा के भीतर के प्रकरण सहित अन्य विभिन्न राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनो की विभिन्न समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम केरीबंधा निवासी दिलेश्वर ने वृद्धा पेंशन दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम नवापाराकला निवासी विशेषर पटेल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की राशि नहीं मिलने के संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम बुंदेली निवासी बृजमोहन कुमार कर्ष ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत गांव के नाम व जिला के नाम



को बदलने व रुके हुए किस्त चालू करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम असौंदा निवासी सदाराम केवट ने संयुक्त परिवार के शामिल जमीन को चोरी छिपे बेचने के संबंध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम ठठारी निवासी मोहनलाल ने शासकीय भूमि को फर्जी तरीके से निजी नाम पर दर्ज कर धान बिक्री करने व बोनस प्राप्त करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम रेडा निवासी गणेश राम जांगड़े ने आवेदक के निजी व पैतृक भूमि पर आने-जाने के लिए मार्ग दिलाने के संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम बुंदेली निवासी बाबूलाल गबेल ने किसान को तीसरा टोकन की अनुमति देने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम मरघट्टी निवासी गणेश राम खुटे ने पावर प्लांट में अधिग्रहित भूमि के एवज में स्थाई नौकरी दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती निवासी दारासिंह और छोटेलाल ने भूमि बटवारा दिलवाने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। जनदर्शन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय सलाहकार, परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**सक्ति।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार, परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले के सभी बैंकों के एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था, केसीसी के अन्तर्गत खेती, पशुपालन एवं मत्स्यपालन के ऋण संख्या की वृद्धि की जानकारी, पीएम स्वनिधि के लक्ष्य को पूरा करने, पीएम फसल बीमा की संख्या बढ़ाने पर चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में एनआरएलएम की लक्ष्य के करीब पहुचने पर संबंधित विभाग एवं बैंकों की प्रशंसा की गई। बैठक में लीड बैंक मैनेजर सहित सभी बैंकों के प्रबंधक तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एकैडमिक हाइट्स एवं बचपन प्ले स्कूल के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

बचपन प्ले स्कूल एवं एकडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन 20 से 24 दिसंबर को संपन्न हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मशाल दौड़ के रूप में किया गया। मशाल दौड़ का उद्घाटन मनेन्द्रगढ़ के एस.डी.ओ.पी. अलेक्स टोप्पो ने मशाल प्रज्वलित कर एवं हरी झंडी दिखाकर किए। मशाल दौड़ में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मशाल दौड़ मनेन्द्रगढ़ पुलिस थाने से प्रारम्भ होकर बस स्टैंड तिराहा, जैन मंदिर चौक, राम मंदिर चौक, बाल्मीकि चौक, गुरुद्वारा चौक, जैन मंदिर चौक, फव्वारा चौक, विवेकानंद चौक, झगराखांड रोड, खेड़िया टॉकीज होते हुए विद्यालय में समाप्त हुई। खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन 21 दिसंबर को एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए क्रीड़ोत्सव का शुभारम्भ हुआ। मनेन्द्रगढ़ के एस.डी.एम. लिंगराज सिदार मुख्य अथिति ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान किया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खेलों जैसे 100 मीटर, 200 मीटर, 4*100 मीटर रिले रेस, लम्बी कूद, ऊँची कूद, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो एवं कैरम बोर्ड, शतरंज इत्यादि में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय और त्रितीय स्थान प्राप्त किए। मुख्यअतिथि द्वारा विजेताओं को स्वर्ण पदक, रजत एवं काँस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तृतीय दिवस में बचपन प्ले स्कूल और एकड़मिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए विभिन्न आकर्षित खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन विद्यार्थियों ने बॉल रेस, रिंग रेस, लेमन ओं स्पून रेस, डक रेस, हर्डल रेस, कोन रेस बैलेंस रेस, बॉक्स रेस, फ्लावर रेस आदि में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया तथा स्वर्ण, रजत, काँस्य पदक पर अपना कब्ज़ा जमाया। इस दिन मुख्य अतिथि के रूप में आकाश कुमार, चीफ मैनेजर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मनेन्द्रगढ़ की गरिमामयी उपस्तिथि रही। मुख्य अतिथि ने अपने संभाषण में पदक विजेताओं को बधाइयाँ दी एवं उन्होंने कहा कि खेलने से ही बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। मुख्य अतिथि ने बताया कि वे अपने विद्यार्थी जीवन में चेस चैंपियन थे तथा अनेकों प्रतियोगिताओं में भाग लेकर चैंपियन रहे। अभिभावकों के लिए भी पोटैटो बैलेंसिंग रेस और कोन बैलेंसिंग रेस का आयोजन किया गया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के अगले चरण में सभी प्रतियोगिताओ में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं विद्यालय में क्रिसमस डे का सेलिब्रेशन किया गया। जिसमें विद्यालय में बच्चे एवं शिक्षकायें सांता क्लाज की ड्रेस में आये हुए थे। विद्यालय में केक काट कर क्रिसमस का त्योहार मनाया गया एवं सभी बच्चों को गिफ्ट बांटा गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय के डायरेक्टर संजीव ताम्रकार, आशीष कक्कड़, डॉ. संजय कुमार सिन्हा, प्रशांत अग्रवाल, ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़, मीनू लाल, तोशी अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य पी.रवि शंकर, बचपन स्कूल की काउंसलर सोनाली दास के निर्देशन में प्रतियोगिता का सफल आयोजन संम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित सभी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं योगदान रहा। विद्यालय के निदेशकों ने बच्चों को बधाइयाँ एवं उनके उज्जवल भविष्य कि शुभकामनायें दी।

# महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस



पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शासकीय लक्ष्मणेश्वर सन्नात्कोत्तर महाविद्यालय खरौद में गत दिवस राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। हमें ज्ञात है कि भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 में हुआ था, प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य जी सी भारद्वाज, संस्कृत विभाग की प्रोफेसर उत्तरा निराला, गणित की प्राध्यापक संजना केशरवानी और आयुर्वेद चिकित्सालय खरौद से अतिथि के रूप में डॉ. कंवर और महाविद्यालय के सभी विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय में गणितीय प्रतियोगिता, कविता, भाषण, पहेलियाँ आदि का आयोजन किया गया।

सरस्वती माँ और श्रीनिवास रामानुजन का पूजन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात निराला के द्वारा संबोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने दैनिक जीवन में गणित का महत्व और अतिथि चिकित्सक के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

संबोधन की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए प्राचार्य के द्वारा एक गीत गाकर गणित की महत्ता को बताया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सक कंवर के द्वारा आयुर्वेद के गुणों के बारे में बताया गया तथा केशरवानी के द्वारा गणित से जुड़ी कुछ रोचक तथ्यों और गणित दिवस मनाने के पीछे के कारण को बताया। अंत में महाविद्यालय के गणित की अतिथि प्राध्यापक संजना केशरवानी के द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जिले में लगातार चल रहा अवैध निर्माण, करोड़ों के शासकीय मोटेल के आगे की जमीन पर किया जा रहा कब्जा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में अवैध निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कार्यवाही नहीं होने के चलते कब्जाधारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे शासकीय प्रतिष्ठानों के जमीन को भी कब्जा करने से नही डर रहे है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। जिसमें छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित करोड़ों के मोटेल के सामने की जमीन को हथियाने से भी कब्जेदार अब खौफ नही खा रहे है। मिली जानकारी अनुसार शासकीय कर्मचारी निर्मल सिंहा शिक्षक करंजी ने मोटेल के सामने दो मंजीला अवैध निर्माण तो खड़ा करने के बाद अब मोटेल के सड़क से लगे सामने की पार्किंग की जमीन को भी कब्जा करने के लिए जेसीबी लगकर समतल करवा रहा है।

### शासकीय कर्मचारी स्वयं खड़े होकर जेसीबी लगवा कर रहा अवैध कब्जा

जानकारी अनुसार ग्राम करंजी में पदस्थ शिक्षक निर्मल सिन्हा स्वयं शासकीय मोटेल के आगे खड़े होकर मोटेल से लगे शासकीय जमीन पर जेसीबी लगाकर समतलीकरण कर शासकीय जमीन पर कब्जा कर रहा है लगाकर मोटेल की पार्किंग की जमीन को समतलीकरण कर घेराबंदी किया जा रहा है वही उक्त शासकीय शिक्षक ने पहले ही शासकीय जमीन पर आलीशान दो मंजिला मकान खड़ा कर चुका है लेकिन कार्यवाही नही होने के चलते उसके हौसले इतने बुलंद हैं कि वह अब मोटेल से लगी शासकीय जमीन को भी कब्जा करने से नहीं डर रहा है। बड़ी बात यह है कि शासकीय प्रतिष्ठानों की जमीन के अतिक्रमण को रोकने राजस्व नजूल अमला नाकाम नजर आ रहा है, वही जानकारी आई है कि उक्त शिक्षक ने और भी अन्य जगहों पर शासकीय जमीन पर कब्जा कर रखा है अब देखने वाली बात यह है कि किस प्रकार की जांच कार्यवाही कब्जाधारियों पर शासन प्रशासन करता है।

### नियमानुसार होगी कार्यवाही : तहसीलदार

उक्त मामले पर जानकारी देते हुए मनोज रावटे तहसीलदार कोण्डागांव ने कहा कि अवैध निर्माण पर प्रकरण दर्ज किया जा चुका है वही पूर्व में भी मोटेल के सामने किए गए अवैध निर्माण को तोड़ा जा चुका है इसके बाद भी अगर कोई अवैध निर्माण कार्य चालू होगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर की गई चालानी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय में नया बस स्टैण्ड स्थित 13 दुकानों में कोटपा एक्ट उल्लंघन पर 1300 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई और 07 दुकानों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गठित प्रवर्तन दल द्वारा कोटपा एक्ट के तहत् यह कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि कोटपा एक्ट की धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थानों में धुम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 05 के तहत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 06 के तहत नाबालिकों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध, धारा 07, 08 एवं 10 के तहत बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू



उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध है। कार्रवाई के दौरान औषधि निरीक्षक महेन्द्र देवागंन, सोशल वर्कर बलराम साकत, साइकोलोजिस्ट ओम साहू, उप निरीक्षक अग्निहोत्री सहायक और आरक्षक आमिर चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल उपलब्ध कराने गंभीरतापूर्वक कार्य करें : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर राहुल देव ने आमलोगों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल उनके साथ मौजूद रहे। जनदर्शन में ग्राम मारूकापा के संदीप भार्गव ने बताया कि ठेकेदार द्वारा टेपनल लगा दिया गया है, लेकिन पानी टंकी और पाइप लाईन अब तक नहीं बन पाया है, जिसके कारण ग्राम में पेयजल के लिए समस्या हो रही है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को इसे गंभीरता से लेते हुए वस्तुस्थिति का जायजा लेने और संबंधित ठेकेदार के माध्यम से कार्य को शीघ्र पूर्ण कराते हुए ग्रामीणों पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लोरमी विकासखण्ड के ग्राम उरइकछार के स्वारथ लाल पटेल ने अपने खेत के रकबा में संशोधन कराने, पथरिया विकासखण्ड के ग्राम सावां के श्याम प्रकाश राजूपत ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन का लाभ दिलाने, मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम खाम्ही की मीना कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, जीवन लाल बंजारे ने बोधापारा से बोड़तरा तक सड़क चैड़ीकरण कराने, ग्राम रेहुंटा की आनंदबाई खाण्डे ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम करही के ग्रामीणों ने हाईवे में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाया 'सुशासन दिवस'

## विधायक ने कहा वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना सहित किए अहम कार्य

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांकरा एवं कुरचुण्डी में छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किये तथा भाजपा कार्यकर्ता एवं अधिकारी व कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलवाई। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए धान का कटोरा के नाम से विख्यात हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना करने के साथ साथ कई अहम कार्य भी किये हैं। जिनकी लोग सराहना करते हैं तथा समूचा देश सम्मान पूर्वक स्मरण करता है। उन्होंने कहा कि वाजपेयी कवि होने के साथ साथ प्रखर वक्ता भी थे। ऐसे में हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अटल थे, अटल है, अटल रहेंगे। इस दौरान उन्होंने सांकरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों एवं महिलाओं का सम्मान किए। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, निज सचिव नरेन्द्र बोरे, भाजपा मण्डल सांकरा अध्यक्ष हलधर साहू, सरपंच मेमबाई नेताम, एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह ठाकुर, सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर, जनपद सदस्य कंवलजीत सिंह, पुरुषोत्तम धृतलहरें, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, सोनू छाबड़ा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मथामणी बढाई, महामंत्री रामलाल मलिक, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, पूर्व सरपंच गजेन्द्र चौधरी, उपसरपंच दिलबाग सिंह, परसवानी सोसायटी अध्यक्ष अकलश्याम, निरंजन यादव, सुशील प्रधान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय रमेश अग्रवाल जितेन्द्र त्रिपाठी, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, भाजपा मण्डल गढफुलझर मण्डल अध्यक्ष नरहरी पोर्ते, पूर्व मण्डल अध्यक्ष माधव साव, सरपंच गुलापी भोज साव, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, महामंत्री गण प्रहलाद साहू, नरेन्द्र साहू, हरजिंदर सिंह, गढफुलझर सोसायटी अध्यक्ष कमलेश साव, नवीन साव, राकेश प्रधान, बाबूलाल काशी, हेमचंद्र साव, जितेन्द्र सिंह, योगेश साव, गजानंद पाण्डे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर ''सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' थीप पर नगर पालिका मुंगेली के कम्यूनिटी हॉल में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेली के विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। उन्होने मां सरस्वती एवं भारत मात की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा किय वेद-पुराण के अनुसार जहां नारी की पूजा और सम्मान होता है, वहां भगवान का वास होता है। उसी के अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में महिलाओं के सम्मान और गौरव को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब एवं आम लोगो की समस्या के प्रति संवेदनशील है और उनके लिए योजनाएं बना रहे है। सबसे पहले हर घर में शौचालय योजना लेकर आए, फिर महतारियों के सम्मान में महतारी वंदन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, राशन कार्ड सहित कई योजनाएं संचालित की जा रही है। छत्तीसगढ़ तेज गति से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी की गारंटी के अनुरूप महतारी वंदन योजना की 10 वीं किश्त सभी महिलाओं को मिल चुका है। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि हमारी सरकार में शपथ लेते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया। 12 लाख से अधिक किसानों को धान की बकाया बोनस की राशि दी गई। पूरे मुंगेली जिला में 02 लाख 12 हजार 449 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभा मिल रहा है। विष्णु देव साय सरकार में सांय-सांय विकास हो रहे है। उन्होने महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत मिले पैसे का उपयोग घर-परिवार की तरक्की, बच्चों की पढ़ाई और उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए करना है। महिलाओं के आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए यह राशि सरकार द्वारा दी जा रही है। इससे छत्तीसगढ़ महतारी के मान-सम्मान व गौरव में वृद्धि होगी। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कार्यक्रम में सुपोषण स्टॉल का अवलोकन किया और दो महिलाओं को गोद भराई और दो बच्चों को सुपोषण टोकरी का वितरण किया।

## रबी फसलों के बीमा हेतु आवेदन 31 दिसंबर तक

मुंगेली। वर्ष 2024-25 अंतर्गत रबी फसलों चना, अलसी, गेहूं सिचिंत व असिचिंत एवं राई-सरसों के लिए बीमा हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषकों को बीमा के लिए 1.5 प्रतिशत प्रीमियम राशि जमा करना होगा, इनमें चना के लिए 480 रूपए, अलसी के लिए 270 रूपए, गेहूं सिचिंत के लिए 450 रूपए, गेहूं असिचिंत के लिए 375 रूपए, राई-सरसों के लिए 330 रूपए प्रति हेक्टेयर की राशि जमा करना होगा। अधिसूचित फसल की बीमा के लिए अऋणी कृषकों को फसल बुआई या फसल बोने के आशय के प्रमाण पत्र के साथ स्व घोषणा पत्र, बी-1, पी-2, नवीनतम आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक छायाप्रति जमा करना होगा।

# महावीर इंटरनेशनल द्वारा बेबी किट वितरित



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

महावीर इंटरनेशनल धमतरी द्वारा धमतरी जिला सरकारी अस्पताल में अपने संस्था की महत्वाकांक्षी योजना वात्सल्य योजना के तत्वाधान में बेबी किट वितरित किया गया। इस दिन 80 बेबी किट वितरण किया गया। कार्यक्रम के सहयोगदाता अर्जुनदास विजय जैसवानी थे। संस्था उनकी बहुत बहुत अनुमोदना एवं साधुवाद करती है। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष वीर ज्ञानचंद लुनावत, वीर खेमचंद गोलछा, वीर दिलीप बड़जात्या, वीर स्वरूप बेद, वीर विनोद जैन, वीर डॉ पपेश नाहर, डॉ हर्ष जैन, वीर मुकेश जैन, वीर निलेश लुंकड़, वीर धीरेन्द्र नाहर, वीरा अध्यक्ष सूर्या लुंकड़, वीरा नीलू लुनावत, वीरा शोभा बेद, सरकारी अस्पताल के स्टाफ , अंकिता नेताम एवं अनुराधा मेश्राम का कार्यक्रम को सफल बनाने मे भरपूर सहयोग मिला।

# हल्बा समाज ने निकाली माई दंतेश्वरी की भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com





हल्बा समाज भिलाई दुर्ग ने विन्ध्वासिनी (माँ शारदा माता) मंदिर सेक्टर 1 भिलाई से पूजा अर्चना करने के बाद समाज के अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र के अगुवाई में अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र माहला, लता उर्वशा कार्यकारी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ और महासभा के केन्द्रीय पदाधिकारियो की उपस्तिथि मे माई दंतेश्वरी की डोली धीरे धीरे आगे बढ़ी साथ ही भिलाई दुर्ग हल्बा समाज के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी, वरिष्ठजन, पूर्व पदाधिकारियों, मातृ शक्ति, युवा शक्ति और अपार जन समूह हर्षोउल्लास के साथ आराध्य देवी माँ दन्तेश्वरी की जयकारे लगाते हुए भव्य शोभायात्रा भिलाईनगर के मुख्य मार्ग सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर 2 चौक (चौरसिया पान ठेला) समय 2 बजे से सेक्टर - 4,5,6,7 ग्लोब चौक से कृष्णा टाकीज रिसाली की ओर बढ़ा, सेक्टर 2 चौरसिया पान ठेला चौक मे उमेंदी चुरेन्द्र और महिला प्रभाग और सदस्य गण, सेक्टर 5,6 चौक मे गणेश कांगे अपने क्षेत्र के सामाजिक बंधुओ के साथ, सेक्टर 7 रेल चौक मे तिलक चंदेल अपने क्षेत्र वासियों के साथ एवं समाज सेवी मनोज राजपूत ले आउट प्राइवेट, रिसाली चौक मे लेमन और सामाजिक बंधुओ द्वारा माई दंतेश्वरी की डोली का स्वागत किया एवं प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में लोगो की जनभागीदारी, एकता, जोश और उमंग देखने को मिला द्य आदिवासियों के आराध्य देव आंगा देव,डांग डोरी, धनकुल, सुवा, ददरिया और करमा का प्रदर्शन शोभायात्रा मे किया गया। ऊर्जा का प्रतीक भव्य जयोति कलश यात्रा बंसी लाल गाँवरे के निवास रिसाली सेक्टर से निकलकर डी पी एस स्कूल के बाद सेंट थॉमस कालेज चौक रिसाली में शामिल होकर शोभायात्रा में समाहित होकर बाजे गाजे के साथ कृष्णा टॉकीज रोड से आशीष नगर रिसाली में हल्बा शक्ति भवन पहुँचकर मुख्य द्वार पर मां दंतेश्वरी की भव्य स्वागत किया गया। ज्योति कलश यात्रा में मातृ शक्तियों का विशेष भागीदारी देखने को मिला। माँ दन्तेश्वरी की पूजा अर्चना के बाद अथितियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंथिर राम खलेन्द्र ने किया। अतिथि डॉ देवेन्द्र माहला केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ महासभा, कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही, शशि सिन्हा महापौर रिसाली, नरेन्द्र कुमार बंछोर सेफी चेयरमैन, पूरेन्द्र कुमार ठाकुर महाप्रबंधक बी एस पी, आई आर देहारी जिलाध्यक्ष जिला दुर्ग अ. भा.हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा, जमुना ठाकुर पार्षद वार्ड 10 रिसाली सहित सामाजिक पदाधिकारियों, सदस्य बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# पंचायतों के आरक्षण प्रक्रिया 28 एवं 29 दिसंबर को

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के तहत जिला पंचायत के सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य एवं ग्राम पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच पदों एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन-आरक्षण प्रक्रिया हेतु समय-सारिणी निर्धारित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान ने बताया कि 28 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे से जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले के समस्त जनपद पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, जिला पंचायत के सदस्य के निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनारक्षित एवं महिला आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह 28 व 29 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे से जनपद पंचायत मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया के सभाकक्ष में संबंधित जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत में सरपंच पद के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनारक्षित एवं महिला आरक्षण की कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (भ/स) सुकमा संभाग, सुकमा**

**// मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक-4136/NIT-07/2024-2025/व ले लि
दिनांक-20/12/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 03-01-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 09-01-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 10-01-2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) :- T0047 TO T0051 - Rs. 1500.00 & T0052 - Rs. 750.00
एस.ओ.आर. :- **Building/Road/Culvert/Bridge Work Issued by-E-in-C PWD, Raipur in Force from 01.01.2025 and amended up to Date Issued Nit.**
कार्य की अवधि :- T0047 TO T0051 Period 04 (Four) Month & T0052 03 (Three) From Reckoned Date

| एनआईटी क्र.<br>निविदा क्र. | कार्य का नाम /<br>NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)<br>अमानत राशि (रू. में)<br>बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 07<br>T0048 | For Construction of 10 Row x 1000 mm Vented Causway at Kankerlanka to Korrapad Road length 32.00 mtr. **(1st Call)** | 49.45<br>37100.00<br>741750.00 |
| 07<br>T0049 | For Construction of 10 Row x 1000 mm Vented Causway at Chintalnar to Nagaram Road length 27.00 mtr. (Location 14/4km) **(1st Call)** | 48.74<br>36555.00<br>731100.00 |
| 07<br>T0050 | For Construction of 10 Row x 1000 mm Vented Causway at Chintalnar to Nagaram Road length 32.00 mtr. (Location 16/4km) **(1st Call)** | 48.93<br>36698.00<br>733950.00 |
| 07<br>T0051 | For Construction of 10 Row x 1000 mm Vented Causway at Atulpara-Polampalli-Palamadgu Road length 32.00 mtr. **(1st Call)** | 49.22<br>36915.00<br>738300.00 |
| 07<br>T0052 | For Construction of 10 Row x 1000 mm Vented Causway at Medwahi to Regargatta (NH-30 to Bhejji-Regargutta-Gaganpalli) Road length 32.00 mtr. (Location 10/2km) **(1st Call)** | 48.98<br>36735.00<br>734700.00 |
| 07<br>T0053 | RENOVATION WORK AND CONSTRUCTION OF OVER HEAD WATER TANK AND SHADE FOR GENERATOR AT REST HOUSE KONTA & G-Type QUARTER AT REST HOUSE KONTA FOR STAFF **(1st Call)** | 19.43<br>14600.00<br>291450.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
**शर्तें:-** 1. वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 2. शपथ पत्र 3. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, 4. पैन कार्ड, 5. आधार कार्ड, 6. वैध बैंक साल्वेंसी, 7. ठेकेदारों के द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि प्रमाण पत्र (E.P.F.) 8. आयकर चुकता प्रमाण/वाणिज्यकर कार्यालय में जी.एस.टी. पंजीयन व कर चुकता प्रमाण पत्र (विगत त्रैमास/माह) सभी संबंधित दस्तावेज स्वयं के नाम पर पंजीकृत हो प्रस्तुत करना अनिवार्य है न होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। 9. टी.डी.आर./एफ.डी.आर. फोटोकापी होने की स्थिति में अनर्ह माना जावेगा।
(D) Financial offer. (E) Bid capacity (Appendix I), information in Annexure 1. {SPECIAL CONDITIONS OF N.I.T. 19(A)-(FOR TENDER value less then Rs, one crore) (F) Existing commitments and ongoing all classes of civil engineering construction works, by the Prime Contractor information in Annexure 2 (G) Affidavit in prescribed format Annexure 3 attached in N.I.T. Documents.

G-242504811/5

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा संभाग सुकमा

# खाद्य सचिव धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

## धान से भरे बारदानों को मशीन से सिलाई कराने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



खाद्य सचिव अन्बलगन पी. ने जिले के टेमरी, गीधा और जरहागांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां समिति प्रभारी से कुल धान खरीदी की मात्रा, मिलर्स द्वारा उठाव की स्थिति, पंजीकृत किसानों एवं धान क्रय कर चुके किसानों की संख्या, धान की गुणवत्ता, बारदाना की उपलब्धता, परिवहन, शॉर्टेज और गेट पास आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य को सुगमता के साथ व्यवस्थित रूप से करें। उन्होंने धान खरीद केंद्रों में धान के उठाव की व्यवस्था देखी और अधिकारियों को जल्द से जल्द धान के उठाव कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित तरीके से रखा जाएं और राइस मिलों द्वारा जल्द ही धान का उठाव किया जाना सुनिश्चित की जाएं। खाद्य सचिव ने बारदाने की स्थिति की जानकारी लेते हुए जूट मिल वाले बारदाना का उपयोग करने और खरीदी के पश्चात धान से भरे बारदानों को मशीन से सिलाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान में माश्चर की मात्रा शासन के निर्धारित मात्रा से ज्यादा न हो। उन्होंने धान बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत की और धान खरीदी व्यवस्था के साथ ही टोकन व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान किसानों ने धान खरीदी केन्द्रों में की गई बेहतर व्यवस्था के लिए संतुष्टि जताई और शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर राहुल देव ने जिले में धान खरीदी की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब तक 28 लाख 40 हजार 500 क्विंटल से अधिक की धान खरीदी की जा चुकी है और 07 लाख 81 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव केन्द्रों से किया जा चुका है। उन्होंने सुव्यवस्थित धान खरीदी एवं उठाव के लिए आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि सभी चेकपोस्टों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही अवैध रूप से धान खपाने वालों की सूचना मिलने पर राजस्व और पुलिस की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही है।

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-74/2024-25
ग्राम मुंगेली प.ह.नं. ......

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र कुमार ठाकुर आ. स्व. गोविंद सिंह जाति ठाकुर निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 620/89, 620/90 रकबा 0.012 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि का मूल किसान किताब फट/गुम हो जाने से द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07/01/2025 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 1194/क/भू.व्यप/अविअ/24
सरायपाली दिनांक 24/12/2024

आवेदक सूर्यकांत भोई पिता डिग्रीलाल भोई निवासी केना तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 450/7 रकबा 0.0290 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 07/01/2025तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/2024 जारी किया गया। को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

# शासन के आदेश को ठेंगा दिखा रहे जिला पंचायत सीईओ

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में नियम कायदे को किनारे करते हुए कार्य करना कोई नया बात नही है। शासन प्रशासन के निर्देशों को ताक में रखकर कार्य किया जाता हैं। जिले के सक्षम अधिकारी जब शासन के आदेश का अवहेलना करते दिखाई दे रहे हैं तो अधीनस्थ या छोटे अधिकारी-कर्मचारियों की बात ही कुछ अलग ही है। गांवों के विकास को लेकर शासन के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू किया है। जिसमें ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत है। ग्राम पंचायतों के कार्यो को सुव्यवस्थित करने के लिए पंचायत सचिव की नियुक्ति भी किया गया है। शुरुआती दिनों में स्थानीय लोगों को ही प्राथमिकता दिया जाता था लेकिन अब अन्य पंचायतों के निवासी से पंचायत का कार्य करने के लिए दायित्व दिया है। जिसके लिए बकायदा मंत्रालय से पत्र जारी किया है बावजूद कबीरधाम जिला के पंचायतों में स्थानीय निवासी सचिव से कार्य लिया जा रहा है। जिससे



पंचायत की कार्यों में परिवारवाद चल रहा हैं साथ ही पंचायत चुनाव भी प्रभावित होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

**शासन के आदेश को ठेंगा** - छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय डी.के.एस. भवन, रायपुर क्रमांक/पंचा-3143/पंग्राविवी./2009/1497 रायपुर, दिनांक 16-3-09 को प्रदेश के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को पत्र जारी किया गया था जिसमें गृह ग्राम पंचायत में पदस्थ



पंचायतकर्मियों के स्थानांतरण के संबंध में जारी किया था उक्त पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि इस विभाग के अनुदेश क्रमांक/3640 (ए)/ पंग्राविवि./22/2008, दिनांक 23/08/2008 द्वारा पंचायतकर्मियों की सेवा शर्तो हेतु मार्गदर्शिका जारी की गई है। उक्त मार्गदर्शिका के कंडिका 8 पर पंचायत कर्मियों के स्थानांतरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये है. जिसमें पंचायतकर्मियों के स्थानांतरण संबंधित जिला पंचायत द्वारा जिले के अंदर ही किये जाने का प्रावधान है।

### स्थानांतरित कर अवगत कराने का भी निर्देश

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किए गए स्थानांतरण के संबंध पत्र का पालन करने का निर्देश जारी किया था पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि उन पंचायतकर्मियों को, जो अपने गृह ग्राम पंचायत में पदस्थ है, उनका स्थानांतरण जिले के भीतर की अन्य ग्राम पंचायतों में तत्काल किया जाय। लिये गये निर्णय के पालन में गृह ग्राम पंचायतो में पदस्थ पंचायतकर्मियों का स्थानांतरण अन्य ग्राम पंचायतों नें किया जाकर इस विभाग को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए लेकिन अधिकारी आजतक उनको गृह पंचायत में ही पदस्थ कर रखे हैं जो समझ से बाहर तो है ही साथ ही शासन के आदेश का अवहेलना भी है।

### अब भी कई सचिव गृह ग्राम पंचायत में है पदस्थ

कबीरधाम जिला पंचायत अंतर्गत चार जनपद पंचायत बोडला, सहसपुर लोहारा, कवर्धा और पंडरिया है। जिसमें अब भी कुछ चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में गृह ग्राम पंचायत के सचिव ही पदस्थ हैं। उनको अन्य जगह पर पदस्थापना नहीं देना अधिकारी के कार्यशैली पर सवालिया निशान पैदा कर रहा है। लोगों में यह भी चर्चा बना हुआ है कि अधिकारी द्वारा उन्हें पंचायतों में परिवाद चलाने के लिए छूट दे दिया है ऐसा भी दिखाई देते है साथ ही हाल ही में होने वाले चुनाव में भी अपना प्रभाव दिखा सकते है।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती धूमधाम से मनाया



■ भाजपाईयों ने इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। इस शताब्दी वर्ष को भाजपाईयों ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान भाजपा के सभी विभिन्न मंडलों में कार्यक्रम हुए, इसी के तहत नगर के स्थानीय गीता भावन में भी भाजपाजनों द्वारा वाजपेयी के जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया। जिसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक अग्रणी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने कार्यशैली की पहचान संगठन एवं प्रत्येक कार्यकर्ता के दिल में बसाने का काम किया। उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना कर पूरा देश उनके सपनों को साकार करने वाली मोदी एवं योगी सरकार के कार्यो के आधारभूत ही अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को देश की जनता कई युगों तक याद रखेगी। उन्होंनं कहा कि अपने अथक परिश्रम से एक विशाल संगठन खड़ा किया। सभी वर्गो को साथ लेकर चले। उन्होंने देश और समाज का विकास करते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं लाए। कार्यक्रम का संचालन स्वर्ण सिंह सलूजा, संयोजक मुरली नायक, रोहित साहू ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, भाजपा नेता, राजेंद्र नायक, गंगाराम पटेल, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, तारेश्वरी नायक, रविंद्र पंडा, मनोज दास, प्रमोद सागर, विदित धनानिया, कन्हैया पटेल, डॉ आशीष दास, बाबा सेन, प्रदीप प्रधान, डॉ प्रकाश पटेल, मोहन चौहान, जयप्रकाश यादव, हितेश यादव, किशन जायसवाल, आशीष सेन, इकबाल खान, मुकेश आदित्य, बुद्धेश्वर दास, अनुप ताण्डी, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# पंचायतो के अटल चौक, जनपदों के सभागार और स्कूल में सुशासन का विशेष आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर 25 दिसंबर 2024 को पूरे कबीरधाम जिले में सुशासन दिवस के रूप में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिले के कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला और सहसपुर लोहारा जनपद क्षेत्रों के सभी ग्राम पंचायतों में यह आयोजन बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अजय त्रिपाठी के निर्देशन में पूरे जिले में सुशासन दिवस के कार्यक्रमों का सुव्यवस्थित और प्रभावी तरीके से आयोजन किया गया। उन्होंने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए थे। सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों के प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थित अटल चौक पर




श्रमदान, स्वच्छता अभियान, सुशासन शपथ और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर ग्रामवासियों, पंचायत पदाधिकारियों, महिला समूहों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कबीरधाम जिले के प्रमुख ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस का आयोजन गया जिसमें, ग्राम पंचायत उड़िया खुर्द, गंडई खुर्द, महराटोला, आमानारा, छुही, रैतापारा, पाढ़ी, भगतपुर, कुम्ही, अगर पानी, सुखाताल, समो, कोयलारी, बम्हनी, दौजरी, झिरौनी, मक्के, कान्हा भैरा, मजगांव, दशरंगपुर, बिजाई, सिंघनगढ़, मोहगांव, दनिया खुर्द, कल्याणपुर, सिंगारपुर, धरमगढ़, सिंघानपुरी, रंजीतपुर, गोछिया, गैंदपुर, छीरबांधा, रक्से, धनौरा, भिंभौरी, बहरमुडा, चरडोगरी, कारेसरा, खोलीवा, बोधईकुंडा, जेवदान खुर्द, नेवारी और रवेली, सोनपुरी रानी, ग्राम पंचायत घुघरीकला, ग्राम पंचायत कुटेली, ग्राम पंचायत खैरवार, नवागांव, सिंघनपुरीजंगल, गोरखपुरकला, गोरखपुरखुर्द, पैलपार , सुनझरी, सेमरिया खोलवा, छोटू पारा, अचानकपुर, विचारपुर, कुटकी पर, बंदी, गौरमाटी, हरदी, राजपुर, कोइलारी, मोतीमपुर, आमगांव, भाटकुंडेरा, कोटराबुंदेली, तालपुर, भागवाटोला, कोहड़िया सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत स्तर पर सुशासन दिवस का आयोजन किया गया।

# कुर्मी समाज सामाजिक रूप से संगठित समाज : विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का 79 वां वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के महिलाओ के द्वारा कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। पश्चात सामाजिक ध्वजारोहन किया गया। सामाजिक पदाधिकारियों के द्वारा समाज का प्रतिवेदन का वाचन किया गया। कोषाध्यक्ष के द्वारा आय व्यय की जानकारी दिया गया। जिसके बाद समाज के लोगो को अपनी बात रखने के लिये खुला मंच दिया गया। जिसमे समाज के लोगो ने अपना विचार व्यक्त किया। जिससे समाज को गति प्रदान किया जा सके युवाओ को प्रेरित किया गया कि




समाज को आगे बढ़ाने में सहभागिता प्रदान कर समाज को आगे ले जाये। संबोधन की कड़ी में सांसद विजय बघेल ने कहा कि कुर्मी समाज सामाजिक व राजनीतिक रूप से काफी संगठित समाज है। समाज के लोग सरल, सहज व सहनशील है। कुर्मी समाज के पुरोधा डॉ खूबचंद बघेल का नाम स्वास्थ्य योजना से हटाने से समाज नाराज है। इस मामले की जानकारी मुख्यमंत्री को देकर नाम को यथावत रखने कहा गया है। इसके बाद भी मामले में कुछ नही हुआ तो समाज आंदोलन करने बाध्य होगा। अध्यक्षीय उदबोधन में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने कहा कि कुर्मी समाज रीति नीति से चलने वाला समाज है। समाज की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के महापुरुष डॉ खूबचंद बघेल के नाम पर राज्य शासन राजनीति कर रही है। जो उचित नहीं है। समाज के सम्मान में किसी प्रकार की क्षति होगी। तो समाज शांत नही रहेगा। उन्होंने अंतरजातीय विवाह पर रोक लगाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि समाज को आगे लाने के लिए हमें समाज के लिए कुछ कर गुजरने की जिज्ञासा होना चाहिए। खर्चीली शादी से बचने हेतु आदर्श विवाह एवं सामूहिक विवाह पर अनिवार्य रूप से युवाओं, पालकों को सोचना चाहिए। युवाओं को नशापान से बचते हुए अपने पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति को सबल बनाने प्रयास करना चाहिए। समाज में ऐसे परिवार जो आर्थिक कठिनाईयों के कारण विवाह, ईलाज या शोक के कार्यक्रम को संपन्न कराने में असमर्थ हो, समाज द्वारा उस परिवार को आर्थिक मदद की आवश्यकता है।

# अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहौद में फूड फन फेस्ट 2024 का रहा भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद, बलौदाबाजार मैं विद्यार्थियों के द्वारा मनमोहक तरीके से फूड फन फेस्ट 2024 स्वाद का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में बीआर पटेल अतिरिक्त निदेशक शिक्षा विभाग बलौदाबाजार मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। अन्य गणमान्य व्यक्ति मैं संजय कुमार पांडे प्राचार्य अंबुजा विध्यपीठ रावन, बी.पी.सिंह अधिवक्ता बलौदाबाजार, योगेश पोपट प्राचार्य डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा, आनंद बंगाल प्राचार्य आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रावन, शशि कुमार प्राचार्य डीएवीएमएम सकरी, बेबी गिरिजा प्राचार्य जेएनवी लवन, जीतेंद्र दास



प्राचार्य राजिम, संतोष कुमार प्राचार्य आधारशिला स्कूल भाटापारा, केएम त्रिपाठी प्राचार्य आत्मानंद स्कूल लाहौद एवं पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के ग्रंथपाल राजेंद्र सिका भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। स्कूल के निदेशक रमाकांत साहू और प्रिंसिपल जी.सी. दास ओर मैनेजर दिलीप साहू भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन बीआर पटेल ने किया और उन्होंने कहा कि इस फेस्ट से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा। छात्रों ने छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, जापान, इटली नेपाल या कई अन्य देशों के व्यंजन तैयार किए। प्रिंसिपल जीसी दास ने कहा कि यह फेस्ट 360 डिग्री समग्र विकास करेगा, छात्रों, अभिभावकों और अन्य गणमान्य लोगों ने इस फेस्ट का आनंद लिया और विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। उसके साथ स्टूडेंट्स द्वारा साइंस मॉडल एंड सेल्फी जोन का आयोजित किया गया। अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहौद के छात्रों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कर्मा लोक नृत्य, सुआ नृत्य विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों को अपने और आकर्षित करके सभी दर्शकों का मन मोह लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के राजेंद्र सिका द्वारा इस कार्यक्रम में छात्र और छात्राएं के लिए मनमोहक क्विज सामान्य ज्ञान तथा कई सुमधुर गीतों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन सुधांशु शेखर तराई पीजीटी इकोनॉमिक्स, प्रियंका दास पीजीटी इंग्लिश, मोनिका दुबे पीआरटी इंग्लिश द्वारा किया गया। उक्त आयोजन ने यह साबित किया कि अगर विद्यार्थियों को मौका दिया जाए और उन पर भरोसा किया जाए तो वह कुछ भी संभव कर सकते हैं ।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में जिले में सुशासन दिवस मनाया गया। जिले के विभिन्न पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, आमजनों की उपस्थिति में अटल के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण कर सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ रीता यादव सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम कस और फुलकर्रा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों व अधिकारी-



कर्मचारियों को जिले में सुशासन के उच्चतम मापदंड को स्थापित करने, शासन को पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण हेतु प्रयास करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जनपद सीईओ गरियाबंद अमजद जाफरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटलबिहारी वाजपेयी ने सुशासन का जो सपना देखा था, उसे प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार साकार कर रही है। सरकार उनके बताए गए आदर्शों और मूल्यों का अनुसरण करते हुए सर्वहारा समाज के विकास और प्रगति के लिए कृत-संकल्पित है। सुशासन दिवस के पूर्व सभी पंचायतों में अटल चौक की सफाई, पोताई, तैयारी एवं चौक दुरूस्तीकरण का कार्य किया गया था। इसके पश्चात सभी अटल चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थायी सूची एवं आवास प्लस में सूची का वाचन, विष्णु के सुशासन का वाचन सहित अन्य सरकारी योजनाओं का वाचन किया गया। साथ ही हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल आदि के बच्चों द्वारा अटल जी की कविता का पाठन किया गया। ग्राम पंचायतों में कविता का पाठ करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसके अलावा सुशासन दिवस पर निबंध, भाषण भी आयोजित किया गया।

## छत्रपति शिवाजी स्कूल के वार्षिकोत्सव में खूब झूमे विद्यार्थी

# छोटे बच्चों की भावुक अदाकारी ने बड़ों की आंखें नम की

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com









मां पर खूब झल्लाने वाले बेटे ने जब मां की डायरी में बहुत पहले अपने बेटे के साथ बिताए पलों वाला लेख पढ़ा तो उसकी आंखों से झर झर आंसू बहने लगे और वह क्षमा मांगते हुए मां के चरणों में गिर पड़ा। मां ने उसे उठाकर जब उसके सर पर हाथ फेरकर गले से लगाया तो बच्चों की इस मार्मिक अदाकारी ने हॉल में मौजूद अभिभावकों की आंखें नम कर दी। इस जीवंत अभिनय को कक्षा पांचवी की छात्राओं ने बेहद मंजे कलाकारों की तरह प्रस्तुत किया। मौका था पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्रपति शिवाजी स्कूल के वार्षिकोत्सव का। स्कूल की पुरानी बस्ती और प्रोफेसर कालोनी शाखाओं का यह समारोह नवरस नाम से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अतिथियों के रुप में दुधाधारी मठ के मठाधीश महंत रामसुंदर दास,जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल,होली हार्ट्स एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमेन आचार्य सुरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी द्वय पारस चोपड़ा और सच्चिदानंद उपासने,छग प्रायवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। स्वागत किया स्कूल संचालक मुकेश शाह, नफीसा रंगवाला, राजेश शाह, रशीदा फज़्ली ने। कार्यक्रम में रंगारंग और धमाकेदार प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को आखरी तक बांधे रखा। दर्शक लगातार तालियां बजाते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते रहे। एक अन्य नाटिका के अंत में छात्रों के पिताजी लोगों के मंच पर आगमन और तिलक लगाकर, माला पहनाकर उनकी आरती उतारने और पिताजी द्वारा मंच पर बच्चे को गले लगाने के दृश्य ने लोगों को भावुक कर दिया। देशभक्ति गीतों पर की गई बेहतरीन प्रस्तुति ने सभा स्थल को भारत माता के जयकारे से गुंजायमान कर दिया। जहां एक और पुराने गानों में छात्रों ने स्टेज ऑफ लाईफ की प्रस्तुति दी वहीं दुसरी तरफ विभिन्न प्रदेशों के नृत्यों जैसे पंजाबी, राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी, पंथी, गिद्धा, राऊत नाचा ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। जुंबा नृत्य, योगा नृत्य, धूम नृत्य, वर्षा नृत्य, कविता नृत्य, रास लीला, महिलाओं की उड़ान आदि प्रस्तुतियों ने भी समां बांधा। शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थियों के संवाद पर आ ने आधारित कव्वाली का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। संपूर्ण कार्यक्रमों का संचालन शिक्षिकाओं आराधना बेदी और रचना सोनी के साथ विद्यार्थियों त्रिशाला लक्केवार, शान्वी जैन, अनंत श्रीवास्तव, रौनक अग्रवाल और अद्वैत देशकर ने किया जबकि आभार प्रदर्शन किया फरज़ाना हुसैन व नीना शर्मा ने।



# जिले भर में मना स्व.वाजपेई का जन्म दिवस

## अटल जी के सपनों को साकार करने में सुशासन सरकार कि अहम भूमिका : पैकरा

पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर चांदो मोड़ स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल के माध्यम से सभी को सुशासन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज भारत के प्रेरणास्त्रोत पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने अटल परिसर का वर्चुअल रूप से भूमिपूजन भी किया। तत्पश्चात पैकरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी का सपना था कि हमारा भारत विकसित हो,शासन की योजनाएं जमीनी स्तर तक होते हुए जन-जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती मनाई जा रही है। स्व.अटल जी ने तीन बार प्रधानमंत्री के दायित्वों का निर्वहन करते हुए भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने में अविस्मरणीय योगदान दिया है। छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद विकास कार्यों में तेजी आई है। आज अटल जी के सुशासन के विचारों को साकार करते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों का उल्लेखीत करते हुए कहा कि विकास केवल सड़कों,पुलों या इमारतों के निर्माण तक सीमित नहीं है,बल्कि इसमें प्रत्येक व्यक्ति का सर्वांगीण विकास भी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि सुशासन का अर्थ है एक ऐसी पारदर्शी,उत्तरदायी और प्रभावी शासन व्यवस्था,जो सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करे और उन्हें अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग करने में सक्षम बनाए। सुशासन का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने कहा कि हमारा जिला प्राकृतिक विविधता और कृषि अनुकूल जलवायु से समृद्ध है। कई किसान आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाकर उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। जिले के समग्र विकास के लिए जनजागरूकता और जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक हैं। कलेक्टर ने जिले के विकास में सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की और कहा कि योजनाओं को सफ्लतापूर्वक क्रियान्वित करने में जनता का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान विधायक पैकरा ने चांदो चौक में तीस लाख रुपये की लागत से बनने वाले अटल परिसर का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में स्वच्छाग्रहियों को सामग्री वितरण एवं सफाई कर्मियों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश जायसवाल, उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित जनपद सीईओ रणवीर साय, सीएमओ प्रणव रॉय, गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बनडबरी में गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक सम्पत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

बसना विधानसभा के ग्राम बनडबरी में गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना किए। इस अवसर पर सैकड़ों महिला पुरुषों की उपस्थिति में समाज में एकता, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया गया। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का जन्म छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के गिरौदपुरी गांव में हुआ था। उन्होंने छुआछूत, ऊंच नीच और झूठ कपट जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। गुरु घासीदास जी ने सत्य की आराधना के साथ समाज में नई जागृति पैदा की। उन्होंने मानवता की सेवा और सत्य के प्रचार प्रसार के लिए अपनी तपस्या से प्राप्त शक्ति का उपयोग किया। उनके विचारों और शिक्षाओं ने लाखों लोगों को प्रेरित किया और सतनाम पंथ की स्थापना की। समारोह में गुरुद्वारा भण्डारपुरी धाम सतनामी समाज संस्थापक धर्मगुरु सोमेश बाबा, संत लाभोदास, संत सेतराम मिरी, संत रोहित मिरी, संत गुण प्रसाद धृतलहरें, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, निज सचिव नरेन्द्र बोरे,पूर्व मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, रोहित नायक, खेमू अग्रवाल, दौलतराम रात्रे, अभय धृतलहरें, रामप्रसाद ओगरे, बोधन बघेल, अर्जुन मिरी, सम्पत प्रधान, ललित धृतलहरें, मनीलाल रात्रे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कॉलेज के नवीन जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई



पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय महर्षि वाल्मीकि पीजी महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के नवीन जनभागीदारी समिति के प्रथम बैठक सोमवार को हुई। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह का प्राचार्य द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया तथा सभी सदस्यों का वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार दर्रो द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समिति के पदेन सचिव डॉ. रश्मि सिंह ने स्वागत उध्बोधन देते हुए समिति को महाविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराएं। साथ ही महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन से किए गए पत्रचार के बारे में बताएं। जिसके बाद समिति ने महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर चर्चा किए। और समस्या का समाधान करने का प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं समिति के सदस्यों का परिचय भी हुआ। अंत मे समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने उध्बोधन देते हुए कहा कि इस तरह की समिति इसलिए होती है ताकि कॉलेज की जो समस्या होती है उसे कॉलेज प्रबंधन और समिति मिलकर समाधान करने के लिए होते है। इस बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह, विधायक प्रतिनिधि सदस्य हितेश तिवारी, स्थानीय संगठन सदस्य दिव्येश राजा पाण्डेय, आकाश सोलंकी, राजीव लोचन ठाकुर, शंकर लाल गांधी, महिला अभिभावक सदस्य राम बाई गोटा, अनुसूचित जनजाति सदस्य गिरधारी लाल नरेटी, अन्य पिछड़ा वर्ग सदस्य राजकुमार नशीने, भूतपूर्व छात्र सदस्य राजीव श्रीवास एवं वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार दर्रो उपस्थित थे।

# मरतरा स्कूल में प्रज्ञा निर्वाणी ने किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

## कृषि उपकरण बैंक की स्थापना से किसान हुए बलवान और धनवान : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा अंचल के 12 गाँव, 2860 किसान, 125 महिला स्व सहायता समूह और 5 सरकारी स्कूलों में आये प्रभावी परिवर्तन के कार्यक्रमो का समाज मे उल्लेख और रेखांकन आवश्यक है,बिना किसी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के बिना हल्ला गुल्ला मचाये सिर्फसेवा और सामाजिक परिवर्तन की आकांक्षा से किये जा रहे कार्यो की सराहना समाज के बुद्धजीवियों और सामाजिक सरोकार में लगे लोगो को मुक्त कंठ से करना चाहिए ऐसा कहना था। ग्राम पंचायत मरतरा में स्मार्ट क्लास के उद्घाटन के लिए शासकीय मिडिल स्कूल पहुँची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का, देश मे 2 दशकों से बैंकिग एवं फाइनेंस की निजी क्षेत्र की सेवा प्रदाता एचडीएफसी बैंक की सीएसआर मद की क्रियान्वयन संस्थान समर्थ ट्रस्ट के समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमो का जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अवलोकन करते हुए एचडीएफ सी बैंक के प्रकाश बर्मन, समर्थ ट्रस्ट की डायरेक्टर गजाला पॉल, स्टेट हेड कृष्णा श्रीनिवासन, क्षेत्रीय क्रियान्वयन अधिकारी प्रभांशु सिंह, नरोत्तम टंडन और पूरे टीम को समाज मे सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कर रहे उनके संस्थान के प्रयासों और धरातल में परिलक्षित परिणामो के लिए शुभकामनाएं दी, इस



दौरान मरतरा स्कूल के छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मंचीय प्रस्तुति भी दी, बतौर अतिथि पहुचे अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि 114 एकड़ असिंचित कृषि जमीन को सिंचित बनाना, बोरवेल की स्थापना करना, रासायनिक खाद का उपयोग बंद कर प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने प्रोत्साहित करना, किसानों के सहयोग से पर्यवरण के सुद्धि करण के लिए 5090 पौधो का रोपण और साथ मे जतन का कार्य करना ये तमाम काम हम सबको भी सार्वजनिक जीवन मे राजनीति के इतर सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, वहां उपस्थित महिला किसानों ने अपनी प्रेरक कहानियाँ साझा की, बताया कि कैसे ड्रिप सिंचाई, मल्टीलेयर खेती और सब्जी की खेती प्रयोगों ने उनकी आय और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हुआ, सविता साहू ने इन-हाउस वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन की शुरुआत के लिए आभार व्यक्त किया, जिसने न केवल उनकी फसल की पैदावार को बढ़ाया बल्कि आय का एक अतिरिक्त स्त्रोत भी बना, सावित्री साहू, प्रिया गेंडरे ने बटन मशरूम की खेती और बिक्री की अपनी यात्रा के बारे में बताया,जिससे उनके स्वसहायता समूहों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, गीता साहू और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत एक मधुर स्वागत गीत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, सुआ नृत्य और कर्मा नृत्य जैसे पारंपरिक नृत्यों ने ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया, इस 12 गांवों के किसानों की कहानियों की पुस्तक का विमोचन हुआ, डायरेक्टर गजाला पाल ने कहा यह संकलन इन महिलाओं के साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, जो पिछले तीन वर्षों में उनके परिवर्तन की यात्रा को दर्शाता है,लगाए गए स्टॉल पर कृषि उत्पादों ताजी सब्जियां और कोदो अनाज के साथ-साथ एसएचजी द्वारा उत्पादित उत्पाद बेसन, चावल का आटा और स्टाल का निरीक्षण भी जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने समर्थ के सदस्यों के साथ किया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में पुलिस टीम कलकत्ता बने चैम्पियन



पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

अंतर्राज्यीय कबड्डी प्रतियोगीता का आयोजन नगरवासियों के सहयोग से शिवरीनारायण में किया गया, जिसमें उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री श्री 108 गोपाल दास महाराज थे तथा समापन समारोह के मुख्य अतिथि एस.के. वैध अपर कलेक्टर जिला जांजगीर चाँपा की मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ प्रतियोगिता में -प्रथम पुसरकार 50,000/- एवं ट्रॉफी पुलिस टीम कोलकाता को द्वितीय पुरस्कार 40000 एवं ट्रॉफी गुरुग्राम हरियाणा तृतीय पुरस्कार 20000 एवं ट्रॉफी करबीहा बिलासपुर चतुर्थ पुरस्कार 15000 एवं ट्रॉफी आदर्श क्लब दिल्ली को प्रदान की गई प्रतियोगिता में ऑल राउंडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट रेडर का भी ईनाम दिया गया, प्रतियोगिता सफल बनाने हेतु आयोजन समिति के संरक्षक मनोज तिवारी अध्यक्ष अजय कुमार कैवर्त्य उपाध्यक्ष सुदर्शन मानिकपुरी सचिव संतराम साहू मुकेश मानिकपुरी विमल सारथी एवं राजू यादव का विशेष सहयोग रहा प्रतियोगिता के दौरान खेल का आनंद उठाने समस्त नगर वासी मौजूद रहे।

# ओला इलेक्ट्रिक ने ईवी क्रांति को नई ऊंचाई पर पहुंचाया

## पूरे देश में 4,000 स्टोर्स तक का रिकॉर्ड बनाया




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

ओला इलेक्ट्रिक जो भारत की सबसेबड़ी ईवी कंपनी के नाम से जानी जाती है, उसने आज अपने नेटवर्कको 4,000 स्टोर्स तक बढ़ाने की घोषणा करी, जो मौजूदा नेटवर्क सेचार गुना ज्यादा है। यह दुनिया में ईवी नेटवर्क के सबसे बड़े विस्तारों में से एक माना जा रहा है, इस विस्तार से यकीनन देश में ईवी तकलोगों की पहुंच आसान हो जाएगी और ईवी के क्षेत्र में बहुत बड़ा विकास होने की संभावनाएं भी काफी हद तक बढ़ जाएंगी। साथ ही ईवी के प्रति भरोसा और उसे अपनाने को मजबूती भी मिलेगी।कंपनी ने बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता के चलते 3,200 से भी ज्यादा नए स्टोर्स को लॉन्च किया है, जो सर्विससुविधाओं के साथ जुड़े हुए हैं। ऐसा कर कंपनी ने टियर-1 और टियर-2 शहरों के अलावा छोटे छोटे कस्बों और तहसीलों तक अपनी पहुंच को बड़ी गहराई से बढ़ाया है। इस विस्तार के साथ ओला इलेक्ट्रिक ने अपने सेविंग वाला स्कूटर अभियान के तहत किए गए वादे को पूरा कर दिया है।

# किरन्दुल में अटल परिसर निर्माण कार्य हेतु सीएम ने किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मशताब्दी जयंती किरंदुल नगरपालिका परिषद में मनाया गया। अटल की जयंती पर पूरे छत्तीसगढ़ में अटल परिसर का भूमिपूजन छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से किया, जिसमें किरंदुल नगरपालिका में अटल परिसर का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय सहित पार्षदगण व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने अटल को भारतीय राजनीती के शिखर पुरुष, युगदृष्टा, ओजस्वी वक्ता, कविहृदय कहकर सम्बोधित करते हुए उनकी कविताए व उनके प्रमुख कार्यों को कहा जिससे उपस्थित लोगो में ऊर्जा का प्रवास हुआ। किरंदुल में अरनपुर मार्ग पर स्थित उपस्वास्थ केंद्र गजराज कैम्प के निकट अटल परिसर का 30 लाख की लागत से निर्माण किया जाएगा जिसमे अटल बिहारी बाजपेयी धातु की मूर्ति लगाई जाएगी। साथ किरंदुल में भाजपा कार्यकर्ताओ ने अटल की जन्मशताब्दी जयंती जिसे सुशासन दिवस के रूप में मनाए हैं।

# राजधानी के प्रणवानंद अकादमी में वार्षिकोत्सव का आयोजन

## भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा की जरुरत: रमेन डेका

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के वीआईपी रोड स्थित प्रणवानंद अकादमी में 27वां भव्य वार्षिक उत्सव अस्तित्व का आयोजन किया गया। उत्सव में मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका, विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रणवानंद अकादमी के सचिव स्वामी शिवरूपानंद महाराज, भारत सेवाश्रम संघ तिरुवनंतपुरम शाखा के अध्यक्ष स्वामी परब्रह्मानंद महाराज, ब्रह्मचारी अरूणव महाराज एवं शाला प्राचार्य अनिंदिता घोष उपस्थित थे। राज्यपाल रमेन डेका भारत सेवा संघ प्रणवानंद अकादमी के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए दो लाख प्रोत्साहन राशि राजभवन की ओर से देने की घोषणा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरुकुल आश्रम शिक्षा की पद्धति हमारी देश की प्राचीन काल की पद्धति है जहां वेद, उपनिषद के साथ-साथ नैतिकता, अध्यात्म की शिक्षा दी जाती थी। भगवान राम और कृष्ण ने भी गुरूकुल से शिक्षा प्राप्त की थी। वर्तमान समय में भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित यह अकादमी भी भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि वे भी इस संस्था से जुड़े हुए है और यह संस्था जरूरत मंदों लोगों के लिए कार्य कर रही है जो बहुत सराहनीय है। राज्यपाल डेका ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 लागू करने से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा। आज हम सभी एक प्रतिस्पर्धा में हैं। हर विद्यार्थी को मेडिकल एवं इंजीनियर में जाना है। नई पीढ़ी की सबसे समस्या दूसरों की नकल करना है। अपनी क्षमता एवं रूचि के अनुसार अपना कैरियर चुनने का निर्णय उन्हें लेने चाहिए। अपनी



अंतरात्मा की आवाज सुने दुसरों की नकल न करें। विदेशों में बड़े-बड़े पैकेज की नौकरी मिलती है लेकिन सुकून नहीं मिलता है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेल, संगीत और अन्य गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। ये आपके व्यक्तित्व को निखरती है। भारत एक अदभुत राज्य है और यहां की संस्कृति भी अदभुत है। अपनी जड़ो से जुड़े रहें और देश के प्रति सदा कृतज्ञ रहें।

### उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों का साला सचिव स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज एवं शाला प्राचार्या अनिंदिता घोष ने शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्या अनिंदिता घोष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां और भविष्य की योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया।

### गुणों के विकास के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं : बृजमोहन अग्रवाल

सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं अरुण साव अपने उद्बोधन में प्राचीन शिक्षा परंपरा के महत्व को बताते हुए बच्चों में समाज एवं देश के लिए सेवा भाव लाने के लिए बच्चों को प्रेरित किए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुरूकुल आश्रमों में केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि नैतिकता, अध्यात्म, सेवा, देश भक्ति की शिक्षा दी जाती है। इससे संस्कारवान नागरिक तैयार होते है। इन गुणों के विकास के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं है।

### मानव जीवन में चरित्र का विशेष महत्व है : स्वामी शिव रुपानंद महाराज

शाला के सचिव श्रीमद् स्वामी शिव रूपानंद महाराज ने भारत सेवाश्रम संघ के स्थापना के उद्देश्य को बताते हुए सन्यासियों के लिए राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि बताये। इसी भावना को बच्चों में जागृत करने के लिए संस्था द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में चरित्र का बहुत महत्व है। चरित्र के बल पर जीवन के सभी लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। चरित्र की मजबूती से मनुष्यता का निर्माण होता है। प्रणवानंद अकादमी में छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ जीवन के मूल्यों को समझाते हुए कैसे मानव बना जा सकता है, इसके लिए कार्य किए जाते हैं।

### स्कूल की पत्रिका सैल्वेशन का विमोचन

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के कर कमलों से स्कूल पत्रिका (सैल्वेशन) का विमोचन किया गया। पत्रिका का संपादन कार्य ब्रहमचारी अरूणव महाराज के मार्गदर्शन में हुआ था। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किए गए एवं बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। नारी शक्ति (अस्तित्व) पर आधारित विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन हेड बॉय एवं हेड गर्ल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# किसानों से लिया जा रहा था अतिरिक्त धान : जागेश्वर चन्द्राकर



पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद जिले के समर्थन मूल्य धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से मानक वजन से ज्यादा धान तौल में लिया जा रहा है औचक निरीक्षण पर निकले जिला पंचायत सदस्य महासुन्द एवं किसान नेता जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर ने बावनकेरा उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। जहाँ पाया कि किसानों से नये बोरी में 40.600 किलो ग्राम एवं पुराने बोरी में प्रति बोरी 40.700 किलोग्राम के स्थान पर 40.820 किलोग्राम से 40.900 किलोग्राम तक की तौल किया जा रहा था। इस प्रकार प्रति बोरा 120 से 300 ग्राम तक अधिक तौल पाया गया। जागेश्वर जुगनू चंद्राकर ने किसानों को कहा कि तौल पर नजर बनाए रखें, अधिक तौल हुए किसानों को अतिरिक्त तौल को वापस करने कहा गया। साथ ही कहा कि समितियों में नियुक्त अध्यक्षों की जिम्मेदारी है कि किसानों का हो रहे शोषण पर तुरंत अंकुश लगाए।

# अटल ने हमारे प्रदेश का किया निर्माण, उनकी वजह से हम लिख रहे अपने पते में छत्तीसगढ़ का नाम : बृजमोहन अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100 जयंती के अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक्सप्रेस-वे में अटल परिसर का भूमिपूजन किया। साथ ही अटल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के 100 वीं जयंती पर देश में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। अटल ने हमारे प्रदेश का निर्माण किया और उनकी वजह से हम अपने पते पर छत्तीसगढ़ का नाम लिख पा रहे हैं। सासंद अग्रवाल ने कहा कि अटल का देश के विकास में महती भूमिका रही है। वे छत्तीसगढ़ को भी जानते थे कि यहां पर प्राकृतिक सांसधनों से भरपूर है और राज्य बनने के बाद विकास की गति तेज होगी। उनके सपनों को पूरा करने का कार्य अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार कर रही है। अग्रवाल ने कहा कि नवा रायपुर का नाम अटल के नाम पर किया गया है। अब एक्सप्रेस-वे के रास्ते में अटल परिसर बनाया जाएगा। जिसका भूमिपूजन किया गया है। यहां अटल जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी प्रेरणा ले सकेगी। अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब हर क्षेत्र में तरक्की करने लगा है। इस प्रगति से अटल जी का सपना भी पूरा होगा और हमें भी गौवान्वित महसूस होगा। अग्रवाल ने कहा कि अटल परिसर के चारों ओर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना चाहिए। इससे अटल परिसर की पहचान अलग ही नजर आएगी। इस अवसर पर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा कि अटल जी को छत्तीसगढ़ से हमेशा स्नेह रहा है। सोनी ने कहा कि अटल जी जानते थे कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद बस्तर से लेकर सरगुजा तक के लोगों के जीवन में परिवर्तन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके जन्मदिवस को सुशासन दिवस मनाने की घोषणा की थी। मोदी की गारंटी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में पूरा करने का काम भी किया है। इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि अटल का सपना था कि छत्तीसगढ़ हमेशा प्रगति की करें तो उनके सपनों को छत्तीसगढ़ सरकार भी पूरा कर रही है। अटल जी की वजह से छत्तीसगढ़ का नाम देश में रोशन हो रहा है और हर क्षेत्र में प्रगति भी तेजी के साथ कर रहा है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि आज का दिन हमारे के लिए गौरव का दिन है। अटल जी का व्यक्तित्व ही उनकी पहचान थी। उन्होंने कहा कि अटल ने छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रदेश को बनाया है। अटल ने कई पुनीत कार्य किए है। गांव-गांव में सड़कें जुड़ चुकी है। राज्य की उन्नति भी हो रही है।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की नींव रखी। आज का दिन हमें गौरवान्वित करता है और रायपुर में अटल परिसर बनाया गया है, उस चैराहें के चारों तरफसौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएं। इससे चैराहें सुंदर नजर आएं। मूणत ने कहा कि अटल जी का नेतृत्व, दूरदष्टि और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनकी नीतियों और विचारों ने भारत को एक नई दिशा दी है। इस कार्यक्रम में पार्षद मृत्युंजय दुबे, पार्षद सरिता दुबे, जयंती भाई पटेल, नगरीय प्रशासन सचिव बसवराजू एस., कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगरीय प्रशासन के संचालक कुंदन कुमार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# राजभवन में स्व. अटल बाजपेयी की कविताओं का हुआ काव्य पाठ

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राजभवन में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। साथ ही स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की कविताओं का काव्य पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थी। राज्यपाल डेका ने इस अवसर पर कहा कि बाजपेयी विराट व्यक्तित्व, महान वक्ता, जननायक थे। वे एक अत्यंत संवेदनशील व्यक्ति होने के साथ ही अजातशत्रु भी थे। जिनका सभी दलों के लोग बराबर सम्मान करते थे। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने बाजपेयी से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया और कहा कि वे छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं का ध्यान रखते थे और सम्मान करते थे। डेका ने 1978-79 में उनके असम दौरे के संबंध में स्मृतियां साझा की। राज्यपाल डेका ने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में समर्पित करना, उनके मूल्यों और आदर्शों के प्रति हमारी श्रद्धांजलि है। बाजपेयी ने कहा था कि 'सुशासन तभी संभव है जब शासन जनता के प्रति उत्तरदायी हो, पारदर्शी हो, और हर नागरिक के अधिकारों का सम्मान करे।' उन्होंने कहा कि आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलकर हम भारत को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाएंगे। सभी नागरिकों को समान अवसर, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, और न्याय तक हर व्यक्ति की पहुंच हो। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अटल के सपनों का भारत बनाने में अपना योगदान दें। उनकी कविताओं में उनकी आत्मा बोलती थी। उनकी एक प्रसिद्ध कविता हमें प्रेरित करती है 'छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता यह पंक्तियाँ हमें बताती हैं कि सुशासन केवल प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से ही संभव है। राज्यपाल डेका ने भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए बाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि विदेश एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर भारत का मजबूती से पक्ष रखकर उन्होंने देश का मान बढ़ाया।

# विस परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किये गये श्रद्धा सुमन अर्पित



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधान मंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित उनके तैल चित्र पर विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पूर्व प्रधान मंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर आम जन को सस्ते दर पर मिल रही हैं दवाइयां

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा मोदी की गारंटी के अनुरूप राज्य में सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। स्वास्थ्य श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशन में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत सभी जिलों में जन औषधि केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस एवं सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के शासकीय चिकित्सालयों में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ कर उनका संचालन शुरू किया जा रहा है। सुशासन दिवस के मौके पर इसी सप्ताह राज्य में 51 नवीन जन औषधि केंद्रों का संचालन शुरू कर छत्तीसगढ़ की जनता को समर्पित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में नवंबर माह तक 68 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे थे जिनमें दिसबर माह के अंत तक 51 जन औषधि केंद्रों की वृद्धि हो जाएगी। छत्तीसगढ़ मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशन में 26 जनवरी 2025 तक राज्य में 151 जन औषधि केंद्रों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है एवं 31 मार्च 2025 तक राज्य में 200 जन औषधि केंद्रों की स्थापना एवं संचालन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से संबद्ध चिकित्सालयों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य शासकीय अस्पतालों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन अस्पताल प्रबंधन अथवा रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना में शासन द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाईयों के दाम बाजार मूल्य से कम दर पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत खोले गए आउटलेट हैं। जन औषधि केंद्रों का उद्देश्य सभी वर्गों के लोगों को किफायती दामों पर अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां उपलब्ध कराना है। इन केंद्रों पर दवाइयां खुले बाजार की तुलना में 50 फीसदी से 90 फीसदी तक कम कीमत पर उपलब्ध होती हैं।




# धान खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था 50 प्रतिशत केंद्रों पर धान खरीदी बंद : सुशील शुक्ला

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था के कारण 50 प्रतिशत से अधिक धान खरीदी केंद्रों में खरीदी लगभग बंद हो चुकी है। सोसायटियों से उठाव नहीं होने के कारण जाम के हालात है। जगह की कमी होने के कारण सोसायटियां हाथ खड़ा कर रही है, किसान परेशान है, बारदाने की कमी अभी भी बरकरार है, टोकन की परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है, किसान खरीदी शुरू होने के डेढ़ माह बाद भी टोकन के लिये परेशान हो रहे है। खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था से साफ हो रहा है कि सरकार की नीयत पूरा धान खरीदी करने की नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी की गारंटी में वादा किया था किसानों को एकमुश्त भुगतान किया जायेगा तथा ग्राम पंचायतों में काउंटर बनाकर भुगतान होगा। मुख्यमंत्री बताये कितने गांव में धान के भुगतान के लिये काउंटर बनाये गये है। सरकार ने यह घोषणा किया था कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते में रकम हफ्तों तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एकमुश्त 3100 नहीं है, सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विंटल ही आ रहा है (जो समर्थन मूल्य है उतना)। भाजपा ने 3100 रू. एकमुश्त देने का वादा किया था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था।

# सुशासन दिवस पर अटल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर नालंदा परिसर में लगी प्रदर्शनी



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा रायपुर के नालंदा परिसर में दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई हैं। प्रदर्शनी में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की छत्तीसगढ़ से जुड़ी स्मृतियों के साथ-साथ केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में अटल के कार्यकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा छत्तीसगढ़ से जुड़े उनके प्रवास के दुर्लभ छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के जनकल्याण के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की उपलब्धियों की झलक भी प्रदर्शनी में लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य में नक्सल उन्मूलन एवं जनजातीय उत्थान, सामाजिक समृद्धि एवं प्रगति, अधोसंरचना विकास, पर्यटन एवं संस्कृति, नियद नेल्ला नार, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, युवा कल्याण, कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन योजना, छत्तीसगढ़ में युवाओं के लिए संचालित योजनाएं, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, रामलला दर्शन, डिजिटल भारत सहित अन्य योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है।

# प्रयागराज कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन में मिलेगी अधिकाधिक कन्फर्म सीट की सुविधा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाए। उनकी यात्रा सुगम और सुखद रहे। महाकुंभ के दौरान रेलवे के दौरान 3000 स्पेशल गाड़ियां सहित 13000 से अधिक रेल गाड़ियां चलायी जाएंगी। इसी कड़ी में दक्षिण रेलवे से चलाने वाली पांच महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, बालाघाट एवं नैनपुर होकर परिचालन किया जा रहा है ।

महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा तीन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो रायगढ़-वाराणसी, दुर्ग-वाराणसी एवं बिलासपुर-वाराणसी के मध्य तीन फेरे के लिए चलाई जा रही है। 08251/08252 रायगढ़-वाराणसी-रायगढ़ कुंभ मेला स्पेशल, 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253/ 08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है। इन सभी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की जानकारी पहले ही दी जा चुकी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 08530/08529 विशाखपट्टनम-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-विशाखपट्टनम एवं 08562/08561 विशाखपट्टनम-गोरखपुर-विशाखपट्टनम कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। ये गाड़ियां दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ''रायपुर, बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ़, चांपा, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। इन सभी कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की जानकारी दी गयी है। इसी प्रकार दक्षिण रेलवे से चलने वाली पांच महाकुंभ मेले स्पेशल एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गोंदिया, बालाघाट एवं नैनपुर होकर चलाने वाली ट्रेनों की सुविधा का परिचालन गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर एवं जबलपुर होकर किया जाएगा।

# न्यू ईयर सेलिब्रेशन पर हुडदंग पड़ सकता है महंगा, पुलिस ने चेताया



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में यदि न्यू ईयर सेलिब्रेशन पर हुल्लड़ किया या शराब पीकर गाड़ी चलायी तो सीधे हवालात में नया साल गुजारना पड़ेगा, किसी की सिफारिश या दबंगई काम नहीं आने वाली। पुलिस के आला अफसरों ने दो टूक कह दिया है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर रायपुर पुलिस ने होटल और कैफे मालिकों की बैठक ली है। पुलिस ने निर्देश दिए हैं कि, कहीं भी सेलिब्रेशन के बहाने हुड़दंगई न हो। इसके अलावा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ भी नाकेबंदी कर सख्ती से जांच की जाएगी। इस बीच पुलिस चेंकिंग अभियान भी शुरु करने वाली है। समय सीमा व कानून के दायरे में ही अनुमति प्राप्त आयोजन हो सकेंगे। बैठक में रायपुर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह, सिटी एएसपी लखन पटले, एएसपी पश्चिम दौलत राम पोर्ते, सीएसपी सिविल लाईन अजय कुमार शामिल हुए।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403